संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 05 फरवरी 2025 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने राज्यसभा में कहा कि देश के पास भविष्य में किसी भी महामारी और आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है।

# एक्शन इंडिया

वर्षः 30 अंकः 06 पृष्ठः 12 | RNI : 55751/93
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# विकसित भारत 140 करोड़ देशवासियों का सपनाः मोदी

- कई वर्षों तक ऐसे ही काम करते रहेंगेः पीएम नरेंद्र मोदी

**विकास पर बल**

**2014 से पहले यूरिया मांगने पर लाठी पड़ती थीः पीएम मोदी, प्रधानमंत्री ने लोकसभा में राष्ट्रपति के**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में बोल रहे हैं। उन्होंने गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा- कुछ लोग जाति जनगणना की बात कर रहे हैं। कोई बताए इस देश में कभी किसी एससी या एसटी परिवार के तीन सांसद एक समय में हुए हैं। गांधी परिवार से इस समय तीन सांसद हैं। राहुल और प्रियंका लोकसभा में और सोनिया गांधी राज्यसभा में सांसद हैं। पीएम ने राहुल का नाम लिए बिना कहा- गरीबों की झोपड़ी में फोटो सेशन कराने वालों को गरीबों की बात बोरिंग ही लगेगी। राहुल गांधी ने सोमवार को कहा था- राष्ट्रपति का भाषण बोरिंग था। मोदी ने केजरीवाल का नाम लिए बिना कहा- हमने भ्रष्टाचार पर रोक लगाकर देश के बनाया, इस पैसे से शीश महल नहीं बनवाया।

**छोटे उद्योग आत्मनिर्भर भारत के प्रतीकः पीएम**

**एमएसएमई** बहुत बड़ी संख्या में रोजगार लाता है। ये छोटे उद्योग आत्मनिर्भर भारत के प्रतीक हैं। हमारा एमएसएमई सेक्टर योगदान दे रहा है। इन्हें सरलता, सहूलियत और संपर्क दे रहे हैं। मिशन मैन्युफैक्चिरिंग शुरू किया है। इसमें सुधार के लिए 2006 में इसके लिए एक क्राइटेरिया बना था। हमने 10 साल में इसे अपडेट करा। हर तरफ उन्हें आर्थिक सहायता दी जा रही है। कोविड के समय एमएसएमई को विशेष बल दिया गया। हमने खिलौना उद्योग को बढ़ावा दिया, कपड़ा उद्योग को कैश फ्लो की कमी नहीं होने दी। बिना किसी गारंटी लोन दिया। नौकरियां बढ़ीं। छोटे उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी कवरेज की दिशा में कदम उठाए।

**देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता**

हमें और बढ़े लक्ष्य पार करके रहेंगे। ये तो अभी हमारी तीसरी ही टर्म है। हम देश की आवश्यकता के अनुसार आधुनिक भारत बनाने के लिए आने वाले अनेक वर्षों तक जुटे रहने वाले लोग हैं। मैं सभी दलों से आग्रह करता हूं कि अपनी अपनी राजनीतिक विचारधाराएं होंगे, लेकिन देश से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है। मिलकर विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे। देश विकसित होगा, हमारे बाद की जो पीढ़ियां होंगी। कहेंगी कि 2025 में एक संसद थी, जिसका हर सांसद देश को विकसित बनाने के लिए काम कर रहा है।

**विकसित भारत 140 करोड़ देशवासियों का सपना**

विकसित भारत का सपना सरकारी सपना नहीं, 140 करोड़ देशवासियों का सपना है। दुनिया में उदाहरण हैं।

# गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं राहुल गांधीः राजनाथ सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः लोकसभा में** विपक्ष के नेता राहुल गांधी के चीन को लेकर किए गए दावे पर सियासी बवाल मच गया। अब उनके इस बयान पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह 'गहरे अफसोस की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैं। उन्होंने कहा, वो झूठ बोल रहे हैं।



राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान विपक्ष के नेता ने कल कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी, जिसमें उन्होंने इस बात से इनकार किया था कि चीनी सेना हमारे क्षेत्र के अंदर हैं। उन्होंने कहा, सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के बयानों के विपरीत है राहुल गांधी का बयान। सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्री ने लिखा- सेना प्रमुख की टिप्पणी में केवल दोनों पक्षों की तरफ से पारंपरिक गश्त में व्यवधान का उल्लेख था।

**झूठ बोल रहे**

**गहरे अफसोस की बात है कि राहुल गांधी राष्ट्रीय हित के मामलों पर गैरजिम्मेदार राजनीति में लिप्त हैंः सिंह**

# पूर्व सरकार ने संस्थानों की संख्या बढ़ाई, सुविधाएं नहीं जुटाईः सुक्खू




**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने मंगलवार को विधायक प्राथमिकता बैठकों के दूसरे दिन के पहले सत्र में शिमला और मंडी जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायक भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सुझाव दें, ताकि हिमाचल प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि विधायकों के सुझावों को बजट में प्राथमिकता दी जाएगी। विधायकों को जनता चुनकर भेजती है इसलिए वह जन समस्याओं के वाकिफ होते हैं। सुक्खू ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में वर्तमान राज्य सरकार का विशेष ध्यान है।

**चर्चा**

**पहले सत्र में शिमला और मंडी जिला के विधायकों के साथ उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा की**

पिछले दो वर्षों के दौरान इन दोनों क्षेत्रों में सुधार के लिए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं और आने वाले समय में और बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए पूर्व में नए संस्थान खोलने पर जोर रहा लेकिन संस्थानों में सुविधाएं जुटाने और उन्हें मजबूत बनाने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।

# राहुल गांधी देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहेः निशिकांत दुबे

**घेरा**

**चार बार सांसद रहे राहुल गांधी देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैंः निशिकांत दुबे**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः संसद** में बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति अभिभाषण पर चर्चा करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सरकार से कई सवाल पूछे। हालांकि, उन्हें अपने भाषण के दौरान कई ऐसी बातें कही, जिस पर सत्ता पक्ष ने सवाल खड़े किए हैं। इतना ही नहीं भाषण के दौरान राहुल गांधी को टोकते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि आप जो बात बोल रहे हैं उनको ऑथेंटिकेट कीजिए। लोकसभा सदस्य निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के भाषण के ऐसे छह मुद्दे गिनाएं जो तथ्यात्मक तौर पर सही नहीं है। निशिकांत दुबे ने कहा कि चार बार सांसद रहे राहुल गांधी देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान का आर्टिकल 5 के तहत सदन में फ्री और फेयर चर्चा का अधिकार दिया है। राहुल गांधी इस अधिकार का दुरुपयोग कर रहे हैं।

**निशिकांत दुबे ने पूछे कई सवाल**

निशिकांत दुबे ने कहा कि सबसे पहले मैं फोन का जिक्र करना चाहता हूं। भाषण के दौरान राहुल गांधी ने कहा था कि दिस फोन इस मेड इन इंडिया, दिस फोन इस असेंबल्ड इन इंडिया। कांग्रेस ने किस तरह देश को विदेशियों के हाथ गिरवरी रख दिया था उसकी एक कहानी सुनाता हूं। ये बात आईटीए वन की है। उस समय पी चिदंबरम देश के वित्त कॉमर्स मिनिस्टर हुआ करते थे। 1996- 1997 में इंटरनेशनल टेलीकॉम अग्रीमेंट1 वन आया। उस समय केवल 14 देशों ने ही इस एग्रीमेंट पर साइन किया था। चीन उसमें नहीं था।

# हरियाणा में निकाय चुनाव के लिए 2 मार्च को होगा मतदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़। ह**रियाणा राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में शहरी निकाय चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी धनपत सिंह द्वारा की गई घोषणा के अनुसार 2 मार्च को मतदान होगा जबकि 12 मार्च को नतीजे आएंगे। धनपत सिंह ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि नामांकन 11 फरवरी से शुरू होगा, जो 17 फरवरी तक चलेगा।चुनाव कार्यक्रम की घोषणा से पहले ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भाजपा निकाय चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पुनर्मतदान 9 मार्च को होगा। 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। इस दौरान कोई भी स्थानांतरण नहीं हो पाएगा। यदि कोई स्थानांतरण जरूरी होगा तो उसके लिए आयोग से अनुमति लेनी होगी।

# पीएम इंटर्नशिप योजना नौकरी नहीं, अनुभव के लिएः निर्मला सीतारमण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः केंद्रीय वित्त एवं** कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) का उद्देश्य नौकरियां प्रदान करना नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करने और उन्हें कौशल प्रदान करना था।उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप या एक्सपोजर प्राप्त करने की अनुमति देना चाहती है। इसके बाद वे नौकरी की तलाश में बेहतर स्थिति में होंगे। वित्त मंत्री ने प्रश्नकाल के दौरान राज्य सभा में पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए सदन को बताया कि पिछले साल शुरू हुई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत उद्योगों ने 1.27 लाख अवसर प्रदान किए हैं। फिर संभावित



**उद्देश्य**

**पीएमआईएस का उद्देश्य नौकरियां प्रदान करना नहीं था, बल्कि युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करना था**

उम्मीदवारों से आवेदन करने के लिए कहा गया और उसके बाद उन्हें अपने राज्य के भीतर चयन करने का अवसर प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि दूसरा पायलट प्रोजेक्ट इस साल जनवरी से शुरू हुआ है। करीब 80 और कंपनियां ऑफर लेकर आई हैं। देश के सभी जिलों में इस कार्यक्रम के तहत 743 से अधिक जिलों में युवाओं को नौकरी दिलाने में सफलता मिली है। सीतारमण ने सदन को बताया कि सरकार बहुत सारे जागरुकता अभियान चला रही है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत समय दे रही है कि ज्यादा से ज्यादा युवा इस बारे में जानें। हम उन उम्मीदवारों से भी बात कर रहे हैं, जिन्होंने इस प्रस्ताव को स्वीकार किया है और उन्हें अपने अनुभव के बारे में बता रहे हैं।

उन्होंने सभी सांसदों से अनुरोध किया कि वे अपने-अपने राज्यों और निर्वाचन क्षेत्रों में उन युवाओं से सक्रिय रूप से जुड़ें, जो प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना से लाभ उठाना चाहते हैं।

# भारत और फ्रांस 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों का सौदा पूरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारत और फ्रांस 26 राफेल समुद्री लड़ाकू विमानों के लिए 7 अरब यूरो का सौदा पूरा करने के करीब पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10-11 फरवरी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करने के लिए फ्रांस जाएंगे। वह फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे। इस दौरान दोनों पक्ष सौदे की घोषणा कर सकते हैं। इस साल अप्रैल में फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकॉर्नू की भारत यात्रा के दौरान इस सौदे पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। भारतीय नौसेना ने स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत के लिए बोइंग एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट की जगह फ्रांसीसी राफेल मरीन को चुना है। भारत और फ्रांस के बीच इस बारे में लम्बे समय से चल रही बातचीत पूरी हो चुकी है।








ACTION INDIA
नई दिल्ली, 05 फरवरी 2025
साप्ताहिक एक्शन इंडिया
http:// www.actionindialive.com

# रामचरितमानस से लेकर भगवद् गीता का बढ़ा जुनून

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत मंडपम में चल रहा अंतराष्ट्रीय पुस्तक मेला परवान पर है। किताबों के इस महाकुंभ में हर उम्र के लोगों में उत्साह है। पुस्तक प्रेमी शब्दों के सागर में डुबकी लगा रहे हैं। सोमवार को मेले में करीब 60 हजार पुस्तक प्रेमी पहुंचे। तीन दिन में तीन लाख पुस्तक प्रेमी मेले में पहुंचे। डिजिटल युग में युवा रामचरित्रमानस, भगवद्गीता और वेद-पुराण सहित अन्य धार्मिक पुस्तकों के प्रति रुझान दिखा रहे हैं। सबसे अधिक पाठकों की संख्या गीता प्रेस, धार्मिक व आध्यात्मिक पुस्तकों के स्टॉल पर जुट रही है। प्रकाशक कई पुस्तकों पर छूट भी दे रहे हैं। मेले में महाकुंभ पर लिखी गईं पुस्तकों की सबसे अधिक मांग है। इससे संबंधित पुस्तकों में भारत में कुंभ, वॉइस ऑफ गंगा, ए विजिट टू कुंभ काफी चर्चा में हैं। गीता प्रेस के स्टॉल पर युवाओं की भारी भीड़ जुट रही है। गीता प्रेस पर युवा दो रुपये की हनुमान चालीसा से लेकर 1600 रुपये तक की रामायण खरीद रहे हैं। इसके



अलावा अन्य स्टॉलों पर भी भीड़ रही।

**युवा लेखक अपनी लिखी पुस्तकों के साथ पहुंचे**
मेले में युवा लेखक भी अपने धर्म व अध्यात्म का प्रचार करने के लिए अपनी लिखी पुस्तकों के साथ पहुंच रहे हैं। लेखक अंतर ने बताया कि सनातन धर्म की खूबसूरती का प्रचार करने के लिए यह एक अच्छा मंच है। उन्होंने धार्मिक, आध्यात्मिक व पौराणिक ग्रंथों पर कई किताबें लिखी हैं। उधर, मेले में प्रभात प्रकाशन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर विशेष पुस्तकें लाया है। इस अवसर पर द्रौपदी मुर्मू पर केंद्रित प्रभात प्रकाशन की अंग्रेजी पुस्तक "डॉटर ऑफ द सोल : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू" पाठकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। निदेशक पीयूष कुमार ने बताया कि उनका प्रकाशन इससे पहले हिंदी में द्रौपदी मुर्मू की जीवनी "राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू : बदलते भारत का प्रतिबिंब" भी प्रकाशित कर चुका है।

पुराने दौर की यादों को ताजा कर रहीं कॉमिक्स
चाचा चौधरी से लेकर चंटू-बंटू के चुटकुलों की कॉमिक्स पुराने दौर की यादों को ताजा करने का काम कर रही हैं। कैप्टन ध्रुव व नागराज जैसे सुपरहीरो, फैटम, अंकुर, पिंकी, जंगल लव, टिंकल, नंदन, बाल हंस, चंपक, अकबर और बीरबल, पंचतंत्र, चंदामामा और नन्हें सम्राट समेत अन्य कॉमिक्स की पुरानी व नई प्रतियां मेले में खूब बिक रही हैं।

# ईंट से पीटकर युवक की हत्या की, खाली प्लॉट में शव मिला

**लोनी।** गाजियाबाद के लोनी स्थित अंकुर विहार थाना क्षेत्र के आकाश विहार कॉलोनी में मंगलवार शाम खाली प्लॉट में युवक की ईंट से पीटकर हत्या कर दी। आसपास के लोगों ने शव देखकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। मृतक घटनास्थल के आसपास एक कारखाने में काम करता था। जब्बार गार्डन कॉलोनी थाना अंकुर विहार में अबरार (34) परिवार के साथ रहते थे। वह आकाश विहार कॉलोनी स्थित




कारखाने में काम करते थे। मंगलवार शाम उनका शव उनके कारखाने में कुछ दूरी पर खाली प्लॉट में मिला। एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई है।
उन्होंने किसी पर कोई शक जाहिर नहीं किया है। घटना के पीछे की वजह जानने के लिए पुलिस जांच कर रही है। मृतक के चेहरे को ईंट से पीटा गया है।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-सी-2025-20 दिनांकः 31.01.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** बीना जंक्शन-वीरांगना लक्ष्मीबाई (अप एंड - डाउन) टीएफआर - 86.26 टीकिमी. टीटीआर (टीएसआर) - 35 सेट एंड अदर मिस्लेनियस पी. वे वर्क।

**अनुमानित लागत (रू):** ₹21388530.42 | **अमानत राशिः** ₹ 257000.00

**निविदा बन्द होने की तिथि: 28.02.2025 at 15:00 hrs.**

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह

- निविदा **दिनांक 28.02.2025** को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।

223/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा उर्फ अभि, पुत्रः** श्री मनीष मिश्रा, **पताः** मकान नं. ई–224, गली नंबर 5, सुभाष विहार, नॉर्थ घोंडा, भजनपुरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 304/2024, U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः वजीराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा उर्फ अभि** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा उर्फ अभि** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 304/2024, U/s 25/54/59 Arms Act, थानाः वजीराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अभिषेक मिश्रा उर्फ अभि** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री चतिन्दर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी – 07
कमरा सं. 32, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/1307/N/2025 (Court Matter)



## उत्तर रेलवे

**खुली ई–निविदा सूचना**

**निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt-/05 दिनांक: 04.02.2025**
मुख्य विद्युत अभियंता / परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल / संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।
**निविदा संख्या : NR-Proj-UMB-25003A**
**कार्य का नामः–** "उत्तर रेलवे के फिरोजपुर और जम्मू (नवगठित) डिवीजन (213 आरकेएम / 426 टीकेएम) के जालंधर कैंट–जम्मू तवी खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"।

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने तिथि | प्री–बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 109.18 करोड़ | 56,09,200/- | 24 | Nil | 07.03.2025 at 15:00 Hrs | 07.03.2025 at 15:30 Hrs | हाँ |
| **बिडिंग प्रणाली** | **बिडिंग टाइप** | **स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू** | **प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचः एमएम)** | **मिनिमम डीक्रिमेंटः %** | **सब्सिकुयट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचः एमएम)** | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.20 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृति :** "50 हर्ट्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2x25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"
निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई–टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि / धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आई.आर.ई.पी.एस.) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदा कर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।
**नोटः–** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड की जा सकती हैं। 393/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी विजय, पुत्र** श्री दीनदयाल, **पताः** मकान नं. सीएन–242 राजापुर गांव सैक्टर–9 रोहिणी, **दिल्ली FIR No. 195/2020, U/S: 188 IPC, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय,** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **विजय, FIR No. 195/2020, U/S: 188 IPC, पुलिस थानाः नॉर्थ रोहिणी, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
उत्तर पश्चिम कमरा नं. 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/812/RD/2025 (Court Matter)



## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय, पुत्र श्री राज कुमार निवासी वार्ड नं. 9, अनाज मंडी के सामने, खरखौदा, जिला सोनीपत, हरियाणा** ने **FIR No. 125/2021, U/S 33/35 Delhi Excise Act,** अन्तर्गत **थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विजय,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।
अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 125/2021, U/S 33/35 Delhi Excise Act, अन्तर्गत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विजय,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री रीतिका जैन
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
उत्तर–परिचम, कोर्ट नंबर 105
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/1364/OD/2025 (Court Matter)


## नोएडा एयरपोर्ट से अप्रैल में उड़ान की घोषणा पर मुहर

**नोएडा:** जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नियमित परिचालन इस साल अप्रैल से शुरू होगा। यह न सिर्फ भारत बल्कि एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। नागरिक उड्डयन मंत्री केआर नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान अनुपूरक प्रश्नों का जवाब देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, एयर इंडिया और इंडिगो सहित सभी एयरलाइन कंपनियां नोएडा एयरपोर्ट से कनेक्टिविटी में सुधार के लिए बहुत उत्साहित हैं। राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर के सवाल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह देश ही नहीं एशिया का भी सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। यह दिल्ली एयरपोर्ट के बोझ को कम करेगा। जेवर एयरपोर्ट बनने से एक लाख नए रोजगार सृजित होंगे। मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी उड़ान योजना के तहत जेवर एयरपोर्ट का निर्माण किया जा रहा है। इसका लक्ष्य देश के छोटे शहरों को बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है।


## उत्तर रेलवे

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / माल भाड़ा, दिल्ली डिवीज़न, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र स. 2022 / टीसी(एफएम) / 10 / 04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार **दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली** निम्नलिखित ट्रेनों में **एसएलआर और पार्सल वान** (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को **02 वर्षों** के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के **ई–नीलामी** मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है :

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 06.02.2025 को 10:30 बजे | 15060 (F1, R1), 12459 (F1), 14089 (F1, F2, R1), 14087 (F1, F2, R1), 15035 (F2), 22472 (F1, F2, R1), 12015 (F1), 14316 (F2), 12050 (F1), 04304 (F1, F2, R1). |
| 2. | 07.02.2025 को 10:30 बजे | 12265 (F1), 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 14035 (F1, F2, R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2, R1), 14681 (F1), 20473 (F1, R1), 22168 (F1, F2), 22401 (F1). |
| 3. | 12.02.2025 को 10:30 बजे | 14041 (R1) (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 12918 (F1), 20946 (F1), 22429 (F1), 12457 (F1, F2 & R1), 20914 (F1), 12963 (F1) (सोमवार, मंगलवार और शुक्रवार), 12963 (F1) (बुधवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार), 12191 (F1 & F2), 22463 (F1) 19338 (F1). |
| 4. | 13.02.2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर **प्रत्येक गाड़ी में** - 12226/12225, 12236/12235, 12264/12263, 12284/12283, 12425/12426, 12432/12431, 12442/12441, 12445/12446, 12454/12453, 12488/12487 (सोमवार, मंगलवार और गुरुवार), 20408/20407, 22420/22419, 22428/22427, 22429/22430, 22434/22433, 22460/22459 तथा 01 VP (23 टन) राउंड ट्रिप पर **गाड़ी संख्या** : 22418/22417. |
| 5. | 14.02.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार के लिए), 12191 (R1), 14014 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22986 (F1) |
| 6. | 18.02.2025 को 10:30 बजे | 12455 (F1), 12284 (F1), 22454 (F2), 12428 (F1) (सोमवार), 14041 (F1), 12148 (F1), 14053 (F2), 12148 (F2), 12011 (F1), 12448 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 22454 (R1 & F1), 12031 (F1), 12034 (F1), 14305 (F1), 12045 (F1), 14305 (R1 & F2), 12013 (F1), 14303 (F1), 14212 (F1), 12066 (F1), 12029 (F1), 14303 (R1 & F2). |

**महत्वपूर्ण सूचना: 1.** ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। **2. धरोहर राशि जमा (ईएमडी):** नीलामी के दौरान कुल संविदात्मक बोली मूल्य का **5%** ऑनलाइन जमा किया जाना है। सफल बोलीदाता की ईएमडी सुरक्षा जमा के रूप में रखी जाएगी। **3.** निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः "संशोधित" रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है: **a.** 04304 (F1, F2 & R1), **b.** 12265 (F1), **c.** 22401 (F1), **d.** 14041 (F1, R1), **e.** 12918 (F1), **f.** 22454 (F1, F2, R1).
**4.** रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओं / अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तों के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधों के बीच में ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध में, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 383/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर मध्य रेलवे

ई निविदा संख्याः सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट-576 दिनांकः 31.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिये उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये मुहरबन्द खुली निविदायें आन लाइन ( ई टेंडरिंग) निर्धारित प्रपत्र पर आमन्त्रित की जाती हैं।

**कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल में स्टेशनों (यानी लूसा, खैराही और सोनभद्रा) पर पूर्ण सिग्नलिंग और टेलीकॉम इनडोर और आउटडोर कार्यों के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की आपूर्ति, डिजाइनिंग, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और चुनार-चोपन डबल लाइन के संबंध में कर्मा और पसाहिकला स्टेशन पर मौजूदा ईआई में बदलाव।

**कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 300634021.82 (तीस करोड़ छह लाख चौंतीस हजार इक्कीस और बयासी पैसे मात्र)। **धरोहर राशिः** ₹ 1653200.00 (रु. सोलह लाख तिरपन हजार दो सौ मात्र)। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 11 माह। **निविदा जमा होने की अन्तिम तिथिः** 24.02.2025 समय 15:00 बजे तक जमा होगा। **निविदा खुलने की तिथिः** 24.02.2025 समय 15:30 बजे खुलेगा।

निविदा संबंधी पूर्ण जानकारी हेतु भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 215/25(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in



## उत्तर रेलवे

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 28.02.2025 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) | सहायक मंडल अभियंता / सम्पदा–I के अधीन वरिष्ठ खंड "अभियंता / तीस हजारी के कार्य क्षेत्र में टाइप– I और II क्वार्टर में स्टाफ क्वार्टर, शौचालय, स्नानघर, रसोई और कमरे के फर्श की टपकती छत की मरम्मत और ब्लॉक नंबर 36 से 41 के एससीआई स्टैक को पीवीसी स्टैक में बदलना कार्य हेतु। | | |
| | (बी) | सहायक मंडल अभियंता / सम्पति– I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / पहाड़ गंज के कार्य क्षेत्र मे बाहरी प्लास्टर की मरम्मत, बीम, छज्जा, बालकनी, सनशेड आदि की मरम्मत और एससीआई और जीआई स्टैक की मरम्मत के प्रावधान हेतु। | | |
| | (सी) | सहायक मंडल अभियंता / सम्पदा– I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / तीस हजारी के कार्य क्षेत्र मे सलीम गढ़, गैस फैक्ट्री एवं मोर सराय के अति सघन क्षेत्र में अतिक्रमण रोकने के लिए चारदीवारी का निर्माण कार्य हेतु। | | |
| | (डी) | सहायक मंडल अभियंता / सम्पदा– I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / टी.सी.के कार्य क्षेत्र मे करनैल सिंह स्टेडियम में 100 बेड की छात्रावास का निर्माण कार्य हेतु। | | |
| | (इ) | सहायक मंडल अभियंता / सम्पदा–III के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र मे तिलक ब्रिज रेलवे कॉलोनी में लकड़ी के दरवाजे, खिड़की की मरम्मत, जाफरी और सुरक्षा गेट का प्रतिस्थापन और राष्ट्रीय गांधी दर्शन संग्रहालय, राजघाट में विंटेज हेरिटेज कोच के लिए प्लेटफॉर्म / पोडियम प्रदान करना और बड़ौदा हाउस परिसर की चारदीवारी की मरम्मत कार्य हेतु। | | |
| | (एफ) | सहायक मंडल अभियंता / सम्पति– I के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता / पहाड़ गंज के कार्य क्षेत्र मे पी.के. रोड रेलवे कॉलोनी में बाहरी सफेदी और पेंटिंग आदि कार्य हेतु। | | |
| अनुमानित लागत | (ए) | रूपये 7999984.46 | (बी) | रूपये 9999997.63 |
| | (सी) | रूपये 7985408.00 | (डी) | रूपये 22410273.99 |
| | (इ) | रूपये 19499966.32 | (एफ) | रूपये 9999998.78 |
| धरोहर राशि | (ए) | रूपये 160000.00 | (बी) | रूपये 200000.00 |
| | (सी) | रूपये 159700.00 | (डी) | रूपये 262100.00 |
| | (इ) | रूपये 247500.00 | (एफ) | रूपये 200000.00 |
| समापन अवधि | (ए) | 06 महीने | (बी) | 06 महीने |
| | (सी) | 06 महीने | (डी) | 09 महीने |
| | (इ) | 06 महीने | (एफ) | 06 महीने |

1. निविदा दिनांक 28.02.2025 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। संख्याः 128–डब्लयू / 269 / ओ.ई.टी / निविदा सूचना / 24–25 / डब्लयू–ई / टेंडर न. 21 (ए. बी. सी. डी. इ. ऍफ.) दिनांकः 04.02.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 395/25


## संजय सिंह की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ओर से दायर की गई याचिका पर फैसला कोर्ट की ओर से सुरक्षित रख लिया है। आप सांसद की जमानत शर्तों में संशोधन और राजनयिक पासपोर्ट जारी करने की याचिका पर सुनवाई की। वहीं दूसरी तरफ प्रवर्तन निदेशालय ने इस याचिका का विरोध किया।


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।









# आज डाले जाएंगे 70 विधानसभा सीटों पर वोट

## लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं 5 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 5 फरवरी को सिंगल फेज में वोटिंग होगी। लोकसभा चुनाव में इंडिया ब्लॉक का हिस्सा रहीं 5 पार्टियां एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। इनमें आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सभी 70 सीटों पर आमने-सामने हैं। वहीं, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया ने 6, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्किसस्ट और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया- मार्किसस्ट लेनेनिस्ट ने 2-2 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने 68 सीटों पर कैंडिडेट उतारे हैं। दो सीटें सहयोगी पार्टियों को दी हैं। इसमें जनता दल- यूनाइटेड ने बुराड़ी और लोक जनशक्ति पार्टी- रामविलास ने देवली सीट से प्रत्याशी उतारे हैं। महाराष्ट्र में भाजपा की सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी 30 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। शिवसेना प्रमुख और महाराष्ट्र के डिप्टी उट एकनाथ शिंदे ने सभी सीटों पर भाजपा को समर्थन दिया है। इसके अलावा बहुजन समाज पार्टी 70 और असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तिहादुल मुस्लिमीन 12 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए प्रचार अभियान सोमवार शाम को समाप्त थम गया और अब ना सिर्फ दिल्ली की बल्कि पूरे देश की निगाहें 70 विधानसभा सीट वाली दिल्ली चुनाव पर टिक गई है। दिल्ली में बुधवार 5 फरवरी को मतदान है। वहीं पर इस चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। इस बार के चुनाव को माना जा रहा है कि त्रिकोणीय मुकाबला होगा। जबकि बीते दो चुनाव (2015 और 2020) में लड़ाई भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच ही देखी गई। ये बात अलग ही कि चुनाव परिणाम में आप को एकतरफा जीत मिली थी। दिल्ली में आप के आने से पहले कांग्रेस ने 15 सालों तक दिल्ली पर राज किया। वहीं पर बीजेपी बीते 27 सालों से सरकार बनाने को तरस रही है।





### क्या होती है वीवीपैट मशीन?

**वीवीपैट** यानी वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल इस बात की तस्दीक करेगा कि मतदाता ने जिस उम्मीदवार को वोट किया है वह उसी के खाते में जाए। हालांकि, ईवीएम चुनाव कराने का एक सुरक्षित माध्यम है तो इसमें भी आपका वोट आपके पसंदीदा उम्मीदवार को ही जाता है। वीवीपैट एक और जरिया है, जिससे आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आपका वोट सही जगह गया है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर अपना वोट डालने के बाद वीवीपैट वोट का एक प्रिंटआउट तैयार करता है। जिसमें उम्मीदवार की फोटो, पार्टी का प्रतीक और सीरियल नंबर शामिल होता है। यह प्रिंटआउट सात सेकंड के लिए दिखाई देता है ताकि मतदाता जांच और परख ले साथ ही पुष्टि कर ले कि उसका वोट दर्ज हो गया है। यदि कोई गड़बड़ी पाई जाती है तो मतदाता इसकी सूचना पीठासीन अधिकारी को दे सकता है। जिसके बाद जांच किया जाएगा। इस दौरान अगर कुछ गड़बड़ी पाई जाती है तो मतदान रोक कुछ समय रोक दिया जाता है।

**दिल्ली के मतदाता आंकड़े:**

दिल्ली में कुल मतदाताओं की संख्या 1 करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 है। इसमें 83 लाख 49 हजार 645 पुरुष, 71 लाख 73 हजार 952 महिलाएं, और 1261 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। पिछले कुछ महीनों में महिला और पुरुष मतदाताओं की संख्या में मामूली बढ़ोतरी हुई है, और ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या में भी 30 का इजाफा हुआ है। मतदान करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आपका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज है और मतदान केंद्र जाते समय अपने पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड और वोटर आईडी को साथ ले जाना न भूलें।

# दिल्ली सरकार ने गरीबों को नही बांटे फ्लैट: मालीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: राज्यसभा** सदस्य स्वाति मालीवाल ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के झुग्गीवासियों से किए वादों पर सवाल खड़े किये हैं। उन्होंने कहा कि प्रचार की भूख के चलते उन्होंने गरीबों को फ्लैट नहीं बांटे और आज ये फ्लैट खंडहर हो गये हैं। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर खंडहर हो रहे फ्लैट्स का वीडियो साझा कर कहा है कि केंद्र सरकार की स्कीम के तहत 2007 से 2012 तक 52 हजार फ्लैट गरीब लोगों झुग्गी वालो के लिए बन कर के तैयार किए गए थे। दस साल से इनमें से केवल चार हजार फ्लैट गरीबों को आवंटित किए गए। वहीं 48 हजार फ्लैटों का आवंटन गरीबों को नही किया गया। इसके पीछे कारण यह था कि केंद्र सरकार की वाहवाही न हो जाए। इन मकानों को केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार ने मिलकर के बनाया है लेकिन अरविंद केजरीवाल इसको अपने नाम से प्रचार करना चाहते है। इस स्कीम में 11 सौ करोड़ रुपये केंद्र



**साधा निशाना**

**▶▶ प्रचार की भूख के चलते उन्होंने गरीबों को फ्लैट नहीं बांटे और आज ये फ्लैट खंडहर हो गये हैं**

सरकार के लगने थे, 990 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार के लगने थे और तीन सौ करोड़ लभार्थियों के लगने थे। लेकिन फिर भी केजरीवाल ने गरीबों के लिए काम नही किया। स्वाति मालीवाल ने कहा कि केजरीवाल चाहते थे इस स्कीम का प्रचार उनके नाम से हो और योजना को मुख्यमंत्री आवास योजना नाम देकर फ्लैट बांटे जाएं।

# हंगामे को लेकर मुख्यमंत्री आतिशी व उनके समर्थकों पर केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गोविंदपुरी इलाके में सोमवार की रात हुए हंगामे को लेकर दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री आतिशी और उनके समर्थकों के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। इसकी जानकारी खुद मुख्यमंत्री ने दी है। पुलिस ने बताया कि आतिशी अपने काफिले के साथ रात में निकली थीं, प्रचार की अवधि खत्म होने के बाद ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन है। पुलिस ने जब इस दौरान वीडियो बनाया तो आतिशी के समर्थकों ने विरोध किया। इस दौरान कार्यकताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई। दिल्ली पुलिस ने आतिशी के कार्यकर्ता के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार पुलिस ने दो मामले दर्ज किए हैं। एक मामला आतिशी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का दर्ज हुआ है। दूसरा आतिशी के समर्थकों के खिलाफ हुआ है। क्योंकि उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की और चुनाव आयोग के सदस्य बनकर रमेश बिधूड़ी के भतीजे का रास्ता रोका था। रमेश बिधूड़ी के भतीजे के खिलाफ भी पुलिस ने कलंदरा (एनसीआर) दर्ज की है। आतिशी ने केस दर्ज होने के बाद सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि ह्यचुनाव आयोग भी गजब है। रमेश बिधूड़ी के परिवार के सदस्य खुले-आम आचार संहिता का उल्लंघन कर रहे हैं।



# ठगी के मामले में हिमाचल प्रदेश से आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** व्हाट्सएप कॉल के जरिए अश्लील वीडियो बना कर ठगी करने वाले एक बदमाश को हिमाचल प्रदेश से द्वारका जिला पुलिस की साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित अमित कुमार को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को पहाड़ों पर कई किलोमीटर तक ट्रेकिंग करनी पड़ी। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने बताया कि 12 अगस्त को साइबर थाना पुलिस को ठगी की शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता युवती ने बताया कि उसे अज्ञात नम्बर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल आई थी। पीड़िता ने जवाब देने के लिए कॉल उठाया तो सामने भी एक लड़की थी, लेकिन 5 से 6 सेकंड के बाद कॉल अपने आप ही कट गई।

# चुनाव: पुलिस, अर्धसैनिक बल, 10 राज्यों के 82 हजार जवान तैनात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। दिल्ली पुलिस, अर्ध सैनिक बल व 10 राज्यों के 82 हजार से ज्यादा जवान ने दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था संभाली ली है। दिल्ली पुलिस ने शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए खास रणनीति तैयार की है। दिल्ली पुलिस ने अपनी 19 हजार की जवान फोर्स अपने पास रखी है। ये फोर्स रिजर्व रहेगी। इसको दिल्ली के विभिन्न जिलों में रिजर्व में रखा गया है। जहां भी तनावपूर्ण स्थिति होगी रिजर्व फोर्स मौके पर तुरंत पहुंचकर स्थिति को संभालेगी। मतदान वाले दिन हवाई मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। दिल्ली पुलिस के दिल्ली विधानसभा चुनाव के नोडल अफसर विशेष पुलिस आयुक्त देवेश श्रीवास्तव ने बताया कि दिल्ली पुलिस को केंद्रीय गृहमंत्रालय से फोर्स की 220 कंपनियां मिलीं हैं। इनमें 150 कंपनियां पैरा-मिलिट्री फोर्स की, उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान समेत 10 राज्यों से 70 कंपनियां मिली हैं। इन फोर्स को मतदान गणना से 48 घंटे पहले तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य राज्यों से आए होम गार्ड मतगणना केंन्द्र में लगने वाली लाइनों को संभालेंगे। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया कि जिन पोलिंग स्टेशन में 9 से ज्यादा पोलिंग बूथ हैं वहां पर सहायक पुलिस आयुक्त(एसीपी) और ज्यादा पांच व उससे ज्यादा पोलिंग बूथ हैं वहां पर सुरक्षा व्यवस्था को इंस्पेक्टर संभालेंगे। मतदान वाले दिन हवाई मार्ग भी परिवर्तन किया जाएगा। दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस आयुक्त के लिए 19 हजार जवानों की फोर्स रिजर्व रखी है। ये पुलिस आयुक्त के आदेश पर मूव करेगी।



**अलर्ट**

**▶▶ दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए दिल्ली पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई , सुरक्षा चाक चौबंद**

इनमें यूपी की नौ कंपनियां व राजस्थान की पांच कंपनियां शामिल हैं।

**पुलिसकर्मियों को ये आदेश दिए गए हैं**

**भीड़ एकत्रित न होने देना।**

**किसी भी तरह का झगड़ा नहीं होने देना।**

**सभी के पहचान पत्र की जांच करना।**

**पोलिंग स्टेशन से लोगों को दूर रखना।**

**होटल, गेस्ट हाउस व पुराने वाहनों की चेकिंग।**

# स्कूल बस में पांच वर्षीय मासूम के साथ यौन शोषण, आरोपी फरार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दक्षिणी दिल्ली के एक निजी स्कूल की बस में पांच वर्षीय मासूम के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया है। बस में मौजूद अज्ञात लड़के से अगस्त 2024 में वारदात को अंजाम दिया था। सितम्बर 2024 में पुलिस ने बीएनएस की धारा 75(2) और पाक्सो अधिनियम की धारा 10 के तहत केस भी दर्ज किया था। लेकिन 3 फरवरी को परिजनों ने फिर से स्कूल में शिकायत की है। फिलहाल ग्रेटर कैलाश थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बच्ची अपने परिवार के साथ वसंत विहार इलाके में रहती है। वह दक्षिणी दिल्ली के एक बड़े स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ाई कर रही है। बच्ची के परिजनों ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उन्होंने बच्ची व्यवहार में बदलाव देखा। बच्ची भगवान की कसम और सीक्रेट प्रॉमिस सहित कई अपत्ति जनक शब्दों का इस्तेमाल कर रही थी। परिजनों ने इस तरह के शब्द सुनकर बच्ची से बातचीत की तो बच्ची ने उन्हें वारदात के बारे में बताया।



# क्यों रमेश बिधूड़ी के बेटे पर नहीं हुई एफआईआर?: मनीष सिसोदिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली। दिल्ली** में चुनाव प्रचार थमने के बाद राजनीतिक दलों के नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। अभी भी राजनीति गरमाई हुई है। नेता एक दूसरे पर वार-पलटवार कर रहे हैं। दिल्ली में कई जगहों पर आचार संहिता का उल्लंघन हुआ। तो इस मामले पर पुलिस और आयोग ने कार्रवाई की। जिसके बाद प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। आप नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली के लोगों के पास दो मुख्य विकल्प हैं, एक आम आदमी पार्टी की टीम है, जिसमें पढ़े-लिखे लोग हैं। अरविंद केजरीवाल जो एक आईआईटीयन हैं, मनीष सिसोदिया, जिनका मीडिया बैकग्राउंड है। लेकिन वहीं दूसरी तरफ भाजपा के पास रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा, सतीश उपाध्याय जैसे लोग हैं। क्या दिल्ली के लोग रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वर्मा जैसे लोगों के हाथ में दिल्ली की सत्ता होनी चाहिए। आगे कहा कि मुझे लगता है कि दिल्ली के लोग गाली-गलौज और गुंडागर्दी नहीं चुनेंगे, वे साफ-सुथरे और पेशेवर लोगों को चुनेंगे। दिल्ली आम आदमी पार्टी के साथ जाएगी।



**आतिशी पर एफआईआर दर्ज होने पर भड़के संजय सिंह**

आम आदमी पार्टी से सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश में चुनाव आयोग नाम की कोई संस्था नहीं बची। दिल्ली में संसद है, सुप्रीम कोर्ट है, चुनाव आयोग है और चुनाव आयोग की नाक के नीचे ये सब हो रहा है। कालकाजी में खुलेआम गुंडागर्दी हो रही है, रमेश बिधूड़ी के रिश्तेदार वहां घूम रहे हैं। जंगपुरा में भाजपा उम्मीदवार गुंडागर्दी कर रहे हैं। नई दिल्ली में भी ये सब हो रहा है। लेकिन चुनाव आयोग को ये नहीं दिखता। उल्टा एक महिला मुख्यमंत्री की शिकायत पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई। अगर ये हाल है तो मुझे लगता है कि निष्पक्ष चुनाव और चुनाव आयोग का कोई मतलब नहीं है।

**पुलिस की कार्रवाई पर सीएम आतिशी ने उठाए सवाल**

मुख्यमंत्री आतिशी ने पीसी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा आचार संहिता की धज्जियां उड़ा रही है।



# राजकुमार भाटिया को क्यों चुने आदर्श नगर की जनता ?

**आज** जब आप वोट डालने जाएंगे तो आपका एक वोट बहुत कुछ तय करेगा। ये तय करेगा दिल्ली का भविष्य। ये तय करेगा आदर्श नगर का भविष्य। वोट डालते समय इन पहलुओं पर गौर अवश्य करें: -

### व्यवहारकुशल राजकुमार

आदर्श नगर के हर व्यक्ति की जुबान पर एक बात जरूर है कि राजकुमार भाटिया एक व्यवहार कुशल व्यक्ति है। मृदुभाषी हैं। सभी का सम्मान करते हैं। बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हैं और छोटों का सम्मान देते हैं। इसलिए इस बार, आदर्श नगर में सिर्फ राजकुमार।

### 25 साल का बेदाग राजनीतिक सफर

चुनाव कैंपेन के दौरान राजकुमार भाटिया ने कई बार कहा कि मैंने अपने 25 सालों के राजनीतिक जीवन में एक भी दाग नहीं लगने दिया। मैंने राजनीतिक सुचिता का पालन किया। सदैव सभी का सम्मान करते हुए साथ लेकर चलने का प्रयास किया। कभी द्वेष भावना के कोई कार्य नहीं किया।

### गरीब परिवार से निकलकर राष्ट्रीय पटल पर बनाई पहचान

जो लोग राजकुमार भाटिया को नजदीक से जानते हैं, उनसभी के मुंह पर सिर्फ एक ही बात है। वो ये कि राजकुमार बहुत मेहनती इंसान हैं। संघर्ष को सहर्ष स्वीकार करते हुए राजकुमार ने अपनी तकदीर खुद लिखी है। आजादपुर मंडी में छोटे-बड़े सभी काम करते हुए व्यापार और व्यवहार, दोनों में पूर्ण कुशलता प्राप्त की है

### अभाव से ही भाव निकलता है : राजकुमार भाटिया

एक इंटरव्यू के दौरान राजकुमार भाटिया ने रोटी बैंक की शुरूआत का जिक्र करते हुए बताया था कि हमेशा अभाव में ही भाव निकलता है। मैंने व्यक्तिगत जीवन में वो अभाव देखें हैं। मैं जानता हूं कि एक आम व्यक्ति को किन-किन परेशानियों-झंझावटों से गुजरना पड़ता है। भूखे को रोटी खिलाना तो ईश्वर का काम है। हम तो सिर्फ माध्यम मात्र हैं।

### सिर्फ नाम के ही नहीं, दिल के भी हैं राजकुमार

राजकुमार भाटिया की पहचान एक व्यापारी, एक राजनेता होने के साथ-साथ सामाजिक व्यक्ति के रूप में भी होती है। सेवा बस्तियों में राजकुमार के प्रति लोगों में खूब उत्साह है। लोग उन्हें अपना बेटा, अपना भाई मानते हैं। इन क्षेत्रों में भाटिया जी द्वारा सामूहिक विवाह से लेकर चौपाल संस्था के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर ऋणमुक्त लोन दिलवाये जा रहें हैं।

### कभी पद से प्रभावित नहीं हुए राजकुमार

राजनीतिक जीवन में राजकुमार भाटिया पार्टी में कई बड़े पदों पर सुशोभित रहे। जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष, लोकसभा प्रभारी इत्यादि। लेकिन, कभी भी राजकुमार ने अपने पद का मद दिमाग पर चढ़ने नहीं दिया। जहां रहे, जिस पद पर रहे। हमेशा सभी को साथ लेकर चले। सबका साथ निभाने की कोशिश की।

### 2020 में मिला था अपार प्यार, इस बार आदर्श नगर में सिर्फ राजकुमार

2020 के विधानसभा चुनाव में आदर्श नगर की जनता ने राजकुमार को अपना अपार प्यार बरसाया था। मात्र 1589 वोटों के मामूली अंतर से भाटिया जी आदर्श नगर के राजकुमार बनने से चूक गए थे। लेकिन, इस बार आदर्श नगर में हर ओर से सिर्फ एक ही आवाज आ रही है। आदर्श नगर में अबकी बार, सिर्फ और सिर्फ राजकुमार।

### सभी सर्वे में एक ही रुझान, राजकुमार को मिलेगी कमान


अबतक आए सभी सर्वे राजकुमार के पक्ष में ही दिख रहें हैं। फलौदी सट्टा बाजार भी आदर्श नगर की सीट भाजपा के पक्ष में दिखा रहा है। वहीं, आजतक-मैट्रिक्स के प्रीपोल सर्वे में भी आदर्श नगर में भाजपा को बढ़त है। वहीं, कई लोकल एजेंसियों की भी यही रिपोर्ट है कि इस बार, आदर्श नगर में सिर्फ राजकुमार।

### क्या है राजकुमार का "एमएलए ऑन वील्स"

अपनी नई और अलग सोच के लिए मशहूर राजकुमार भाटिया ने आदर्श नगर के लिए एक नया ही कॉन्सेप्ट पेश किया है। एमएलएक ऑन वील्स। आदर्श नगर मार्किट एसोसिएशन की एक जनसभा में राजकुमार भाटिया ने इस कॉनसेप्ट को पेश किया। उन्होंने कहा कि लोगों को मेरे पास आने की कोई जरूरत नहीं होगी। बल्कि एमएलए राजकुमार की ऑफिस में तब्दील हुई गाड़ी सभी क्षेत्रों में पहुंचेगी। वहीं सभी के काम होंगे।

### आदर्श नगर को लेकर क्या है राजकुमार का विजन?

आदर्श नगर को लेकर राजकुमार भाटिया का बहुत क्लीयर और फोक्सड विजन है। मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पीछे वाली डीआरडीओ की जमीन पर भूमि हस्तांतरण के तहत स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाना। डिस्ट्रिक्ट पार्क बनवाने के लिए प्रयास करना। पूरे क्षेत्र में महिलाओं के सार्वजनिक पिंक टॉयलेट्स बनवाना। स्टूडेंट्स के लिए जगह-जगह लाइब्रेरी बनवाने का प्रयास करना। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में नई सीवर लाइन डलवाना। क्षेत्र में मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण करवाना। इनके अलावा छोटे लेकिन सार्थक प्रयासों से क्षेत्र का सौन्दीर्यकरण करवाना राजकुमार भाटिया के विजन का हिस्सा है।



Ai Consumer Connect Initiative

# राजलू गढ़ी से ललहेड़ी व लडसोली गांव को जाने वाले रोड की स्थिति जर्जर

## सड़क में टूटने के बाद रोडी निकलने से दो पहिया वाहनों के हो रहे हादसे

**खस्ताहालत**

**सड़क खराब रहने से वाहन चालकों को बार-बार क्लच व ब्रेक लगाना पड़ रहा है**





**गन्नौर** । राजलू गढ़ी से ललहेड़ी व लडसोली गांव को जाने वाले रोड की स्थिति जर्जर हो रही है। ललहेड़ी गांव के पास सड़क पर कई जगह गड्ढे बन गये हैं। जगह-जगह सड़क टूटने के कारण वाहन चालकों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ता है । वाहन चालक सुरेश, सतवीर, महेंद्र ने बताया कि सड़क खराब रहने से वाहन चालकों को बार-बार क्लच व ब्रेक लगाना पड़ रहा है । इससे वाहनों में खराबी आती है । उन्होंने बताया कि जब से सड़क का निर्माण हुआ था उसके 8 महीने बाद ही सड़क टूटने लगी थी, सड़क टूटने का जब ग्रामीणों ने भरोसा जताया था तो कुछ समय बाद उसे पर बने गढ़ों को भरवा दिया था। ग्रामीणों का कहना किया फिर सड़क के भरे हुए गड्ढों के कारण रोड़ी निकालने के कारण गहरे गड्ढे बन गए हैं। वाहन चालक महेंद्र ,विकास ने बताया कि सड़क टूटने के कारण रोड़ीया अब इस तरह से बिखर गई है कि रात के समय दो पहिया वाहन चालक कई बार स्लिप होने के कारण गिर भी चुके हैं । ऐसे में दो पहिया वाहन चालक सरकार व प्रशासन को कोसते रहते हैं। लोगों का कहना है कि लंबे समय से सड़क टूटी हुई पड़ी है लेकिन सड़क एवं भवन निर्माण विभाग इसकी कोई शोध नहीं ले रहा है । जिससे लोगों में रोष है।

**ठेकेदार की है जिम्मेदारी, जल्दी टूटी हुई सड़क को ठीक करवा दिया जाएगा : जे ई**

इस बारे में सड़क एवं भवन निर्माण विभाग जे ई धर्मेंद्र राठी ने बताया कि टूटी सड़क को अभी भी ठीक करने की जिम्मेदारी सड़क का निर्माण करने वाले ठेकेदार की है । ठेकेदार को नोटिस दिया जाएगा और सड़क में बनी गड्ढों की रिपेयर करवा दी जाएगी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर आलू से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलटी

**पलट गई**

**ट्रैक्टर के सामने अचानक किसी गाड़ी ने ब्रेक लगाए थे। चालक ने ब्रेक लगाए तो ट्रैक्टर-ट्राली का बैलेंस बिगड़ गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नेशनल हाईवे-44 पर आलू की बोरियों से लदी एक ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। ट्रैक्टर के सामने अचानक किसी गाड़ी ने ब्रेक लगाए थे। जब ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगाए तो ट्रैक्टर-ट्राली का बैलेंस बिगड़ गया और वह हाईवे के बीचो बीच पलट गई और हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। गनीमत रही कि ट्रैक्टर ड्राइवर को मामूली चोटें आई, जिसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और हाइड्रा की मदद से ट्रैक्टर-ट्राली को रास्ते से हटवाया। गांव जुंडला से मंगलवार को एक ट्रैक्टर-ट्राली आलू की बोरियां लोड की गई। आलू की बोरिया कुरूक्षेत्र के उमरी गांव में जानी थी। ग्रामीण तलविंद्र शर्मा ने बताया कि हाईवे पर किसी वाहन ने अचानक ही ओवरटेक किया और ट्रैक्टर-ट्राली के सामने ही ब्रेक लगा दिए। ट्रैक्टर चालक ने ब्रेक लगाए तो बैलेंस बिगड़ गया और ट्रैक्टर-ट्राली हाईवे के बीच में ही पलट गई।

आलू की बोरियां सडक पर बिखर गई और ट्रैक्टर ड्राइवर सडक पर जा गिरा, ड्राइवर को मामूली चोटें आई है। सूचना मिलने के बाद हम मौके पर पहुंचे और ड्राइवर को अस्पताल में भर्ती करवाया। दूसरी ट्रैक्टर-ट्राली मंगवाई गई है, जिसमें बोरियों को लोड किया जा रहा है। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली के साथ साथ आलुओं को भी नुकसान हुआ है। हाईवे पर ट्रैक्टर पलटने की वजह से जाम की स्थिति बन गई थी। तुरंत डायल-112 की टीम को सूचना दी गई और पुलिस मौके पर पहुंच गई।

पुलिस ने वाहनों को डायवर्ट किया और हाइड्रा क्रेन की सहायता से ट्रैक्टर-ट्राली को हाईवे से हटवाया गया। डायल.112 के ईआरवी इंचार्ज रामफल ने बताया कि हाईवे पर एक्सीडेंट हो गया था।

# दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा सप्लाई इंस्पेक्टर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कुंजपुरा के खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय से एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने इंस्पेक्टर राजीव कुमार को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। खराब गेहूं के कट्टे बदलवाने की एवज में इंस्पेक्टर ने डिपो होल्डर से रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने एसीबी को शिकायत कर दी और एसीबी ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया। शिकायतकर्ता विकास कुमार ने बताया कि गेहूं बदलने को लेकर मामला शुरू हुआ था। हमारे डिपुओं पर गेहूं खराब आई थी। मैने इंस्पेक्टर राजीव को गेहूं की खराब सप्लाई के बारे में जानकारी दी थी। जिस वेयर हाउस से कट्टे आए थे, उसका अधिकारी भी मेरे पास आया था। मैंने उसको बताया था कि 160 कट्टे में गेहूं खराब है और जितने कट्टों में गेहूं ठीक होंगेए उसको बांट दिया जाएगा, जो खराब कट्टे होंगे, उसको बदलना होगा। शिकायतकर्ता ने बताया कि

**पकड़ में**

**पीड़ित ने एसीबी को शिकायत कर दी और एसीबी ने आरोपी को रंगे हाथों पकड़ लिया**

वेयर हाउस वाला अधिकारी भी राजीव के घर भी था। राजीव ने कट्टे चेंज करवाने की एवज में 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें से पांच हजार रुपए पहले दे दिए थे और बाकी पैसे देने के लिए आज में कुंजपुरा खाद्य एवं आपूर्ति कार्यालय में देने के लिए आया था। जैसे ही इंस्पेक्टर ने रिश्वत के पैसे पकड़े तो तुरंत एसीबी ने इंस्पेक्टर को रंगे हाथों पकड़ लिया। विकास ने बताया कि बीते दिनों इसी इंस्पेक्टर ने चार डिपो की चेकिंग भी की थी और चेकिंग के बाद कहा था कि सभी डिपो से 10-10 हजार रुपए चेकिंग के नाम पर दिलवा देना।

# कर्मचारियों की सैलरी काटने पर काटा बवाल

**प्रदर्शन**

**नगर निगम दफ्तर के बाहर नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने ऑनलाइन अटेंडेंस एप के खिलाफ प्रदर्शन किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के सफाई कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। नगर निगम दफ्तर के बाहर नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों ने ऑनलाइन अटेंडेंस एप के खिलाफ प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि यह नया सिस्टम उनके लिए सिरदर्द बन गया है। एप की वजह से 200 से 250 कर्मचारियों की सैलरी काट दी गई, जबकि उन्हें इसकी पूरी जानकारी तक नहीं दी गई। प्रदर्शन कर रहे सुशील कुमार, शारदा, वीरभान और अन्य कर्मचारियों का कहना था कि जब वे नौकरी पर लगे थे, तब उनसे पढ़ाई-लिखाई को लेकर कोई सवाल नहीं पूछा गया था। अब निगम टेक्नोलॉजी जबरदस्ती हम पर थोप रहा है। अधिकतर कर्मचारी पढ़े-लिखे नहीं हैं, उन्हें एप इस्तेमाल करने नहीं आता। हाजिरी लगाने में जरा सी देरी हो जाए तो सैलरी काट ली जाती है। पांच मिनट लेट होने पर भी वेतन से पैसे काटे जा रहे हैं, जबकि सफाई कर्मचारी दिनभर मेहनत करते हैं।

कर्मचारियों का कहना है कि नगर निगम ने अब तक उनके लिए किसी तरह की सुविधा नहीं दी। इतने सारे सफाई कर्मचारी होते हैं, लेकिन उनके लिए हाजिरी लगाने की सही व्यवस्था तक नहीं है। मजबूरी में किसी दुकान के आगे खड़े होना पड़ता है, लेकिन वहां से भी भगा दिया जाता है। बरसात में भीगते हुए हाजिरी लगानी पड़ती है। उन्होंने मांग रखी कि निगम उनके लिए एक शेड बनवाए, जहां वे आराम से अपनी उपस्थिति दर्ज कर सकें।

सफाई कर्मचारियों ने साफ कहा कि अगर ऑनलाइन हाजिरी एप बंद नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

# 13 हजार रुपये की नकदी व अन्य समान किया चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** सोमवार की रात चोर दुकान का ताला तोड़ कर नकदी व अन्य समान चोरी कर ले गए। सुबह दुकानदार दुकान पर पहुँचा तो उसे चोरी का पता चला। दुकानदार देवेंद्र ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। शिकायत में गन्नौर गांव निवासी देवेंद्र ने बताया कि बादशाही रॉड पर उसकी परचून की दुकान है। वह सोमवार रात को दुकान बंद कर घर चला गया। जब अगली सुबह दुकान पर पहुँचा तो ताला टूटा हुआ मिला। उसने जब दुकान में जाकर चेक किया तो गल्ले से 13 हजार रुपये की नकदी व 10

**शिकायत दी**

**सुबह दुकानदार दुकान पर पहुँचा तो उसे चोरी का पता चला। देवेंद्र ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है**

हजार रुपये की सिगरेट गायब थी। उसने मामले की सूचना डायल 112 पर दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुँची ओर डायल 112 ने स्थानीय पुलिस को सूचना दी। जांच अधिकारी एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों ने किया एसडीएम का स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर** । गनौर विधानसभा के भाजपा के चारों नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों राजेश संजय गौतम , श्रवण कौशिक, अजय जैन, गौरव कामरा महामंत्री सुखबीर प्रजापति ने गन्नौर के एसडीएम मनीष फौगाट का स्वागत किया। गनौर विधानसभा के विकास कार्यों और विधानसभा के लोगों की समस्याओं पर चर्चा की । एसडीएम मनीष फौगाट ने कहा कि लोगों को कोई समस्या के कारण दिक्कत आती है तो वह उन्हें जरूर अवगत करवाए ,



जनता की समस्या का समाधान करवाना उनकी प्राथमिकता है । एसडीएम ने कहा कि उनकी क्षेत्र की जनता से भी अपील है कि अगर कोई भी समस्या है तो वह प्रशासन को अवगत करवाए ।

# एडीसी ने किया नीलोखेड़ी ब्लाक के दो प्ले वे स्कूलों का निरीक्षण

**निरीक्षण**

**यश जालुका ने नीलोखेड़ी खंड के गांव बुटाना और संधीर में प्ले स्कूलों का औचक निरीक्षण किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने आज नीलोखेड़ी खंड के गांव बुटाना और संधीर में प्ले स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुटाना में 16 और संधीर में 14 बच्चे मौजूद मिले। उन्होंने गांव के लाभार्थियों यथा-गर्भवती, धात्री, जीरो से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से बातचीत की और फीडबैक लिया। एडीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले लाभार्थियों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकताओं से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। केंद्रों की सुरक्षा और स्वच्छता जांची तथा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका जायजा लिया। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड डाटा चेक कर पोषण ट्रैकर ऐप का निरीक्षण किया। राशन की गुणवत्ता और मात्रा को चेक करने के लिए गठित पांच सदस्य कमेटी के बारे में पूछताछ ली।

उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं को सुना और उनसे अपील की कि वे बच्चों को रोजाना आंगनबाड़ी केंद्र में भेजें। उन्होंने बच्चों को सरकार द्वारा दी जा रही हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर सीडीपीओ डॉ.राजबाला मोर, सुपरवाइजर पूनम, अलका, आंगनवाड़ी वर्कर कंचन और संतोष के अलावा सरपंच व पंच मौजूद रहे।

# करनाल पहुंची प्रदर्शनकारी महिलाएं, बडौली-रॉकी की गिरफ्तारी की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई न होने से महिलाएं सडकों पर उतरी। प्रदर्शनकारी महिलाएं दिल्ली से प्रदर्शन करती हुई करनाल पहुंची और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अभियान को भी महज एक धोखा बताया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि अगर रॉकी मित्तल सच्चा है और उसके पास कोई रिकॉर्डिंग है तो वह सामने आए और वह रिकॉर्डिंग रिलीज करके दिखाए। वफादार कुत्ते की तरह भौंके मत। जैसे मालिक गलत होता है और वफादार कुत्ता



उसके लिए भौंकता है। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि भाजपा ने आरोपियों को अभी भी पार्टी में जगह दी हुई है, लेकिन आज नहीं तो कल भाजपा को प्रदेशाध्यक्ष को बाहर का रास्ता दिखाना पड़ेगा। हालांकि आज तक मोहन लाल बड़ौली का तो कोई कॉल नहीं आया, लेकिन उनके वफादार कुत्ते फोन करते हैं।

रेप पीड़िता की सहेली का कहना है कि कसौली में जुलाई 2023 में रॉकी मित्तल और भाजपा के मौजूदा हरियाणा अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने एक महिला के साथ गैंगरेप किया था। दो महीने पहले एफआईआर दर्ज हुई है। पहले तो एफआईआर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**विरोध**

**प्रदर्शनकारी महिलाएं पहुंची और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के अभियान को भी महज एक धोखा बताया**

हमें धमकी भरे फोन आते है और पैसों का लालच दिया जाता है। न्याय के लिए अब प्रदर्शन किया जा रहा है, क्योंकि मानसिक रूप से पीड़िता काफी परेशान है। इसके बाद महिलाओं ने मिलकर प्रदर्शन करने का सोचा। प्रदर्शन के बाद से ही हमारे साथ बदतमीजी हो रही है। पुलिस भी हमारा साथ नहीं देती। हमे मेल पुलिस बुरे तरीके से टच करके साइड करते हैं।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पीड़िता हमारी सहेली है और वह दिल्ली से है और हम बीते 10 दिनों से प्रदर्शन कर रहे है। अब तक दिल्ली और हरियाणा में प्रदर्शन कर चुके हैं और होगा तो पूरे देश में भी प्रदर्शन करेंगे। हमें फैसला नहीं इंसाफ चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि उनको अभी तक किसी भी अन्य पार्टी का साथ नहीं मिला है। सिर्फ सोनीपत के दो नेताओं ने साथ दिया है। पीड़िता भी दो या चार दिन बाद प्रेस कांफ्रेंस कर सकती है और दिल्ली की दो हजार महिलाएं पूरे देश में एफआईआर बांटने के लिए निकली हुई हैं।

# गऊओं की सेवा करने से मिलता है मन को सुकून: हरदीप


**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की टीम ने गौकर्ण गौ चिकित्सालय (बेसहारा गोवंश सेवार्थ) दनियालपुर नजदीक बुड्ढा खेड़ा में गोवंश के लिए सब्जियों का भंडारा लगाया। फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा और उनकी टीम ने पहुंचकर गऊओं की सेवा कर पुण्य प्राप्त किया। इसके लिए हरदीप राणा ने दिनेश गौकर्ण व उनकी समस्त टीम को बधाई दी और कहा कि उनके द्वारा जो यहां पर गोवंश के रखरखाव की व्यवस्था की गई है, वह प्रशंसनीय है। क्योंकि गौवंशों की सेवा करने से जहां पुण्य की प्राप्ति होती है, वहीं अपने द्वारा किया गया सेवा भाव का कार्य मन को सुकुन देता है। उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से अपील की कि वह भी यहां आकर पुण्य के भागी बनें और गौवंशों की सेवा करते रहें।

# स्पीकर के प्रयास लाए रंग, घरौंडा के माध्यमिक विद्यालय का नाम होगा देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण के प्रयास आखिरकार रंग लाए और घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर विद्यालय रखा जाएगा। इस संबंध में हरियाणा के विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी कर दिए हैं। बता दें कि क्षेत्र की यह लंबे समय से मांग थी कि विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखा जाए। विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से यह संभव हुआ है। विद्यालय



शिक्षा निदेशालय का आदेश जारी होने पर स्पीकर हरविंद्र कल्याण ने समस्त विधानसभा वासियों को हार्दिक बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का नाम देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर रखे जाने के आदेश जारी हुए हैं। हमारे महापुरुष सदा से हमारे आदर्श रहे हैं।

देवी अहिल्या होल्कर के नाम पर विद्यालय का नामकरण होना बेहद खुशी की बात है। यह निश्चित रूप से हमें और आने वाली युवा पीढ़ी को प्रेरणा देगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वासियों की भी यह लंबे समय से मांग थी, उन्हें इस बात की बेहद खुशी है।

# चाकू की नोक पर दो ड्राइवरों से लूटी थी नकदी, रकम बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के झीवरहेड़ी रजवाहा पुल के पास 31 जनवरी की रात लूट की घटना को अंजाम देने वाले 7 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीआईए-वन पुलिस ने सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल किए गए हथियार व लूटी गई रकम बरामद की जाएगी।



31 जनवरी की देर रात गन्नौर के गांधी नगर गढ़ी जाजरा रोड के रहने वाले सोनू अपनी पत्नी हेमलता और 7 साल के बेटे हन्नी के साथ पानीपत सब्जी मंडी से सब्जी खरीदी और अपनी बहन के घर जा रहे थे, क्योंकि आज उनकी भांजी की शादी है और बहन ने पानीपत से सब्जी लाने के लिए कहा था, उसने किराये पर एक टाटा ऐस गाड़ी की थी। सोनू ने बताया कि टाटा ऐस गाड़ी को मेरठ का कपिल चला रहा था। वे पदाना गांव की तरफ जा रहे थे। रास्ते में ड्राइवर बसताड़ा टोल बचाने के लिए जीटी रोड से हटकर लोकल रोड पर चल दिया। जब उनकी गाड़ी झीवरहेड़ी पुल के पास पहुंची तो सडक पर पहले से मौजूद सात.आठ लडकों ने उन्हें घेर लिया। एक बदमाश ने ड्राइवर कपिल की गर्दन पर चाकू रख दिया और बाकी बदमाश पैसे छीनने लगे। सोनू की लोअर की जेब से बदमाशों ने 10 हजार रुपए निकाल लिए।

इसी दौरान पीछे आ रहे कैंटर के ड्राइवर शंभू पुत्र वासुदेव राय गांव सहदपुरा करनाल को भी बदमाशों ने रोक लिया। चाकू और डंडों के बल पर शंभू से भी 8 हजार रुपए लूट लिए गए। घटना के बाद पीड़ितों ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। समय करीब 11.25 बजे रात का था। जैसे ही बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को आते देखा, वे रजवाहे में कूदकर दूसरी तरफ भाग निकले थे। मधुबन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया था और जांच शुरू कर दी थी।

**गिरफ्त में**

**जैसे ही बदमाशों ने पुलिस की गाड़ी को आते देखा, वे रजवाहे में कूदकर दूसरी तरफ भाग निकले थे**

सीआईए वन व मधुबन थाना की पुलिस को आरोपियों के करनाल में होने के इनपुट मिले, जिसके बाद 2 जनवरी की देर रात को मधुबन की आवर्धन नहर की पटरी पर रेड की और सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों में इंद्री के चोर पुरा का अरुण उर्फ अन्नु, मधुबन की अशोक विहार कालोनी का सन्नी, झिंवरहेडी गांव का अक्षय उर्फ अक्षी, कुंजपुरा का साहिल, झिंवरहेडी का सुमित, सोनीपत के भैंसवाल गांव का शुभम और खरकाली गांव का अजय शामिल हैं।

## संपादकीय

# बच्चों के साथ समय बिताना जरूरी

**बच्चों के** साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे भारी निराशा में डूब सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चचाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया। हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज्यादा बच्चे नहीं थे लेकिन जो थे, उनका आपस में संवाद बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है। जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की जरूरत है। यह परीक्षा अवधि के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हमारी चर्चा के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख किया। किसी बच्चे को पूरी तरह से नजरअंदाज करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नजरअंदाज किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं। वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ. ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं, भले ही वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बच्चों को पर्याप्त ध्यान न देना उनके मस्तिष्क के विकास और स्कूल में उनके प्रदर्शन को भी नुकसान पहुँचा सकता है, क्योंकि वे सीखने के लिए प्रेरित या प्रोत्साहित महसूस नहीं कर सकते हैं। जब बच्चों को बातचीत करने का मौका नहीं मिलता है, तो यह उनके भाषा कौशल और समग्र सोचने की क्षमताओं को धीमा कर सकता है क्योंकि वे महत्वपूर्ण सीखने के क्षणों से चूक जाते हैं। वे असुरक्षित लगाव शैलियों के साथ समाप्त हो सकते हैं, जो वयस्कों के रूप में उनके भविष्य के रिश्तों और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यह सब भावनात्मक उपेक्षा बाद में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना को बढ़ा सकती है।

# किताबें मनुष्य की पथ-प्रदर्शक और नैतिक समर्थक



सुनील कुमार महला

"आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी व संचार का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी व संचार के युग के साथ ही आज हम सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम में ही अधिक रम-बस गए हैं। हमें कोई भी सूचना, जानकारी प्राप्त करनी होती है तो हम इंटरनेट पर उसे सर्च करने लगते हैं और इंटरनेट के माध्यम से तमाम जानकारियां, सूचनाएं पल झपकते ही प्राप्त कर लेते हैं। इसलिए मौजूदा डिजिटल दौर में किताबों से सबसे ज्यादा उदासीन हमारे युवा ही हैं, ऐसे में, विश्व पुस्तक मेले का यह अभियान बहुत ही सराहनीय व काबिले-तारीफ है"

**पुस्तकें सबसे अ**च्छी दोस्त होतीं हैं। पुस्तकें पढ़ने से हमें ज्ञान तो होता ही है, साथ ही साथ पुस्तकें हमें असीम आनंद, ऊर्जा और आत्मविश्वास से भी सरोबार करतीं हैं। सच तो यह है कि किताबें हमारी सबसे अच्छी मार्गदर्शक, पथ-प्रदर्शक,प्रेरणा प्रदान करने वाली और नैतिक समर्थक साबित होती हैं, जो हमारे जीवन में हर मोड़ पर काम आती हैं। वास्तव में, किसी ने गलत नहीं कहा है कि किताबों के पन्नों से गुजरना दुनिया के श्रेष्ठ अनुभवों से गुजरने जैसा है। इस दुनिया में किताबें पढ़ने से बड़ा सुख शायद ही कोई हो। ये किताबें ही होतीं हैं जो हमें हमारी आसपास की दुनिया को सही से समझने, सही और गलत, अच्छा और बुरा, नैतिक और अनैतिक के बीच निर्णय लेने में हमारी भरपूर मदद करती हैं। पुस्तकें हमारे आदर्श, मार्गदर्शक या सर्वकालिक शिक्षक के रूप में भी हमारे जीवन में शामिल होती हैं। आज सूचना तकनीक और प्रौद्योगिकी के इस दौर में सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, मोबाइल फोन और कंप्यूटर का इस्तेमाल बहुत आम हो गया है। यह ठीक है ये सभी तकनीकें अध्ययन के लिए हमें एक अच्छा विकल्प व सर्व- सुलभ विकल्प उपलब्ध करातीं हैं लेकिन ये तकनीकें किताबों के महत्व को कभी खत्म नहीं कर सकतीं हैं। जब हम किताबें/पुस्तकें पढ़ते हैं तो हमें अनेक नई जानकारियां मिलती हैं, हमारे ज्ञान में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होती है। शायद यही कारण है कि एकबार पुस्तकों के बारे में गाँधीजी ने यह कहा था कि ह्यपुस्तकें हमारे मन के लिए साबुन का कार्य करती हैं।ह्ल बाल गंगाधर तिलक ने भी पुस्तकों के बारे में यह कहा था कि 'मैं नरक में भी पुस्तकों का स्वागत करूंगा, क्योंकि जहां ये रहती हैं, वहां अपने आप ही स्वर्ग हो जाता है।'कहना गलत नहीं होगा कि लोकमान्य के इस कथन से पुस्तकों की महत्ता स्वयं स्पष्ट हो जाती है। यहां तक कि अब्राहिम लिंकन ने पुस्तकों के बारे में यह कहा है कि 'मैं यही कहूंगा कि, वही मेरा सबसे अच्छा दोस्त है, जो मुझे ऐसी किताब दे जो आज तक मैंने न पढ़ी हो।' कहना गलत नहीं होगा कि 'विचारों के युद्ध में किताबें ही अस्त्र होती हैं।' बहरहाल, हाल ही में दिल्ली स्थित प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 1 फरवरी 2025 को 52 वें विश्व पुस्तक मेले की शुरूआत की गई है, जिसका उद्घाटन हमारे देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया गया है। हाल ही में निर्मित आधुनिक हॉल( भारत मंडपम) इस नौ-दिवसीय साहित्यिक उत्सव(पुस्तक मेले) के लिए स्थल होंगे, जो प्रदर्शकों और आगंतुकों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करेंगे। गौरतलब है कि एनडीडब्ल्यूबीएफ 2025 का आयोजन 9 फरवरी 2025 तक होगा। बहरहाल, कहना चाहूंगा कि आज के इस दौर में जहां छपी पुस्तकों के प्रति क्रेज लगातार कम होता चला जा रहा है, ऐसे समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला लेखकों-कलाकारों समेत युवा पाठकों और बच्चों तक को लगातार अपनी ओर आकर्षित कर रहा है, वह अपने में बहुत ही महत्वपूर्ण और बड़ी बात है। उल्लेखनीय है कि इस मेले का आयोजन राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन) द्वारा किया जाता है। उद्योग और वाणिज्य मंत्रालय के अधीन मेले का सह-आयोजक/स्थल भागीदार है।कई हजार स्क्वॉयर मीटर में फैले इस बुक फेयर में हिंदी, इंग्लिश, उर्दू, पंजाबी के अलावा अनेक क्षेत्रीय भाषाओं की किताबें भी देखने को मिलेंगी। इस बार अतिथि देश रूस है ,ऐसे में पाठकों को रूस के लेखकों और साहित्यकारों से भी मिलने के अवसर भी प्राप्त होंगे। पाठक जानते होंगे कि इस मेले में साहित्य, शासन, टेक्नोलॉजी, कला और सिनेमा जैसे अलग-अलग क्षेत्रों के जाने-माने लोग शामिल हो रहे हैं।
एनडीडब्ल्यूबीएफ 2025 में एक नया सेगमेंट 'ऑथर्स लाउंज' बनाया गया है, जो लेखकों के लिए एक खास मंच होगा, जहां वो आपसी संवाद कर सकते हैं, सोच-विचार(चिंतन-मनन)कर सकते हैं और साहित्यिक उत्सव के बीच आराम भी कर सकते हैं। कहना चाहूंगा कि पुस्तक मेले पाठकों , लेखकों को निरंतर पढ़ने, लिखने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें चुनने के लिए पुस्तकों का एक विस्तृत चयन प्रदान करते हैं, जिन्हें वे खरीदने का निर्णय लेने से पहले उन्हें देख सकते हैं, उनका आकलन कर सकते हैं। पुस्तक मेले विशेषकर बच्चों/युवाओं, यहां तक कि हर किसी में साहित्य और पढ़ने की आदत को बढ़ावा देते हैं, क्यों कि पुस्तक मेले में अक्सर वर्कशॉप, कहानी सुनाने के सत्र, पैनल चचाएँ, संवादात्मक सत्र, प्रश्नोत्तरी, प्रतियोगिताएँ, आदि का आयोजन भी किया जाता है। प्रसिद्ध लेखकों और चित्रकारों के साथ-साथ शिक्षा और प्रकाशन क्षेत्र के पेशेवरों द्वारा पुस्तक मेले में अनेक गतिविधियों का संचालन किया जाता है और हर कोई पढ़ने लिखने को प्रोत्साहित होता है। इस मेले में लेखक कोना, बच्चों के लिए कोना, पेंटिंग कोना रखा गया है। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे जो बच्चों को उनकी प्रतिभा निखारने में सहायक सिद्ध होंगे।हाल फिलहाल जो पुस्तक मेला दिल्ली में आयोजित किया गया है,वह निश्चित ही भारत ही नहीं दुनिया भर के प्रकाशकों, लेखकों और पाठकों को जोड़ेगा, क्यों कि इस पुस्तक मेले में इस बार 50 से अधिक देश जैसे जर्मनी, फ्रांस, इटली, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान, तुर्किये और स्पेन जैसे देश भाग ले रहे हैं, मतलब कि अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। यहां यह उल्लेखनीय है कि हर साल की तरह इस साल भी बुक फेयर में दिव्यांग, स्कूल स्टूडेंट्स और सीनियर सिटीजन के लिए फ्री में एंट्री होगी। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि मेले में 2,000 से भी अधिक स्टॉल्स लगाये गये हैं तथा इस बार पुस्तक मेले की थीम 'रिपब्लिक @75' रखी गयी है, जो भारतीय गणराज्य के 75 साल पूरे होने के बारे में बताती है। वास्तव में थीम मंडप का मुख्य फोकस एक मजबूत भारत की परिकल्पना, राष्ट्र-निर्माण में प्रगति, और 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य पर होगा।दूसरे शब्दों में कहें तो पुस्तक मेले की थीम रिपब्लिक@75 के साथ एक ऐसे मंच के रूप में कार्य करता है, जो हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत को भविष्य की आकांक्षाओं के साथ जोड़ता है। यह कार्यक्रम साहित्य, शासन, प्रौद्योगिकी, कला और सिनेमा सहित विविध संस्कृतियों और क्षेत्रों को एक साथ लाता है। कहना गलत नहीं होगा कि पांच दशकों की समृद्ध विरासत के साथ, यह पुस्तक मेला साहित्य, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत संगम है। सच तो यह है कि ऐसे पुस्तक मेले के आयोजन से हर किसी में साहित्य, लेखन व लेखकों के प्रति गहरी समझ विकसित होती है। पाठकों को बताता चलूं कि नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद द्वारा डिजाइन किया गया थीम मंडप इस पुस्तक मेले का केंद्र बिंदु होगा। यह मंडप रिपब्लिक @75 थीम को जीवंत करने के लिए क्रिएटिव्स, ग्राफिक्स, इंस्टॉलेशन, और कलाकृतियों का उपयोग करेगा। यहां आगंतुक पुस्तकों, विजुअल डिस्प्ले और इंटरैक्टिव प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत की 75 साल की यात्रा को देख और समझ सकेंगे।

बहरहाल,आज का युग सूचना प्रौद्योगिकी व संचार का युग है। सूचना प्रौद्योगिकी व संचार के युग के साथ ही आज हम सोशल नेटवर्किंग साइट्स, इंटरनेट, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम में ही अधिक रम-बस गए हैं। हमें कोई भी सूचना, जानकारी प्राप्त करनी होती है तो हम इंटरनेट पर उसे सर्च करने लगते हैं और इंटरनेट के माध्यम से तमाम जानकारियां, सूचनाएं पल झपकते ही प्राप्त कर लेते हैं। इसलिए मौजूदा डिजिटल दौर में किताबों से सबसे ज्यादा उदासीन हमारे युवा ही हैं, ऐसे में, विश्व पुस्तक मेले का यह अभियान बहुत ही सराहनीय व काबिले-तारीफ है।




## कविता

### मैं का मिथ्या प्रलाप

हम ना होंगे तो क्या होगा।
मैं ना रहूंगा तो क्या होगा।

सब कुछ वही होगा
जो होता आया है।

समय के आप एक पल,
एक क्षण, समय समग्र।

यह मन की एक मिथ्या,
दिग्भ्रम,
मेरे ना रहने से सब थम जाएगा।

एक सितारे के टूटने से
आसमान खाली नहीं होता।

जुगनू के रहने ना रहने से
रात का अंधेरा नहीं छटता।

मेरा अहम, मेरा मुगालता
केवल मिथ्या और भ्रम,
श्रेष्ठ सबसे मानव धर्म।

कर्म ही मानव का
अंतिम सत्य और धर्म है।

संजीव

## वैलेंटाइन डे पर दमकती त्वचा

**शहनाज हुसैन**

**वैलेंटाइन** डे पर महिलाओं में सम्मोहक और आकर्षक दिखने की चाह प्रकृतिक होती है /प्यार के बंधन में बन्धे दम्पतियों और प्यार की चाहत पालने बाले कुवारों के लिए फरबरी माह में पड़ने बाला यह प्यार का त्यौहार काफी मायने रखता है / चाहे आप नए बन्धन में बन्धे हों या फिर लम्बे समय से एक दूजे के लिए समर्पित हों ,यह दिन एक दूसरे के प्रति समर्पण ,परिबध्ता दिखाने का बेहतरीन अवसर है / यदि आप अपने पति /प्रियतम से दूर हैं तो आप उन्हें ऑनलाइन स्टोर के माध्यम से उनकी पसन्द की गिफ्ट भेज सकती हैं /इस समय में मार्किट में वैलेंटाइन डे की गिफ्ट्स की काफी भरमार है /आप उन्हें उनकी पसन्द की चॉकलेट ट्रफल ,मिल्क चॉकलेट , डार्क चॉकलेट , स्ट्रॉबेरी या देसी लड्डू /मिठाई भेज सकती हैं /
यदि आप अलग रहती हैं तो अपने प्रियतम को एक सरप्राइज गिफ्ट भेज कर अपने प्यार की परिबध्ता दर्शा सकती हैं /यदि आप इस असमंजस में है की क्या भेजा जाये तो मेरी सलाह के अनुसार इस मौके पर क्लासिकल पेंटिंग , आर्ट ऑब्जेक्ट, छाया चित्र या फूलों का गुलदस्ता बेहतर रहेगा / आप नजदीकी पर्यटन स्थल पर जा सकती हैं / आप आजकल के ठन्डे मौसम में दूर निर्जन जंगल /चिड़िया घर /पक्षी अभ्यारण में एकांत के कुछ पल अपने प्रियतम के साथ गुजार सकती हैं /आप किसी प्रकृतिक स्थल या निर्जन स्थल पर लम्बी यात्रा पर भी जा सकती हैं जहां आप एक दूसरे के ज्यादा नजदीकी का अहसास कर सकें और भावनात्मक रूप से जुड़ सकें / वैलेंटाइन डे पर आप सुंदर मधुर , आकर्षक या रोमांटिक दिखना पसंद करती हैं तो इस खास दिन दमकती त्वचा , रेशमी घने बालों , आकर्षक चेहरे , तथा ब्यक्तित्व का धनी बनने के लिए आपको पहले से तैयारी करनी पड़ेगी //इस खास दिन प्रफुल्लित तथा दमकती त्वचा पाने के लिए साधारण ब्यूटी टिप्स की मदद से आप इस दिन को बेहतरीन खास दिन बना सकती हैं

**इस खास दिन**

**मलाई और हल्दी :** हल्दी तथा मलाई का मिश्रण बना कर इसे चेहरे पर लगा कर दस मिनट बाद चेहरे को साफ , ताजे पानी से धो डालिये इससे आपकी त्वचा साफ हो जाएगी तथा चेहरा पर आभा लौट आएगी /चेहरे की रंगत चमकाने के लिए बेसन, चंदन तथा हल्दी का फेस पैक बना कर रोजाना चेहरे पर प्रयोग करने से आपकी त्वचा साफ होगी तथा चेहरे की रंगत में निखार आएगा /गुलाब जल में काटन वूल पैड डूबो कर इसे फ्रिज में रखें। पहले इससे त्वचा को धोएं तथा बाद में इससे त्वचा को धीरे-धीरे सहलाऐं। इस मिश्रण को गालों पर उपरी तथा नीचली दशा में हल्के-हल्के सहलाते हुए लगाऐ तथा प्रत्येक स्ट्रोक को कनपटी तक ले जाए। इस मिश्रण को माथे पर लगाते समय मध्य बिन्दू से शुरू करके तथा दोनों तरफ बाहरी दिशा में कनपटी तक घुमाऐं। ठोड़ी के मामले में इसे घुमावदार तरीके से लगाऐ।

## विचार

# समाज के वंचित वर्ग को भी मिले पीने को दूध

**डॉ . सत्यवान सौरभ**

**समान** दूध की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपाय सबसे पहले आते हैं। पोषण कार्यक्रमों में सुधार जैसे प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण और एकीकृत बाल विकास सेवा जैसी योजनाओं के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाएँ, जो स्कूल के भोजन और घर ले जाने वाले राशन में दूध की आपूर्ति करती हैं। कर्नाटक और गुजरात जैसे राज्य वर्तमान में स्कूल पोषण कार्यक्रमों के माध्यम से दूध प्रदान करते हैं, लेकिन कवरेज का विस्तार करने से बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। वितरण लागत को कम करने और सामर्थ्य बढ़ाने के लिए मजबूत डेयरी नेटवर्क वाले क्षेत्रों में जरूरतमंद परिवारों के लिए दूध वाउचर पेश करें। गुजरात में डेयरी सहकारी समितियाँ स्थानीय दुकानों पर भुनाए जाने वाले दूध कूपन प्रदान करने के लिए सामाजिक पहलों के साथ काम कर सकती हैं। सब्सिडी वाले दूध वितरण के लिए धन बनाने के लिए सामाजिक बांड, सीएसआर फंडिंग और अस्वास्थ्यकर खाद्य पदार्थों पर कर लगाने की जाँच करें। दूध वितरण को निधि देने के लिए आइसक्रीम जैसे उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों पर एक छोटा कर लगाया जा सकता है।श्वेत क्रांति से प्रेरित भारत का डेयरी क्षेत्र दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बन गया है, फिर भी दूध की पहुँच बहुत असमान है। आय के अंतर, क्षेत्रीय विविधताओं और सामर्थ्य सीमाओं जैसे कारकों के कारण वंचित समूहों के बीच दूध की खपत सीमित है। कुपोषण और अतिपोषण के बारे में बढ़ती चिंताओं के साथ, इस अंतर को पाटने और समाज के सभी वर्गों के लिए समान पोषण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट नीतियों की आवश्यकता है। जब हम सामाजिक-आर्थिक और क्षेत्रीय समूहों के बीच दूध के सेवन में अंतर देखते हैं तो पाते है कि उच्चतम आय वाले परिवार प्रति व्यक्ति तीन से चार गुना अधिक दूध खाते हैं, जो निम्न आय वालों की तुलना में काफी आर्थिक असमानताओं को दशार्ता है। सबसे कम आय वाले 30% परिवार भारत के दूध का केवल 18% उपभोग करते हैं, जो उच्च समग्र उत्पादन के बावजूद निम्न-आय वाले समूहों में सामर्थ्य सम्बंधी मुद्दों को रेखांकित करता है। शहरी परिवार 30 प्रतिशत का उपभोग करते हैं। राजस्थान, पंजाब और हरियाणा जैसे पश्चिमी और उत्तरी राज्यों में प्रति व्यक्ति खपत अधिक है (333 ग्राम-421 ग्राम प्रतिदिन) , जबकि छत्तीसगढ़ और ओडिशा जैसे पूर्वी राज्य प्रतिदिन केवल 75 ग्राम-171 ग्राम खाते हैं। हरियाणा की डेयरी-अनुकूल संस्कृति और सहकारी नेटवर्क घरों में उच्च दूध की खपत को बढ़ावा देते हैं। आदिवासी (एसटी) परिवार सामान्य रूप से अन्य परिवारों की तुलना में प्रति व्यक्ति चार लीटर कम दूध का उपभोग करते हैं, जो लंबे समय से चली आ रही सामाजिक असमानताओं को उजागर करता है। दूध के पोषण सम्बंधी लाभों के बावजूद, डेयरी बाजारों तक सीमित पहुँच और आर्थिक बाधाएँ एसटी समुदायों को कम खचीर्ले, गैर-डेयरी विकल्पों पर निर्भर रहने के लिए प्रेरित करती हैं।

धनी महानगरीय लोग अनुशंसित मात्रा से दोगुने से अधिक उपभोग करते हैं, मुख्य रूप से उच्च वसा, उच्च चीनी वाले डेयरी उत्पादों से, कम आय वाले परिवारों के लिए दूध महंगा है, जो 300 ग्राम की अनुशंसित दैनिक खपत को पूरा करने के लिए उनके मासिक खर्च का 10%-30% हिस्सा है। प्रतिदिन 300 कमाने वाला एक दिहाड़ी मजदूर सिर्फ. दूध के लिए 30-90 का बजट बनाने के लिए संघर्ष कर सकता है, जिसके परिणामस्वरूप आहार प्रभावित होता है। ग्रामीण उत्पादकों के पास पर्याप्त भंडारण और वितरण नेटवर्क की कमी है, जिसके परिणामस्वरूप कम आय वाले और अलग-थलग परिवारों तक पहुँचने में अक्षमता होती है। लैक्टोज संवेदनशीलता और आहार सम्बंधी प्राथमिकताएँ दूध के सेवन को प्रभावित करती हैं, विशेष रूप से पूर्वी और आदिवासी क्षेत्रों में, जहाँ वैकल्पिक प्रोटीन स्रोतों को प्राथमिकता दी जाती है। झारखंड में आदिवासी जनजातियाँ सांस्कृतिक खाद्य प्राथमिकताओं कारण दालों और बाजरा पर निर्भर हैं।

## एक्शन इंडिया साप्ताहिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: 55751/93**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : **actionindianews@gmail.com**

### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# दिल्ली विधानसभा चुनाव, कहाँ बंधेंगे बसंत ?

**राकेश अचल**

**देश की** राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार थम चुका है। आप जब ये पंक्तियाँ पढ़ रहे होंगे तब दिल्ली की जनता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रही होगी। दिल्ली में इस बार विधानसभा चुनाव दिलचस्प हैं ,क्योंकि इस बार दिल्ली में ' सत्ता के छींके ' पर तमाम बिल्लियों की नजर है। अब देखना ये है कि भाजपा बिना योगी आदित्यनाथ के दिल्ली में सत्ता का छींका अपने कब्जे में कर पाती है या नहीं। महाकुम्भ की वजह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिल्ली विधानसभा चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं ले पाए हैं।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव इस बार दिलचस्प इसलिए है क्योंकि इसमें जो दोस्त थे , वे दोस्त नहीं रहे और जो दुश्मन थे वे एक न होकर भी एक साथ सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी पर हमलावर हैं। दिल्ली विधानसभा का चुनाव इस बार आम आदमी पार्टी के साथ ही भाजपा और कांग्रेस के लिए भी नाक का सवाल बना हुआ है। भाजपा यदि चुनाव नहीं जीतती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कथित लोकप्रियता पर बट्टा लग जायेगा । कांग्रेस चुनाव नहीं जीतती तो कांग्रेस के नेता राहुल गांधी एक अकुशल योद्धा साबित हो जायेंगे और आम आदमी पार्टी यदि सत्ताच्युत होती है तो अरविंद केजरीवाल का शीराजा बिखर जाएगा।इस चुनाव में परीक्षा मैनेजमेंट,मशीन और मशीनरी की भी होना है।

मेरा अपना आकलन है कि इस बार कोई जीते या न जीते लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री अरवविंद केजरीवाल नहीं जीतने वाले । भाजपा ने उन्हें हारने के लिए वो ही फामूर्ला इस्तेमाल किया है जो 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के तत्कालीन श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया को हारने के लिए किया गया था।

सिंधिया मध्यप्रदेश में अजेय माने जाते थे।अरविंद केजरीवाल को हराये बिना भाजपा दिल्ली जीत भी नहीं सकती। उन्हें भाजपा और कांग्रेस दोनों ने घेर लिया है। वे दोहरे चक्व्र्यूह में फंसे अभिमन्यु हैं। उन्हें ये चक्रव्यूह भेदना आता है लेकिन शायद ही वे कामयाब हो पाएं।

## नौकरी की तलाश

डॉ. सुरेश कुमार

शहर का नाम था निराशपुर, जहां लोगों के चेहरे पर एक अजीब सा बोझ था। लोग बिना काम के भटकते रहते थे, जैसे मछली बिना पानी के। यहां की सबसे बड़ी समस्या थी बेरोजगारी, और यही मुद्दा सबसे ज्यादा चर्चा में था। सबको काम चाहिए था, लेकिन काम नहीं मिल रहा था। सुरेश, एक साधारण युवक, जो अपनी बीवी और दो बच्चों का पालन-पोषण करने की कोशिश कर रहा था, रोज की तरह सुबह जल्दी उठकर नौकरी की तलाश में निकलता था। उसने बहुत से कॉलेज की डिग्रियां हासिल की थीं, लेकिन नौकरी मिलने का नाम ही नहीं ले रहा था। सुरेश सोचता, "क्या दिन आ गए हैं? मैंने कड़ी मेहनत की, लेकिन अब मेरे पास पैसे नहीं हैं, और बच्चे भूखे हैं।" एक दिन, सुरेश ने अपने एक पुराने दोस्त, रामु, से मिलने का फैसला किया। रामु हमेशा खुशमिजाज और सकारात्मक रहने के लिए जाना जाता था। सुरेश ने सोचा, "शायद रामु कुछ सलाह दे सके।" जब सुरेश रामु के घर पहुंचा, तो वह उसे अपने घर की स्थिति बताने लगा। "भाई, मुझे काम नहीं मिल रहा है। मुझे अब क्या करना चाहिए?"

रामु ने हंसते हुए कहा, "सुरेश, तुमने नौकरी की तलाश में एक चीज भूल गए हो। तुम सोच रहे हो कि तुम बस एक आवेदन भेजोगे और तुम्हें काम मिल जाएगा। असल में, तुम्हें अपने नेटवर्क का इस्तेमाल करना चाहिए।" सुरेश ने पूछा, "नेटवर्क? वो क्या होता है?"
"ओह, यार! सबको पता है, नौकरी पाना अब कोई आसान काम नहीं है। तुम्हें लोगों से मिलना होगा, उनसे बात करनी होगी, और फिर वो तुम्हें किसी और से मिलवाएंगे।" सुरेश ने सोचा, "चलो, आज से मैं नेटवर्किंग करना शुरू करता हूं।" कुछ दिनों बाद, सुरेश ने एक स्थानीय सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेने का फैसला किया। वहां उसने कई लोगों से बातचीत की, और सबने उसे कहा कि उसे सोशल मीडिया पर अपनी उपस्थिति बढ़ानी चाहिए। सुरेश ने अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जो उसने हर बार काम के लिए आवेदन करते समय लगाई थीं।

## न्यूज फ्लैश

### अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सीआइए वन की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी करके नूरमहल चौक के पास करनाल से आरोपी सोमबीर पुत्र कर्मबीर वासी गांव शामड़ी, सोनीपत को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर के एक अवैध देशी पिस्तौल और 2 कारतूस बरामद किए गए।
अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना सैक्टर 32-33, करनाल में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगामी जांच हेतू आज आरोपी को अदालत में पेशकर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया।
इसके अलावा सीआइए टू की टीम द्वारा उप निरीक्षक दशरथ की अध्यक्षता में थाना सदर क्षेत्र में गस्त के दौरान डबल नहर पूल, काछवा से आरोपी सचिन पातलान पुत्र मनोज कुमार वासी गांव चोपड़ी करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी पिस्तौल बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे आज अदालत से एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### 21.25 ग्राम स्मैक के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** थाना मधुबन की टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर लालुपुर मोड शामली रोड करनाल के क्षेत्र में नाकेबंदी करके छापामारी करते हुए तीन आरोपियों इनसार पुत्र असरफ, सरवार पुत्र शौकत, और आमिर पुत्र ईतंजार वासियान को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 21.25 ग्राम स्मैक बरामद की गई। अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही नरेन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना मधुबन में मामला दर्ज किया गया है। आज आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### अपोलो स्कूल में आशीष समारोह का आयोजन कर विद्यार्थियों को वितरित किए बोर्ड प्रवेश पत्र



**समालखाः** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याणा में कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में प्रभु का आशीर्वाद व सफलता की मंगल कामना हेतु आशीष समारोह का आयोजन किया गया जिसके तहत शिक्षकों व बच्चों द्वारा विशेष पूजा अर्चना व हवन में आहुति अर्पण कर सफलता की मनोकामना की और प्रसाद स्वरूप लड्डू वितरित किए गए । इस मौके पर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र व परीक्षा संबंधित विशेष दिशा निर्देश भी दिए गए ।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अलका टंडन ने बच्चों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और परीक्षा के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम में विद्यालय की मार्गदर्शिका रजनी शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और बच्चों को अपने भारतीय संस्कारों और संस्कृति से जुड़कर अपने भविष्य को उचित दिशा देने के लिए मार्गदर्शन किया ।इस मौके पर एडमिन प्रमुख विकास अरोड़ा , ममता शर्मा,मुकेश लाकड़ा, अंकुश शर्माव अन्य उपस्थित रहे।

# परिवहन मंत्री अनिल विज के छापे में 18 चालान हुए, 2.54 लाख रुपए जुर्माना

## अम्बाला-नारायणगढ़ हाईवे पर विज ने ओवरलोडिड वाहनों को चैक किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज द्वारा अम्बाला-नारायणगढ़ हाईवे पर ओवर लोडिड वाहनों के खिलाफ लगाए गए छापे के दौरान कुल 18 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है जिनपर 2.54 लाख रुपए जुमार्ना लगाया गया है। दो वाहन चालकों द्वारा मौके पर ही चालान भर दिए गए थे जबकि शेष वाहनों को जब्त किया गया था। इन वाहनों को जुमार्ना राशि भरने पर ही छोड़ा जाएगा। आज कैबिनेट मंत्री अनिल विज बताया कि 18 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई थी जिनपर 2.54 लाख रुपए जुमार्ना लगाया गया है और यह राशि वाहन चालकों से वसूल की जाएगी।



गौरतलब है कि अम्बाला-नारायणगढ़ हाईवे पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने एकाएक छापा मारा था और हाईवे पर स्वयं उतरकर ओवरलोडिड वाहनों की जांच शुरू कर दी थी। जांच के दौरान कई वाहनों में अनियमितताएं पाई गई थी और इन वाहनों को जब्त किया गया था। छापे की जानकारी मिलते ही मौके पर आरटीए अम्बाला और पुलिस टीमें पहुंच गई थी। छापे के दौरान कई वाहन चालकों के दस्तावेज मंत्री अनिल विज ने स्वयं चैक किए जबकि उन्होंने ट्रकों में लोड किए गए सामान का वजन व आकार भी चैक किया था। मंत्री विज की इस कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति मच गई थी।

**सख्ती**

**विज का प्रयास है कि प्रदेश में ओवरलोड वाहन न चले और वाहन चालक पूरे दस्तावेजों के साथ चले**

विज ने मौके पर ही तब कहा था कि उनका प्रयास है कि प्रदेश में ओवरलोड वाहन न चले और वाहन चालक पूरे दस्तावेजों के साथ चले। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को भी इन्हें चैक करने के निर्देश दिए थे तथा यह भी कहा था कि वह कभी भी, कहीं भी वाहन जांच फिर से कर सकते हैं।

## गीता भवन ट्रस्ट परिसर में बसंतोत्सव आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरूक्षेत्र :** श्री कुरुक्षेत्र जीर्णोद्धार समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर स्थित गीता भवन ट्रस्ट परिसर में बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के वाईज चेयरमैन केके गुप्ता पटियाला वाले ने बताया बसंतोत्सव में हवन,माघ महात्म्य कथा,भंडारा और सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी पदाधिकारियों द्वारा ज्योत प्रज्जवलित करके किया। इसके पश्चात हवन में आहुतियां दी गई। माघ महात्म्य कथा सुनाते हुए पटियाला से आमंत्रित कथावाचिका संतोष शर्मा ने बताया कि सनातन धर्म में माघ महीने का महत्व बहुत अधिक है। माघ महीने में स्नान, दान, व्रत और तप करने का विधान है। इस महीने में भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। माघ महीने में किए गए दान से अक्षय पुण्य मिलता है। इसी माह में विद्या,बुद्धि और वाणी की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ।माघ महीने में गंगा स्नान करने का विशेष महत्व है जिसमें गंगा स्तोत्र और गंगा स्तुति करने से शुभ फल मिलता है।

### लापता व्यक्ति का फंदे पर लटका मिला शव

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ सिटी के बनियावाड़ा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 13 दिनों से लापता 38 वर्षीय विक्रांत सिंगला का शव उसी के घर की पहली मंजिल पर फांसी के फंदे से लटका मिला। शव की बदबू आने पर मामले का खुलासा हुआ। मामले की सूचना पर पुलिस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की जानकारी मृतक की बूढ़ी मां ने दिल्ली में रहने वाले अपने दूसरे बेटे को दी। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने विक्रांत का शव फांसी के फंदे पर लटका पाया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बादशाह खान सिविल अस्पताल के शवगृह में भेज दिया।

## कैंसर दिवस के मौके पर रैली निकाल किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**डॉक्टर** प्रेम कैंसर अस्पताल एवं प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज, जीटी, रोड बरौली पानीपत के तरफ से विश्व कैंसर दिवस के मौके पर पानीपत शहर में एक जागरूकता रैली निकाली गई जागरूकता रैली का उद्देश्य था कैंसर के लक्षणों को पहचानना और समय रहते उसका इलाज करना। विश्व कैंसर दिवस 2025 का थीम है यूनाइटेड बाय यूनीक यानी "विशिष्टता से एक जुट " पर प्रकाश डालती हैं ।जो कि यह इस बात पर जोर देती है कि प्रत्येक रोगी की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार उपचार को व्यक्तिगत और रोगी केंद्रित देखभाल के महत्व को




उजागर करती है । यह इस बात पर जोर देती है कि प्रत्येक रोगी की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार उपचार को व्यक्तिगत बनाना कितना महत्वपूर्ण है। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाते हुए डॉक्टर प्रेम कैंसर हॉस्पिटल एवं डॉक्टर प्रेम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर अभिनव मुटनेजा ने सभी छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ से मुखातिब होते हुए बताया कि डॉक्टर प्रेम कैंसर हॉस्पिटल साल 2018 में शुरू हुआ था और अभी तक करीब करीब तीन हजार से ऊपर कैंसर मरीजों का इलाज कर चुका है। डॉ अभिनव मुटनेजा ने कैंसर जैसे घातक बीमारी के बारे में बताते हुए कहा कि कैंसर अब लाइलाज नहीं है जरूरत है समय रहते कैंसर के बीमारी के लक्षणों को पहचानना एवं डॉक्टर को कंसल्ट करना आज की समय में कैंसर बीमारी अगर किसी का तिसरे स्टेज पर भी डायग्नोस हो रहा है तो वह बिल्कुल ठीक हो रहा है। डॉ अभिनव मुटनेजा ने कैंसर से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया है की जरूरत है हमें अपने रोजमर्रा का जो हमारा लाइफस्टाइल ,जीने का तरीका या दिनचर्या है उसमें परिवर्तन लाना जैसे नशे की चीजो से दूर रहना ,धूम्रपान तंबाकू का सेवन शराब , गुटखा आदि चीजों से दूर रहना बाहर की तेल मसाले वाली चीज खाने की कंट्रोल रखना डेली योगा एक्सरसाइज करना अगर हम यह चीजे अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो कैंसर से बिल्कुल बचाव हो सकता है।

### जींद में यौन शोषण से परेशान महिला ने की आत्महत्या

**जींद।** सदर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। आरोप है कि पड़ोसी द्वारा मृतका का यौन शोषण किया गया था। पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ यौन शोषण करने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मंगलवार को पुलिस ने मृतका के शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। सदर थाना क्षेत्र की एक महिला ने दोपहर को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों द्वारा उसे नागरिक अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख पीजीआई रेफर कर दिया मगर परिजन उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए। वहां उपचार के दौरान सोमवार रात को उसकी मौत हो गई। मरने से पहले महिला ने पुलिस को अपने बयान भी दिए।
जिसमें उसने बताया कि उनका पडोसी हंसराज ने उसके साथ बलात्कार किया ओर अशखेल वीडियो भी बना ली। जिसके दम पर वह उसे ब्लैकमेल करता रहा और यौन शोषण करता रहा। उसकी हरकतों से तंग आकर उसने यह कदम उठाया है।

## विद्यामंदिर क्लासेस ने 'ए डे इन अ डॉक्टर्स लाइफ' कार्यक्रम का आयोजन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**

मेडिकल करियर की ओर अग्रसर छात्रों को व्यावहारिक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से, भारत के प्रमुख कोचिंग संस्थान विद्यामंदिर क्लासेस द्वारा संचालित वीएमसी मेडिकल, जो नीट अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है, ने मैक्स हॉस्पिटल, शालीमार बाग के सहयोग से "ए डे इन अ डॉक्टर्स लाइफ" कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम में वीएमसी मेडिकल के



उत्साही छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे उन्हें डॉक्टरों के वास्तविक जीवन की झलक मिली। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिभागियों के पंजीकरण और ट्यूमर बोर्ड रूम में एक परिचयात्मक सत्र के साथ हुई, जिसने पूरे दिन के लिए एक प्रेरणादायक और सूचनात्मक माहौल तैयार किया।
वरिष्ठ प्रबंधन टीम द्वारा स्वागत किए जाने के बाद, छात्रों के लिए "द लाइफ ऑफ अ मेडिकल प्रोफेशनल" विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व मैक्स हॉस्पिटल शालीमार बाग की हॉस्पिटल ऑपरेशंस टीम की जीएम डॉ. गिरीजा रूगे यादव ने किया। उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र की वास्तविकताओं, इसमें मौजूद अवसरों और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। यह सत्र इंटरैक्टिव रहा, जिसमें छात्रों ने अपने प्रश्न पूछे और चिकित्सा पेशे के दैनिक जीवन को बेहतर तरीके से समझा। विद्यामंदिर क्लासेस के मेडिकल डिवीजन के प्रमुख महेश भाथला ने कहा,"वीएमसी मेडिकल में हमारा लक्ष्य सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि हम भविष्य के डॉक्टरों की आकांक्षाओं को प्रेरित और पोषित भी करना चाहते हैं। इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से हम अपने छात्रों को चिकित्सा पेशे से गहराई से जोड़ने के लिए अनूठे अवसर प्रदान करते हैं।

# एक्शनः करनाल में ईडी ने कुर्क की 50 करोड़ की प्रॉपर्टी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल में प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बैंक धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में 50 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर दी है। मामला श्री हरिहर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़ा है, जिसने फजीर्वाड़ा कर पंजाब नेशनल बैंक को 121.75 करोड़ रुपए की चपत लगाई थी। ईडी ने राजेश कुमार, चिराग गुप्ता, गौतम गुप्ता, अशोक कुमार और अमित कुमार गुप्ता की चल-अचल संपत्तियों को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत अटैच कर लिया है। इसमें करनाल और गुरुग्राम में घर, फैक्ट्री, जमीन, मशीनरी और बैंक में जमा रकम भी शामिल है। ईडी ने इस मामले की जांच सीबीआई नई दिल्ली द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी। जांच में सामने आया कि श्री हरिहर ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकों ने 2013 से 2019 के बीच फर्जी तरीके से बैंक से लोन लिया और इसे गबन कर लिया। इसके लिए कंपनी ने जाली बैलेंस शीट और वित्तीय दस्तावेज तैयार किए। लोन के बदले गिरवी रखी गई मशीनरी और स्टॉक को गुपचुप तरीके से बेच दिया, जिससे बैंक को भारी नुकसान हुआ।
ईडी की जांच में पता चला कि कंपनी के डायरेक्टर राजेश कुमार ने इस पूरी साजिश को अंजाम दिया। उसने लोन के पैसों को सतीवा ग्लोबल एक्सपोर्ट्स और सुपीरियर सॉयल प्रोडक्ट्स नाम की कंपनियों के खातों में घुमाया, जो खुद राजेश कुमार के कंट्रोल में थीं। इस पूरे खेल में राजेश कुमार ने अपने परिवार वालों और कई अन्य लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया, ताकि पैसों का सही सोर्स छिपाया जा सके। बैंक से धोखाधड़ी करने के बाद राजेश कुमार ने एक और चाल चली।

### फैक्ट्री के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**गन्नौर।** बड़ी उद्योगिक क्षेत्र सिथत 619 नम्बर फैक्ट्री में चल रहे भंडारे में प्रसाद लेने गए युवक की मोटरसाइकिल चोर चोरी कर ले गए। मालिक ने चोरी की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में पुरखास राठी निवासी मोहित ने बताया कि वह बड़ी उद्योगिक क्षेत्र सिथत 678 नम्बर कम्पनी में काम करता है। वह सोमवार को अपनी मोटरसाइकिल पर 619 नम्वर कम्पनी में भंडारा का प्रसाद लेने अपनी मोटरसाइकिल पर गया था। उसने मोटरसाइकिल को कम्पनी के बाहर खड़ा किया ओर अंदर चला गया। जब वह प्रसाद लेकर बाहर आया तो उसकी मोटरसाइकिल गायब थी। बड़ी

## कार्यकर्ताओं के समर्पण पर आधारित है भाजपा की सफलता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** संगठनात्मक दृष्टि से पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए भाजपा द्वारा बूथ स्तर पर जिम्मेदारियां दी जा रही है। इसी कडी में करनाल के बूथ नंबर 33 की एक बैठक वार्ड नंबर 12 न्यू चार चमन में बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर के निवास पर सम्पन्न हुई, जिसमें बूथ नंबर 33 की कार्यसमिति का गठन किया गया। बैठक में मुख्य तौर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं इस शक्ति केंद्र के पालक डा.अशोक कुमार, शक्ति केंद्र प्रमुख सतीश कश्यप, सह प्रमुख नंद लाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर बूथ नंबर 33 की कार्यसमिति में बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर



माथुर ने बूथ पालक की जिम्मेदारी प्रदीप कुमार को एवं बीएलए 2 की जिम्मेदारी अनिल पाहवा को दी गई। इसी प्रकार महिला मोर्चा का दायित्व ओम पति देवी, ओबीसी मोर्चा सुनील कुमार एवं एससी मोर्चा का दायित्व प्रवीण कुमार को दिया गया। बूथ अध्यक्ष पुष्पिंदर माथुर ने कहा कि कार्यसमिति में शेष नियुक्तियां भी शीघ्र कर दी जाएंगी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी एवं शक्ति केंद्र पालक डा.अशोक कुमार ने कार्यसमिति में शामिल सभी कार्यकताओं को उनके दायित्व के बारे जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा की सफलता संगठन की शक्ति और कार्यकताओं के समर्पण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हमें पार्टी के मूलभूत सिद्धांतों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मंत्र को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना होगा।

# सोनीपत की शेन अरोड़ा को कर्नाटक में किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः सोनीपत** की मॉडल टाऊन निवासी शेन अरोड़ा को स्ट्रीट एनिमल्स,पशु,पक्षियों ओर की सेवा करने के चलते कर्नाटक के सेडम में चल रहे भारतीय संस्कृति उत्सव -7 में युवा सम्मेलन में भारत विकास संगम द्वारा प्रतिष्ठित युवा भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है।राष्ट्रीय भारतीय संस्कृति उत्सव का आयोजन 29 जनवरी से 6 फरवरी तक किया जा रहा है।31 को आयोजित युवा सम्मेलन कार्यक्रम में आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले,दिल्ली विश्वविद्यालय की सीपीडीएचई की डायरेक्टर प्रोफेसर गीता सिंह, दक्षिण फिल्म एक्टर और निमार्ता



रमेश आनंद ने शिरकत की।
युवा भारत गौरव सम्मान अवॉर्ड भारत विकास संगम के संयोजक माधव रेड्डी,सेवानिवृत मेजर जरनल प्रमोद सहगल, पद्मश्री सुनीता कृष्ण,माणिक प्रभु संस्थान के मुखिया धनराज माणिक प्रभु महाराज द्वारा दिया गया।भारत विकास संगम के संस्थापक के.एन.गोविंदाचार्य भी उपस्थित रहे। 28 फरवरी को कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद मुख्यातिथि थे।इससे पहले भारतीय संस्कृति उत्सव के छह कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है।जिनमें पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम भी शिरकत कर चुके है ' हरियाणा से सोनीपत की शेन अरोड़ा का चयन भारत विकास संगम द्वारा किया है।

**सम्मान**

**युवा सम्मेलन में भारत विकास संगम द्वारा प्रतिष्ठित युवा भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया**

देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में 51 लोगों को सम्मानित किया है।यह पुरस्कार पशु,पक्षियों,बेघर घूमते बेजुबानों की सेवा में उनके उत्कृष्ट योगदान को मानता देता है।
करोना महामारी में भी शेन अरोड़ा रोजाना बेजुबानों स्ट्रीट डॉग्स को खाना खिलाने ओर उनकी सेवा में जुटी रही।इतना ही नहीं कई घायल जानवरों और पक्षियों का ईलाज भी वो करवा चुकी है।
भारत विकास संगम ओर इस कार्यक्रम का आयोजन श्री कोटला बसवेश्वर भारतीय शिक्षण समिति,विकास एकेडमी,भारत विकास संगम के संस्थापक और पूर्व भाजपा के वरिष्ठ नेता के.एन.गोविंदाचार्य, पूर्व सांसद बसव राज पाटिल द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। देश भर से 9 दिवसीय संस्कृति उत्सव में बड़ी संख्या में लोग शिरकत करते है।
कार्यक्रम में भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जरनल प्रमोद सहगल,माधव रेड्डी, पद्मश्री श्रीमती सुनीता कृष्ण,सरदार बलबीर सिंह,स्वामी धनराज माणिक प्रभु महाराज,अनेक शिक्षण संस्थाएं,सामाजिक संस्थाएं शिरकत कर रही है।

## आईबी महाविद्यालय में हवन यज्ञ का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

आईबी महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब एवं संस्कृत विभाग द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। संस्कृत विभाग की सहायक प्रो. सोनिया वर्मा ने पूरी विधि विधान के साथ इस हवन का शुभारम्भ मंत्रो उच्चारण द्वारा किया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक यजमान रही। डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन की हमेशा से ये ही कोशिश रही है कि हमारे विद्यार्थियों को बुनियादी शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक ज्ञान भी



दिलवाया जाए और हवन अथवा यज्ञ हिंदू धर्म में शुद्धीकरण का एक कर्मकांड है। वहीं संस्कारशाला क्लब के संयोजक प्रो.अश्वनी गुप्ता ने बताया की वायु प्रदूषण को कम करने के लिए भी ऋषि मुनि लोग यज्ञ किया करते थे। उप प्राचार्या डॉ.किरन मदान ने बताया कि हवन से वातावरण शुद्ध होता है और बैक्टीरिया खत्म होते हैं। हवन के उपरांत सभी उपस्थित जनों को प्रसाद वितरित किया गया। डॉ.नीलम दहिया, डॉ.शमीर्ला यादव, प्रो.खुशबू,प्रो.अंजलि गुप्ता,प्रो.विनय भारती, डॉ.नीतू,प्रो.पूजा व बीसीए तृतीय वर्ष की छात्राओं ने हवन में आहुति डाली।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा सरकार रिटायर्ड कर्मचारीयों की मांगों की अनदेखी करना बंद करे: तेजवीर पंजेटा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा:** हरियाणा रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक रिटायर्ड कर्मचारीयों की मांगों को लेकर जिला महासचिव बरखा राम जास्ट की दखरेख मेंआयोजित की गई । बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों एवं अन्य समस्याओं पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक सुरेंद्र शर्मा ने की। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक तेजवीर पंजेटा ने कहा कि हरियाणा सरकार रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी करना बंद करें और तुरंत रिटायर्ड कर्मचारी संगठन को बुलाकर रिटायर कर्मचारियों की मांगों को पूरा करें क्योंकि रिटायर्ड कर्मचारी संगठन अपनी मांगों को पूरा करवाने हेतु लंबे समय से हरियाणा सरकार से मांग कर रहा है। जिला सचिव बरखा राम जास्ट ने कहा कि हरियाणा सरकार ने समय रहते रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया तो रिटायर्ड कर्मचारी संगठन सरकार के विरुद्ध जोरदार संघर्ष करने में पीछे नहीं हटेगा ।बैठक में मांग की गई है कि रिटायर्ड कर्मचारियों 65,70, 75 वर्ष की आयु उपरांत 5-10-15 प्रतिशत वेतन वृद्धि दी जाए।मेडिकल1000 की बजाय 3000 रुपए दिया जाए। इस अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन ब्लॉक लाडवा के समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे।

### यातायात नियम तोड़ने वाले तथा हुडदंगबाजी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर: अधीक्षक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र:** यातायात नियमों को ताक पर रखकर हुडदंगबाजी करने वालों को एक्शन होना तय है। ऐसे शरारती तत्वों कुरुक्षेत्र पुलिस पैनी नजर रखे हुए है। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र वरुण सिंगला ने जिला पुलिस में नाकाबंदी करके ऐसे शरारती तत्वों के खिलाफ कारवाई करने के आदेश दिए थे। पुलिस अधीक्षक के आदेशों की पालना करते हुए जिला पुलिस का अपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाने हेतू चैकिंग अभियान लगातार जारी है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने अपने आदेश में कहा था कि नाकाबंदी के दौरान बुलेट से पटाखे बजाने वाले, ब्लैक फिल्म लगे वाहन, बिना नम्बर प्लेट तथा संदिग्ध वाहनों की गहनता से जाँच करें तथा नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ सख्त कारवाई करें। आदेशों की पालना में यातायात पुलिस सहित पुलिस की विभिन्न टीमें अलग-अलग एरिया में चैकिंग अभियान चला रही है।

# जरूरतमंदो को समाधान शिविर का मिल रहा लाभ: उपायुक्त

## शिविर में पहुंची विभिन्न विभागों से जुड़ी 68 समस्याएं, उपायुक्त ने कहा हर समस्या का होगा समाधान

**समाधान**

**शहर के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते है व अधिकारियों के सहयोग से समाधान करवाते है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्ग दर्शन का लाभ प्रदेश के नागरिकों को जनता समाधान शिविर के माध्यम से प्रचुर मात्रा में मिल रहा है। जिले व उपमंडल स्तर पर आयोजित किये जा रहे समाधान शिविर में रोजाना गांव व शहर के लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते है व अधिकारियों के सहयोग से समाधान करवाते है।
जिला सचिवालय में मंगलवार को समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त डॉ.वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि अधिकारियों की निष्ठद्ता पर लोगों को अटूट विश्वास है। इसी विश्वास के तहत लोग दूर दराज से अपनी समस्याओं का निदान करवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंचते है।

उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर उन लोगों को विशेष राहत प्रदान कर रहा है जो लोग समस्याओं से ग्रस्त थे व समाधान की तालाश में कार्यालयों के बार बार चक्कर लगा रहे थे उन लोगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल मार्ग दर्शन का लाभ मिल रहा है। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविर में आम तौर पर पैंशन विभाग से जुड़ी हुई समस्याएं आ रही है। इन समस्याओं का समाधान अधिकारी मौके पर करने का प्रयास करते है। इसमें एक व्यवस्था के तहत आम व्यक्ति की पैंशन संबंधी, फैमली आईडी संबंधी समस्याओं का समाधान मुख्य तौर पर किया जाता है।

अतिरिक्त उपायुक्त डॉ.पंकज यादव ने कहा कि एक ही छत के नीचे आम जन की समस्याओं की सुनवाई सभी विभागों के अधिकारी 2 घंटे करते है व उनकी समस्याओं का निदान करते है। ये समाधान शिविर जनता के लिए किसी बूटी से कम नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को समय पर समाधान शिविर में पहुंचने के निर्देश दिए। एसपी लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि समाधान करना हमारी बड़ी डयूटी है। जिस तरह के मामले समाधान शिविर में जनता द्वारा प्रस्तुत किये जाते है। उसमें अधिकारियों की बड़ी ताकत लगती है लेकिन समाधान निश्चित रूप से हो जाता है। जनता का समाधान शिविरों के प्रति बढ़ता आर्कषण सरकार के इस बड़े कार्यक्रम को सफल बना रहा है।

समाधान शिविर में राजकमल वासी अशोक विहार ने उपायुक्त से प्रार्थना की कि वह मेट्रो रिक्शा चला कर अपनी जीविका चलाता है। उन्हें झूठी शिकायत में फसाकर उनकी मानसिक रूप से प्रताडना की जा रही है व उनकी मेट्रो रिक्शा भी जब्त कर ली गई है। उन्होंने प्रशासन से मेट्रो रिक्शा छुड़वाने व न्याय की अपील की।

प्रार्थी सुमन ने उपायुक्त से अनुरोध किया कि मृत्यु प्रमाण पत्र में उनके पति के पिता का नाम अभी तक चढ़ाया नहीं गया है। उपायुक्त ने सीएमसी को जांच के आदेश दिए व कार्य को तुरंत करवाने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में फिरोजा वासी वार्ड नम्बर 12 ने उपायुक्त से कहा कि मेरे पति का देहांत हो चुका है।

## समाधान शिविर की नवनियुक्त डीसी ने की अध्यक्षता




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि अम्बाला जिला में आयोजित समाधान शिविर के तहत 25 नवम्बर 2024 से लेकर 3 फरवरी 2025 तक 848 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 750 शिकायतो का निपटान कर दिया गया है तथा शेष बची 98 शिकायतों के निपटान बारे सम्बन्धित विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर जिला स्तर पर आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर को आयोजित किए जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि एक ही छत के नीचे सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहकर प्रार्थी की समस्या को सुनकर उसका निवारण कर रहे हैं। जिला अम्बाल में समाधान शिविरों के तहत प्राप्त होने वाली शिकायतों का निपटान का प्रतिशत 88.5 प्रतिशत है। सभी के सहयोग से इस प्रतिशत को 90 प्रतिशत से अधिक किया जाएगा। उन्होने यह भी कहा कि समाधान शिविर के अलावा सम्बन्धित विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी प्रार्थी किसी भी समस्या के लिए किसी कार्यालय में जाता है उसकी समस्या का भी वे प्राथमिकता से समाधान करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर में कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को आकर रख सकता है।
समाधान शिविर लोगों की समस्याओं का निवारण करने में बेहद ही कारगर सिद्ध हो रहे हैं। इसके साथ-साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री भी इन शिविरों की वीसी के माध्यम से मोनिटरिंग भी कर रहे हैं।

## महिलाओ को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** प्रदेश सरकार महिलाओ को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। डीसी डाक्टर वीरेंद्र दहिया ने बताया की हरियाणा सरकार ने महिला सशक्तिरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय 5 लाख या फिर इससे कम हो, साथ ही महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। डीसी ने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओं को 3 लाख तक का ऋण 7 प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है। इस ऋण के माध्यम से महिलायें स्वरोजगार स्थापित करके दूसरे नागरिकों को भी रोजगार प्रदान कर सकेंगी।

## सरस्वती पूजन एवं समर्पण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**समर्पण**

**वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड कुरूक्षेत्र में माँ सरस्वती पूजन और समर्पण दिवस मनाया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड कुरूक्षेत्र में माँ सरस्वती पूजन और समर्पण दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, ग्रामीण शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष तथा विद्यालय के उपाध्यक्ष अशोक रोशा, विद्यालय प्रबंधक वीरेंद्र वालिया तथा कोषाध्यक्ष रमेश गुलाटी और प्रधानाचार्य अनिल मदान ने माँ सरस्वती भारत माता व वीर बालक हकीकत राय के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय छात्रों द्वारा मां सरस्वती वंदना के बाद एक बहुत ही प्रेरणादाई सामूहिक गीत( देश हमें देता है सब कुछ हम भी तो कुछ देना सीखें) ,संगणक आचार्य वीरेंद्र के द्वारा- तन समर्पित मन समर्पित और यह जीवन समर्पित -गीतों की प्रस्तुतियां देकर सभी को भाव विभोर कर दिया। उसके बाद विद्यालय प्राचार्य अनिल मदान ने सभी आए हुए मुख्य अतिथियों तथा अभिभावकों का परिचय सबके समक्ष कराकर सबका स्वागत किया।
मुख्य अतिथि व उपाध्यक्ष हिंदू शिक्षा समिति हरियाणा के चेतराम शर्मा ने अपने उद्बोधन में बताया कि तन समर्पित मन समर्पित वाले गीत के भाव से मेरे मन में भी नए उद्गार जागृत हुए और आप सबके बीच मेंअपने विचार प्रस्तुत करने का शुभ अवसर मुझे प्राप्त हुआ है। ज्ञान दायिनी मां सरस्वती हमारे हृदय को शुद्ध बनाकर हमें विमल मति प्रदान करती है जिससे एक व्यक्ति अपने संपूर्ण जीवन में हमेशा अपनी उन्नति करते हुए अच्छे कार्य करता है । आज उनके समक्ष हमें अपने विचार , भाव और कुछ धनराशि समर्पण करने का एक शुभअवसर प्राप्त हुआ है। समर्पण केवल रूपए पैसे का ही नहीं बल्कि अपने सब विचारों का भी होता है और भावनाओं का भी होता है।

## ऑफिसर एसोसिएशन शिक्षा विभाग ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** ऑफिसर एसोसिएशन शिक्षा विभाग कुरुक्षेत्र ने नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत। श्रीमती संतोष शर्मा के जिला शिक्षा अधिकारी का पद ग्रहण करने पर शिक्षा विभग कुरुक्षेत्र की ऑफिसर एसोसिएशन ने आज उनका पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया है। ऑफिसर एसोसिएशन के जिला प्रधान रामपाल सरोहा के नेतृत्व में



एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा का स्वागत करने के लिए और जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण करने पर उन्हें बधाई देने के लिए उनके कार्यालय में पहुंचे। एसोसिएशन के जिला प्रधान रामपाल सरोहा ने जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा को आश्वसत करते हुए कहा कि जिला कुरुक्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए व शिक्षा विभाग की नीतियों को बेहतर तरीके से लागू करने में एसोसिएशन की तरफ से जिला शिक्षा कार्यालय का भरपूर सहयोग दिया जाएगा।

**जिम्मेदारी**

**संतोष शर्मा का स्वागत करने के लिए और जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार ग्रहण करने पर उन्हें बधाई दी**

जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती संतोष शर्मा ने कहा कि सभी प्रिंसिपल अपने-अपने स्कूल की गतिविधियों को बुलंदियों पर लेकर जाएं ताकि जिला कुरुक्षेत्र का पूरे हरियाणा में नाम चमक सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रिंसिपल को विद्यालय के विकास में कोई दिक्कत नहीं आने दीजएगी।

## महासंगम यात्रा आज रामेश्वरम के मंदिर में पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद एवं भगवा ऐप द्वारा आयोजित महासंगम यात्रा आज रामेश्वरम के मंदिर में पहुंची। यहाँ कदम रखते ही भक्तों की 10 दिन के लगातार सफर की थकान मंदिर के दर्शन मात्र से खत्म हो गई। बता दें महासंगम यात्रा 23 जनवरी को दिल्ली से शुरू होकर विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थानों से गुजरते हुए रामेश्वरम पहुँची है। यात्रा के दौरान भक्तों ने प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर अपनी शुरूआत की थी। इस यात्रा में करीब 150 भक्त शामिल हैं। यहां यात्रा के दौरान



भक्तों ने इस दिव्य स्थल पर पूजा अर्चना की और समुद्र तट पर स्नान किया। दीप सिहाग सिसाय राष्ट्रीय महामंत्री अन्तर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद व चेयरमैन एवीपीएल इंटरनेशनल ने बताया कि महासंगम यात्रा केवल एक तीर्थ यात्रा नहीं है। यह हमारे प्राचीन मंदिरों को पुनर्जीवित करने और लोगों को उनके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल से जोडने का एक आंदोलन है। रामेश्वरम मंदिर पहुँचने का अनुभव हमारे लिए बहुत गहरा और दिव्य था।

## कैथल से असंध जा रही बस खेतों में पलटी

**कैथल।** कैथल से असंध जा रही एक निजी बस सड़क किनारे पलट गई। मंगलवार सुबह गांव जाखौली के पास हुए हादसे में तीन सवारियां घायल हो गई जिन्हें कैथल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। थाना तितरम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि 60 सवारियों से भरी बस कैथल से असंघ जा रही थी। गांव जाखौली में सड़क बनने के कारण रास्ता बंद था, इस कारण बसों के रास्ते को बदल गया था। बसों को गांवों में से होते हुए लिंक रोड से निकाला जा रहा था। लिंक रोड पर जैसे ही बस गांव किठाना के पास पहुंची तो वह सड़क किनारे पलट गई। जिस कारण तीन लोग घायल हो गए।

## सांसद जिन्दल ने केंद्रीय रेलमंत्री का जताया आभार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** सांसद नवीन जिन्दल ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन को "अमृत भारत स्टेशन योजना" में शामिल करवाकर कुरुक्षेत्र को एक महत्वपूर्ण सौगात दिलाने का काम किया है। यह महत्वपूर्ण निर्णय न केवल कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण को गति देगा, बल्कि यात्रियों की सुविधाओं में भी उल्लेखनीय सुधार लाएगा।
सांसद नवीन जिन्दल ने कहा कि कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल करना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस



योजना के तहत स्टेशन के बुनियादी ढांचे में व्यापक सुधार होगा, जिससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव जी ने धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के लिए यह महत्वपूर्ण सौगात दे कर क्षेत्र की इस मांग को पूरा किया है।
उन्होंने आगे कहा कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं और इस प्रकार की योजनाएँ क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में मदद करेंगी। श्री जिन्दल ने विश्वास जताया कि इस पहल से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि व्यापार और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल ने रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर, कुरुक्षेत्र के विकास के लिए रेलवे से संबंधित अनेक योजनाओं पर विचार-विमर्श किया था।

**सौगात**

**कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन को "अमृत भारत स्टेशन योजना" में शामिल करवाकर महत्वपूर्ण सौगात दिलाने का काम किया**

## एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन पानीपत एवं पुलिस विभाग के सानिध्य में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय स्त्री-पुरुष समानता में नागरिक दायित्व रहा । कार्यशाला की प्रेरणा श्रोत अमनीत पी कुमार, आईएएस, प्रधान सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा सरकार और मार्गदर्शन डॉ वीरेंद्र दहिया, आईएएस उपायुक्त पानीपत ने दिया । कार्यशाला की अध्यक्षता टीनू पोसवाल सिटी मजिस्ट्रेट पानीपत और धन्यवाद प्रस्ताव परमिन्द्र कौर महिला बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी ने किया । कार्यशाला में बतौर मुख्य वक्ता डॉ सुधा सिंह,




लेखिका एवं सीनियर प्रोफेसर, हिंदी विभाग, दिल्ली विश्वविधालय नई दिल्ली, डॉ संध्या सिंह प्रोफेसर भाषा विभाग, एनसीईआरटी, नई दिल्ली, डॉ सीता रश्मि पुणे और डॉ शिखा राय, प्रोफेसर जन सम्पर्क विभाग, इग्नू नई दिल्ली और इंस्पेक्टर रेखा महिला थाना पानीपत ने भाग लिया । मेहमानों का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने पुष्प-रोपित गमलें भेंट करके किया । आज के आयोजन का मुख्य आकर्षण शुरूआत समिति द्वारा निर्देशित और उनकी पहल पर आधारित दो नाटक ह्यजिंदगी न मिलेगी दुबाराह्न और ह्यधरती करे पुकारह्न रहे । दोनों नाटक इतिहास बने सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी पर आधारित रहे । विदित रहे की पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर की अगुआई में जिले की महिलाएं आज सुरक्षित सफर का अननद ले रही है और आज जीटी रोड पर उन्हें कोई बही नहीं महसूस होता है बल्कि 112 नंबर डायल करके उन्हें तुरंत सुरक्षा प्रदान की जाती है । कार्यशाला में चित्रकला प्रदर्शन और डोकुमेंत्री फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया । मंच संचालन श्री राजीव रंजन संस्कृति कर्मी ने किया जिन्होनें इस कार्यशाला के उद्देश्य और प्रस्तावना को विस्तृत रूप से समझाया ।

**उद्देश्य**

**ये पहचान अन्य लोगों के साथ हमारे संबंधों से उत्पन्न होती हैं और सामाजिक संवाद तथा सामाजिक मान्यता पर निर्भर करती हैं**

अमनीत पी कुमार, आईएएस, प्रधान सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग ने अपने सन्देश में कहा कि सभी विभागी की कार्यशैली विकसित होनी चाहिए और स्त्री-पुरुष को समान दृष्टि उपलब्ध हो । लिंग का संबंध सामाजिक दृष्टि से संरचित पहचानों और महिलाओं और पुरुषों की भूमिकाओं के साथ है । ये पहचान व्यक्तिगत पहचान नहीं हैं बल्कि सामाजिक पहचान हैं। ये पहचान अन्य लोगों के साथ हमारे संबंधों से उत्पन्न होती हैं और सामाजिक संवाद तथा सामाजिक मान्यता पर निर्भर करती हैं । इस पहचान को बचपन में सामाजिक विकास के साथ समझा जाता है।

## सही मार्गदर्शक हो तो संस्थान होता है विकास पथ पर अग्रसर: अनिल वर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** अगर किसी संस्थान का मार्गदर्शक अनुभवी और विद्वान हो तो वो संस्थान विकास के नित नए आयाम स्थापित करता है ।यह विचार भारतीय जनता पार्टी के कला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक और भाजपा नेता अनिल वर्मा ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति सोमनाथ सचदेवा से औपचारिक भेंटवार्ता के पश्चात व्यक्त किए ।अनिल वर्मा ने कहा कि कुलपति सोमनाथ सचदेवा का व्यवहार बहुत मिलनसार और विनम्र है जिसकी सभी लोग मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हैं ।अनिल वर्मा ने कहा कि जब किसी संस्थान का नेतृत्व किसी अच्छे विद्वान इंसान के हाथों में हो तो वो संस्थान विकास की नई गाथा



लिखता है ।इसी प्रकार जब से सोमनाथ सचदेवा जी ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कमान संभाली है तब से ही विश्वविद्यालय शिक्षा,खेल,कला व संस्कृति सहित प्रत्येक क्षेत्र में नित नई बुलंदियां छू रहा है ।अनिल वर्मा ने कहा कि कुलपति सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ही नेक द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अ++ सम्मानित ग्रेड दिया गया है जो इस विश्विद्यालय के सारे शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक स्टॉफ और छात्र - छात्राओं के लिए गर्व का विषय है ।अनिल वर्मा ने यह भी कहा कि कुलपति सोमनाथ की विद्वता उनके संबोधन में स्पष्ट नजर आती है और वो किसी भी विषय पर बोलने में पारंगत हैं और बड़ी ही खूबसूरती से विद्यार्थियों और आयोजकों को किसी भी कार्यक्रम को अधिक बेहतरीन ढंग से आयोजित किए जाने संबंधी सुझाव बड़े ही सरल शब्दों में समझा देते हैं जिससे अगली बार वो कार्यक्रम और अधिक भव्य व गरिमापूर्ण रूप में नजर आता है ।कुलपति सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ही विश्विद्यालय ने केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति को बड़ी ही सुगमता और सहजता से अपने पाठ्यक्रम में शामिल किया है

# विकसित भारत 2047 में विज्ञान तकनीक की अहम भूमिका : प्रोफेसर सोमनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** विकसित भारत 2047 में विज्ञान तकनीक की अहम भूमिका है। भारत के विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने का रास्ता विज्ञान, तकनीक एवं अनुसंधान से निकलता है। युवाओं को विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में जिज्ञासु, तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मक होना चाहिए तभी वे नवाचार के माध्यम से विकसित भारत अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह उद्गार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को श्रीमद्भगवद् गीता



सदन (ऑडिटोरियम हॉल) में केयू तथा हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से ह्यविज्ञान और प्रौद्योगिकी की अद्भुत दुनियाह्ल विषय पर आयोजित दो दिवसीय विज्ञान कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, निदेशक डॉ. रंजना अग्रवाल, केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन प्रो. संजीव अरोड़ा, प्रो. जीपी दुबे,

**योगदान**

**युवा ही देश को साइंस एवं तकनीक के द्वारा विकसित देश बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं**

डॉ. सुमन मेहंदिया व डॉ. दीपक राय बब्बर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं सृजनात्मकता के बल पर सीवी रमन ने पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया। वे पहले एशियाई एवं भारतीय युवा वैज्ञानिक थे जिन्हें नोबल पुरस्कार मिला। वहीं थॉमस एडिसन ने स्वाध्याय के बल पर दस हजार मैटेरियल पर शोध कर विद्युत बल्ब की खोज की थी। भारत के मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने भारतीय सैटेलाइट लांच व्हीकल, परमाणु परीक्षण में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है, युवा ही देश को साइंस एवं तकनीक के द्वारा विकसित देश बनाने में अपना योगदान दे सकते हैं।

# प्रशासन और लोगों के बीच मीडिया एक महत्वपूर्ण कड़ीः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रणाली में मीडिया चौथा स्तम्भ है तथा प्रशासन और लोगों के बीच मीडिया एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ आमजन तक सुगमता से मिले इस कार्य में भी मीडिया अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। उपायुक्त मंगलवार को अपने कार्यालय में मीडिया साथियों के साथ प्रेसवार्ता कर रहे थे। यहां बता दें कि बीते कल ही अजय सिंह तोमर ने उपायुक्त अम्बाला का कार्यभार संभाला है।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ जनता को



और सुगमता से मिले व जिन परियोजनाओं पर कार्य चल रहे हैं उनमें तीव्रता लाई जाएगी, यह उनकी प्राथमिकता में शामिल है। इसके साथ-साथ साफ-सुथरा प्रशासन व सभी कर्मचारी अपने कार्य को कर्मठता व ईमानदारी से करते हुए जनहित के लिए कार्य करें, यह भी उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो पद हमे मिलता है, उसके तहत हमें जनता की भलाई के लिए काम करना है। हरियाणा सरकार की जीरो टोलरैंस नीति के तहत जनप्रतिनिधि व लोगों के सहयोग से सभी कार्यों को बेहतर समन्वय के साथ करवाया जाएगा। उन्होने कहा कि मीडिया लोकतांत्रिक प्रणाली में चौथा स्तम्भ है तथा यह अपने कार्य को बखूबी निभा रही है। उन्होने मीडियाकर्मियों से कहा कि वे सुनी-सुनाई खबर प्रकाशित न करें, खबर प्रकाशित करने से पहले दोनों पक्षों को जानकर या उनका वर्जन लेकर ही खबर प्रकाशित करें।

उन्होने मीडियाकर्मियो से बातचीत करते हुए यह भी कहा कि कोई भी साथी उनसे आकर मिल सकता है। इस मौके पर पत्रकारों ने नगर निगम से सम्बन्धित कुछ समस्याएं रखी जिनमें नालों की सफाई के साथ-साथ अन्य शामिल थे।

## न्यूज फ्लैश

### नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए: एसडीएम कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़,** । हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार डीसी डॉ विवेक भारती के मार्गदर्शन में महेंद्रगढ़ में समाधान शिविर के माध्यम से जन सुनवाई करते हुए जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों का प्राथमिकता से निदान किया जा रहा है। जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर में मंगलवार को एसडीएम संजीव कुमार ने नागरिकों की 34 समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम संजीव कुमार ने समाधान शिविर में आई शिकायतों का नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। समाधान शिविर में प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है।

### घरेलू कलह और पति की बेवफाई से तंग आकर महिला ने निकला जहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के शेखपुरा पुलिया गांव में घरेलू कलह और पति की बेवफाई से तंग आकर एक महिला ने जहर निगल लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला का पति पड़ोस की एक महिला के साथ पानीपत में रहता था। जब भी वह घर आता तो अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट करता था।

आरोपी पति के दूसरी महिला से दो बच्चे भी हैं। पति से बार-बार घर आने के लिए कहा गया, लेकिन वह वापस नहीं आया। इससे परेशान होकर पहली पत्नी ने जहर खा लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराया और जांच शुरू कर दी है।


मृतका रेखा की सास लाजवंती ने बताया कि करीब 10 साल पहले रेखा की उसके बेटे संजय के साथ शादी हुई थी। शादी के कुछ साल बाद ही बेटा पड़ोस की एक महिला के साथ पानीपत रहने लगा। अब उसने दूसरी शादी कर ली थी या सिर्फ लिव-इन में रह रहा था, इसका कोई ठिकाना नहीं। जब भी वह अपने असली घर लौटता था तो अपनी पत्नी और बच्चियों के साथ मारपीट करता था।

मृतका की सास ने बताया कि उसकी बहू घर खर्च चलाने के लिए मजदूरी करती थी, वहीं बेटा अपनी दूसरी पत्नी के साथ रह रहा था। इतना ही नहीं दूसरी पत्नी ने कई बार घर आकर झगड़ा किया और उसे घर से निकालने की धमकी दी। लाजवंती ने बताया कि उनका बेटा संजय पिछले एक हफ्ते से घर नहीं आ रहा था। उनकी बहू बार-बार उसे फोन कर रही थी, लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं था। इस बेरुखी से वह अंदर ही अंदर टूट चुकी थी। आखिरकार, उसने कल सुबह 10 बजे जहर खा लिया। जब उसकी तबीयत बिगड? लगी तो परिजनों ने उसे तुरंत करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन देर रात उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आज शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने मंगलवार को चुलकाना गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नशे से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, साथ ही यह भविष्य को भी खतरे में डालता है। नशे की लत न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि यह परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या उत्पन्न करती हैं।




विद्यार्थियों को बताया कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं। नशा एक ऐसी चीज है जो हमारे सपनों को तो खत्म करता ही है साथ ही साथ हमें अंदर से खोखला भी बनाता है। आज का युवा अपने मकसद और अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत गलत प्रभाव डालता है।

**गलत प्रभाव**

**नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर गलत प्रभाव डालता है**

# योग मनुष्य को ऊर्जावान और स्फूर्तिवान बनाए रखता हैः दिनेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत मिशन प्रमुख योग गुरु दिनेश गुलाटी ने योग का प्रचार करते हुए जयपुर में दूसरे दिन भी योग करवाया। उन्होंने बताया कि रिजॉर्ट में प्रकृति की गोद में बैठकर खुले आसमान में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। उन्होंने पर्यटकों को योग सिखाते हुए सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया और उसके लाभ बताए।

उन्होंने कहा कि योगिक क्रियाएं, आसन, सूर्य नमस्कार और प्राणायाम, इन सबके नित्य प्रति अभ्यास करने से निरोग जीवन व्यतीत किया जा सकता है। स्वस्थ और निरोग समाज ही विकास और प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है। उन्होंने बताया कि मिशन के तहत उनका उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति को स्वस्थ करना है, ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण किया जा सके।

मौजूद पर्यटकों ने उनके साथ योग का भरपूर आनंद और लाभ लिया और योग की सभी क्रियाएं और बारीकियां को समझा। उन्होंने कहा कि योग मनुष्य को ऊजार्वान और स्फूर्तिवान बनाए रखता है। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के साथ वह लगातार इस इस मिशन में आगे बढ़ते रहेंगे।

# राहुल गांधी देश को नीचा दिखाने की कोशिश करते हैंः मेघराज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन कुरुक्षेत्र के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व जिला सह संयोजक मेघराज बंसल ने कुरुक्षेत्र में पत्रकारों से बातचीत करते हुए राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं चीन के कब्जे वाली बात को झूठ करार देते हुए कहा कि लोकसभा में चर्चा के दौरान राहुल ने यह आरोप लगाया कि चीन भारत की सीमा के अंदर मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गंभीर विषय है। स्पीकर ओम बिरला ने भी राहुल को हिदायत दी कि वह



अपनी टिप्पणी के पक्ष में तथ्य भी सामने रखें। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी अक्सर झूठ बोलते हैं। उन्हें इसका सामान्य ज्ञान होना चाहिए कि प्रधानमंत्री दूसरे देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और विदेश मंत्री से मिलने नहीं जाते। यह पूरी तरह बेबुनियाद है कि यात्रा का राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण के न्योते से कोई लेना-देना था।

# अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में 3 फरवरी 2025 को सीआईए-2 के पुलिस दल ने निरीक्षक महिन्द्र सिहँ के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश कुमार निवासी गाँव तेपला थाना साहा जिला अम्बाला व तरूणदीप निवासी नजदीक छोटा गुरूद्वारा गाँव साहा थाना साहा जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत



में भेज दिया।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता पूर्ण चन्द निवासी ग्वाल मण्डी रामबाग रोड अम्बाला छावनी जिला अम्बाला ने 30 जनवरी 2025 को थाना अम्बाला छावनी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 29 जनवरी 2025 को आरोपी सागर व अन्य ने हाऊसिंग बोर्ड कालोनी अम्बाला छावनी से पानी की टैंकी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-2 के पुलिस दल को सौंप दी थी।

# युवक को पिस्तौल सहित किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नाजायज हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू कुमार पुत्र पृथ्वी सिंह निवासी नाढोडी के रूप में हुई है। थाना भूना में मंगलवार को उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना भूना प्रभारी ने बताया कि सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एसआई बलजीत सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब भूना से कुलां रोड पर जा रही थी तो रास्ते में नाढोडी रोड पर टी प्वाइंट पर एक युवक खड़ा दिखाई दिया।

# 70 ग्राम चरस सहित नशा तस्कर को काबू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने जीटी रोड पर भापरा मोड़ के पास एक्टिवा सवार एक युवक को 70 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मोनू निवासी मुरसैना बदायू यूपी हाल किरायेदार सेक्टर 13/17 के रूप में हुई।

एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि उनकी टीम को सोमवार शाम को गुप्त सूचना मिली की मोनू निवासी मुरसैना बदायू यूपी हाल किरायेदार सेक्टर 13/17 एक्टिवा पर मादक पदार्थ लेकर पानीपत से समालखा की तरफ आएगा। पुलिस टीम ने सूचना को पुख्ता



मानते हुए जीटी रोड पर भापरा मोड़ के पास नाकाबंदी कर संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू कर दी। कुछ देर पश्चात एक युवक पानीपत की और से एक्टिवा पर आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम ने चालक को इशारा कर एक्टिवा को रूकवाकर युवक से पूछताछ की तो उसने अपनी पहचान मोनू पुत्र मोरपाल निवासी मुरसैना बदायू यूपी हाल किरायेदार सेक्टर 13/17 के रूप में बताई। पुलिस टीम ने नियमानुसार ड्यूटी मेजिस्ट्रेट ईटीओ डॉ. अजय कुमार की मौजूदगी में युवक की एक्टिवा की तलाशी ली तो सीट के नीचे डिग्गी में एक पोलोथीन से चरस नशीला पदार्थ बरामद हुआ। बरामद चरस का वजन करने पर 70 ग्राम पाया गया।

प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए कुछ दिन पहले 100 ग्राम चरस यूपी के कैराना में अज्ञात युवक से कम कीमत पर खरीदकर लाया था।

**शिकंजा**

**आरोपी की पहचान मोनू निवासी मुरसैना बदायू यूपी हाल किरायेदार सेक्टर 13/17 के रूप में हुई**

# दोस्त बनकर एक लाख ठगे, फोन किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के गांव कुटेल का एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। उससे उसके दोस्त के नाम पर ऑनलाइन चैट के जरिए 2 लाख रुपए मांगे गए और उसने झांसे में आकर पैसे ट्रांसफर कर दिए। बाद में जब उसने अपने असली दोस्त से बात की तो सच्चाई सामने आई, जिसके बाद पीड़ित ने साइबर थाना करनाल में शिकायत की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुटेल गांव निवासी समीर ने बताया कि उसका दोस्त अजय पाल इंग्लैंड में है। अचानक फेसबुक चैट पर एक अज्ञात व्यक्ति ने अजय पाल बनकर उससे संपर्क किया। उसने कहा कि वह इंग्लैंड में बुरी तरह फंस गया है और इमिग्रेशन वालों ने उसे पकड़ लिया है। अगर उसे जल्द ही 2 लाख रुपए नहीं मिले तो बड़ी दिक्कत हो जाएगी। समीर अपने दोस्त की मदद करने की जल्दी में था। जालसाज ने उसे एक बैंक खाता नंबर (निरंजन लाल शर्मा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया) दिया, जिसमें समीर ने 50-50 हजार रुपए की किस्तों में कुल एक लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। उसने यह पैसे अपने एक्सिस बैंक और पीएनबी खातों से भेजे थे। समीर को जब बार-बार कॉल आने लगी और और पैसे की मांग होने लगी, तो उसे शक हुआ।

# वार्षिक उत्सव समारोह में समाजसेवी दीपक वोहरा को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** पूर्व प्रिंसिपल यशवीर शर्मा ने कहा कि दीपक वोहरा एक सामजिक कार्यकर्ता है जो अंबाला में निष्पक्ष रूप से नर सेवा नारायण सेवा करते हैं ।डॉक्टर राजेंद्र सैनी ने कहा की जर्नलिस्ट एक आम जनता की आवाज है जिसे जनता की समस्याओं को प्रशासन तक मीडिया में माध्यम से हर समस्या का हल किया जा सकता है , पूर्व प्रिंसिपल राजकुमार अग्रवाल ने कहा दीपक वोहरा समाज सेवा के कार्य में सबसे आगे रहते हैं ।सेवा



भारती द्वारा वार्षिक उत्सव समारोह में संस्था जिला अध्यक्ष उत्तम चंद भोला,नगर अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल , जिला सचिव शैलेश दीवान , नगर सचिव उदयवीर सिंह चौहान आदि अन्य सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे ।

# आने वाले समय में बड़े स्तर पर किया जाएगा सरस्वती महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र/पिहोवा :** सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्स 29 जनवरी से 4 फरवरी तक उपमंडल पिहोवा में मनाया गया। बडे स्तर पर आयोजित इस महोत्सव का मंगलवार को भव्यता के साथ समापन हुआ। आने वाले समय में सरस्वती महोत्सव को और अधिक विस्तार के साथ मनाया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के समापन समारोह में उपाध्यक्ष सरस्वती विकास बोर्ड के धुमन सिंह किरमच ने कहा कि इस महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक मनाने का पहला प्रयास सफल रहा। लोग दूर-दूर से सरस्वती तट पर मां सरस्वती का आशीर्वाद लेने के लिए इस महोत्सव में पंहुचे। इसके



अतिरिक्त गणमान्यों व्यक्तियों के इस महोत्सव में शिरकत करने से महोत्सव की शोभा में चार चांद लग गए। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में दिन-राम मेहनत करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का धन्यवाद किया तथा उन्हें सम्मानित भी किया। इस मौके पर उन्होंने मीडिया का भी धन्यवाद किया तथा उन्हें भी सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि अगले वर्ष इस महोत्सव को इससे भी अधिक बडे स्तर पर मनाया जाएगा तथा इस बार जो कुछ एक कमियां आई, उन्हें दुरूस्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरस्वती तीर्थ की साफ-सफाई तथा रख-रखाव व सौंदर्यकरण का कार्य लगातार चलता रहेगा। इसके अतिरिक्त 29 मार्च को चैत्र चैदस मेले की तैयारियां भी सरस्वती तीर्थ पर आरंभ कर दी जाएंगी। तीर्थ पर बाहर से आने वाले लोगों को कोई समस्या न हो, इसके भी इंतजाम पहले से ही कर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरस्वती नदी को लेकर जो भी कल्चर जहां भी है, उसे सरस्वती तीर्थ पर किसी न किसी तरीके से आमजन के समक्ष रखा जाएगा ताकि लोगों को सरस्वती नदी के बारे में सम्पूर्ण ज्ञान मिल सके। उन्होंने कहा कि सिलेक्टेड प्वायंट पर कैमरे लगातार चलते रहेंगे ताकि किसी भी असामाजिक गतिविधि को अंजाम न मिल सके।


उन्होंने पुलिस विभाग से भी आग्रह किया कि वे कुछ सिपाहियों की डयुटी सरस्वती तीर्थ पर लगाए ताकि चोरी आदि के कार्यों पर रोक लगाई जा सके। इस मौके पर डीएसपी निर्मल सिंह, तहसीलदार विनती, सिंचाई विभाग के एससी अरविंद कौशिक, नगर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि उप प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र ढींगरा, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड सदस्य गुरविंदर सिंह मोरथली, खंड शिक्षा अधिकारी रामराज, सरस्वती हेरिटेज बोर्ड एक्ससीएन जसतेज सिंह सैनी, उप मंडल अधिकारी विनोद, सतबीर केत्त, संदीप कुमार सुपरिंटेंडेंट, गुरप्रीत सिंह, डॉ सतीश सैनी, साधु राम सैनी पूर्व मण्डल अध्यक्ष, राजीव, हन्नु चक्रपाणि, बाबूराम मंडल अध्यक्ष, प्रिंस मंगला मंडल अध्यक्ष, उमाकांत शास्त्री स्टेज मास्टर, रोशन लाल, विक्कल चैबे सरपंच, अभिजीत, गेरी रंधावा, अमन विडलान और सभी पत्रकार व छायाकार सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**बैठक**

**कुछ सिपाहियों की डयुटी सरस्वती तीर्थ पर लगाए ताकि चोरी आदि के कार्यों पर रोक लगाई जा सके**

# पुस्तक मेले में हुआ 'पीएम पावर' किताब का लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारत मंडपम** में चल रहे नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में सोमवार को वरिष्ठ पत्रकार अमित कुमार और ऋतु श्रीवास्तव की किताब 'पीएम पावर' का लोकार्पण डायमंड बुक के स्टाल पर हुआ। किताब का लोकार्पण डायमंड बुक के निदेशक एनके वर्मा, वरिष्ठ लेखक अवधेश श्रीवास्तव, संदीप शर्मा, फार्मस विजन के निदेशक सुनील सिंह, हरीदास महाराज पीठाधीर पाल बाबा, डा. आरपी सिंह, फिल्मकार दिनेश सिंह समेत बड़ी संख्या में लेखक और पत्रकार मौजूद थे। पुस्तक का प्रकाशन डायमंड बुक ने किया है। इस मौके पर नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने पावर




के इस्तेमाल से देश की तकदीर कैसे बदलते है उसके बारे में यह किताब विस्तार से बताती है। उन्होंने कहा कि यह किताब पाठकों को भारत के सभी प्रधानमंत्रियों के कुछ ऐसे निर्णयों के बारे में बताती है जिसके बारे में लोगों को बहुत कम पता है। लेखक अमित कुमार ने कहा कि यह किताब देश की राजनीति में रूचि रखने वाले पाठकों को पसंद आयेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महिलाओं के उत्थान के लिए लखपति दीदी, ड्रोन दीदी समेत कई ऐसी योजनाएं है जिसका फायदा देश के विकास में होगा। किताब की सह लेखिका ऋतु श्रीवास्तव ने बताया कि अयोध्या के राम मंदिर का समाधान पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर सिंह के कार्यकाल में ही हो जाता। उन्होंने मुस्लिम समाज और हिंदू समाज के साथ बातचीत को निर्णायक मोड़ तक ला दिया था, लेकिन उसके सहयोगी पार्टी को जब यह बात पता चली तो उसने अपना समर्थन वापस ले लिया। ऐसे में यह मामला खटाई में पड़ गया। पाल बाबा ने लोगों से ऐसी किताबें पढ़ने की अपील की। लोकार्पण के साथ ही जिस तरह से पाठकों ने इस पुस्तक की खरीदारी की और उनके सुझाव पर प्रकाशक ने जल्द ही अंग्रेजी संस्करण जारी किये जाने की बात कही।


## योगासन का रंगारंग समापन, खेल मंत्री ने विजेताओं को पहनाए पदक




**टीम एक्शन इंडिया**
**अल्मोड़ा: 38वें राष्ट्रीय** खेलों की योगासन प्रतियोगिता का अल्मोड़ा के हेमवती नंदन बहुगुणा स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को रंगारंग समापन हुआ। इस मौके पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेताओं को पदक पहनाए। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि अल्मोड़ा के लिए नेशनल गेम्स में योगासन प्रतियोगिता का आयोजन करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इन खेलों के जरिए अल्मोड़ा को देश भर में पहचान मिली है। खेल मंत्री ने कहा कि दो महीने से भी कम समय के अंदर योगासन के एशियन गेम्स होने वाले है, इसलिए योग के खिलाड़ियों को समझ लेना चाहिए कि दुनिया अब उनको फॉलो करने जा रही है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने उम्मीद जताई के 2036 में भारत को ओलंपिक की मेजबानी मिले तो उसमें योगासन भी एक मेडल गेम के तौर पर शामिल हो। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेता टीमों को ट्रॉफी और पदक विजेताओं को पदक प्रदान कर सम्मानित किया।

## वजीरपुर: आज सभी मतदान अवश्य ही करें: इन्द्रजीत यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के समाजसेवी इन्द्रजीत यादव ने कहा कि आज सभी मतदान अवश्य ही करने जाये, क्योंकि यह आपका अधिकार है। आपके द्वारा किये गये मतदान से ही दिल्ली में सरकार बनेगी। इसलिए सभी विवेक का प्रयोग करते हुए अच्छे प्रत्याशी का चयन करें। उन्होंने आगे कहा कि मैं सभी से अपील करना चाहिए हूं कि हमेशा ही गरीब व निर्धन तबके की मदद करें और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी हमेशा ही देशहित में



कार्य करें। क्योंकि पहले देश है फिर कुछ और होता है। समाजसेवी इन्द्रजीत यादव ने आगे बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए, जिससे की आपके आस-पास का क्षेत्र हरा-भरा नजर आये। इसलिए सभी पौधारोपण अवश्य ही करें।

## मैं दिल्ली को अकर्मण्य शासकों से मुक्त कराने के लिए मतदान करूंगा: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है आज सुबह मैं ठीक 7 बजे दिल्ली को भ्रष्ट आराजक अकर्मण्य शासकों से मुक्त कराने के लिए मतदान करूंगा, सभी दिल्ली वाले सुबह 7 बजे से ही मतदान प्रारम्भ करें। उन्होने कहा है की आम आदमी पार्टी लोगों को गुमराह कर रही है की मतदान 9 बजे शुरू होगा, दिल्ली वाले ध्यान रखें मतदान 7 बजे शुरू होगा। साथ ही ध्यान रखें केवल चुनाव अधिकारी स्याही लगाते हैं वो भी हाथ की उंगली में। वीरेन्द्र सचदेवा ने आज कहा है कि भाजपा दिल्ली की सभी 12 आरक्षित सीटों पर अभूतपूर्व प्रदर्शन करने जा रही है और यही कल होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत का आधार बनेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की आम आदमी पार्टी एवं अरविंद केजरीवाल के पास 10 वर्ष के शासन की उपलब्धि के रूप में दर्शाने को कुछ नहीं था जिसके चलते केजरीवल ने एक नकारत्मक नफरत भरा चुनाव अभियान चलाया। केजरीवाल ने गत दो माह भाजपा एवं अन्य दलों के साथ ही पुलिस प्रशासन एवं चुनाव आयोग तक को कोसने में निकाल दिए। जहां अरविंद केजरीवाल एवं आतिशी मालेर्ना प्रचार के नाम पर केवल



मीडिया तक सीमित रह गये और गाली-गलौच नफरत फैलाते रहे, वहीं भाजपा के नेता एवं कार्यकर्ता सफलता के साथ अरविंद केजरीवाल के शराब एवं शीशमहल घोटालों के साथ फ्री बिजली पानी के नाम पर घोटाले का भी सच जनता को समझाने में सफल हुए। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से मंथन के बाद मै कह सकता हूं की हमे समाज के हर वर्ग का भरपूर समर्थन मिल रहा है और भाजपा तीन चौथाई से अधिक के बहुमत से चुनाव जीतेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है की इस चुनाव में भाजपा ने जहां बड़ी सभाएं, नुक्कड़ सभा एवं रोड़ शो जैसे प्रचलित साधनों के माध्यम से सामूहिक प्रचार किया तो वहीं सभी 13033 पोलिंग बूथ स्तर पर बूथ समितियों को सक्रिय किया, 65 हजार से अधिक पन्ना प्रमुखों को जोड़ा और इन सभी के सहयोग से दिल्ली भाजपा ने विधानसभा चुनाव तैयारी में 13033 बूथों पर 1 लाख पच्चीस हजार से अधिक ड्रोयिंग रूम बैठकें आयोजित करीं जिनसे भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से लेकर जिलाध्यक्षों ने लाखों लोगों से सीधा सम्पर्क किया।

## प्रधानमंत्री आज जाएंगे प्रयागराज, महाकुंभ में करेंगे पवित्र स्नान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 का दौरा करेंगे।
सुबह करीब 11 बजे वे संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे और मां गंगा की पूजा करेंगे।
प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने यह जानकारी देते हुए बताया कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री ने तीर्थ स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय कदम उठाए हैं।

## चुनाव आयोग बी.एल.ओ. की सूची में सभी पंजीकृत मतदाताओं को वोट डालने दें: सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पत्रकार सम्मेलन में आम आदमी पार्टी के द्वारा दिल्ली के वैश्य समुदाय ब्राह्मण समाज और पूर्वांचल मतदाताओं के वोट कटवाने से रूकवाने की आम आदमी पार्टी की साजिश का पदार्फाश किया और कहा की आप नेताओं ने लगभग 50 विधानसभाओं के चुनाव अधिकारियों को हजारों पूरवांचली, वैश्य एवं ब्रह्मण वोटरों की सूची दी हैं और कहा है यह बताये पते पर नहीं रहते या मृत हैं इसलिए इनको वोट ना डालने दिया जाये। पत्रकार



सम्मेलन में अधिवक्ता संकेत गुप्ता एवं नजफगढ़ भाजपा नेता प्रवीण शर्मा आदि उपस्थित थे।
ऐसी ही सूची नजफगढ़ एवं द्वारका विधानसभाओं की भी दी गई है और दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने ऐसे लगभग 15 लोग प्रस्तुत किये जिनके वोट पर अरविंद केजरीवाल ने आपत्ति की है पर असल में वह मौजूद हैं। आप नेताओं का मकसद है की पूर्वांचल आदि इन वर्गों के मतदाता सुबह जब वोट डालने जायें।

## मतदान अवश्य करें, आपके मत से बनेगी सरकार: श्याम सुन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली के समाजसेवी श्याम सुन्दर ने बताया कि आज दिल्ली में चुनाव है, इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी समय निकालकर अवश्य ही मतदान करें, क्योंकि आपके द्वारा किये गये मतदान से ही दिल्ली में सरकार बनेगी। इसलिए मतदान करने जरूर जाये और दूसरों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने आगे बताया कि मैं सभी से यह भी कहना चाहता हूं कि सभी हमेशा ही देशहित में कार्य करें। क्योंकि पहले देश है, बाद में ही कुछ



और है। इसलिए हमेशा ही देशहित की बात करें। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सभी को बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए और सत्य ही राह पर चलना चाहिए।

## रेल महोत्सव-2025 का रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। राष्ट्रीय रेल** संग्रहालय, नई दिल्ली में "रेल महोत्सव 2025" राष्ट्रीय रेल संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया। यह त्रिदिवसीय महोत्सव 01, 02 और 04 फरवरी 2025 को आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य देश की समृद्ध रेल विरासत का प्रचार व प्रसार तथा कला व संस्कृति को बढ़ावा देना रहा। इस महोत्सव का उद्घाटन रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर द्वारा 01 फरवरी 2025 को संग्रहालय की 48वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया गया था तथा आज मुख्य अतिथि रेलवे बोर्ड की सदस्य वित्त रूपा श्रीनिवासन, सचिव अरुणा नायर और राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के निदेशक दिनेश कुमार गोयल उपस्थिति में त्रिदिवसीय महोत्सव का समापन किया गया। समारोह में हुई रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण 1909 मे निर्मित "पटियाला स्टेट मोनोरेल ट्रामवे" (पीएसएमटी) रहा, जिसका संचालन किया गया, जो राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के पास चालू अवस्था में संरक्षित स्टीम मोनो रेल लोकोमोटिव हैं। साथ ही 1862 में बना ऐतिहासिक "रामगोटी" स्टीम लोकोमोटिव का भी संचालन किया गया। जिससे भारत की प्राचीन रेल विरासत की यादें एक बार फिर ताजा हो गईं।
महोत्सव में हुई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में वेदिका द्वारा शिव स्त्रोतम का गायन, श्रिया महापात्रा द्वारा ओडिसी नृत्य प्रदर्शन, राहुल खन्ना व समूह द्वारा किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट्स के सौजन्य से आयोजित "टेल्स फ्रॉम द ट्रैक्स", शोभा द्वारा कथक नृत्य का प्रदर्शन किया गया।

## आज सदर बाजार की सभी मार्केट बंद रहेगी: फेडरेशन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव को लेकर सदर बाजार में फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड एसोसिएशन की ओर से चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा व अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि 5 फरवरी को मतदान होने के मध्य नजर सदर बाजार की सभी मार्केट बंद रहेगी। उन्होंने सभी व्यापारियों व कर्मचारियों से अपील की कि वह अपने परिवार सहित मतदान करें और अपना कर्तव्य निभाये। पम्मा व राकेश यादव ने सदर बाजार के सभी व्यापारियों से अपील की वह 6 फरवरी को अपनी दुकानों पर जो भी मतदान करके आया हो उसको 5% तक डिस्काउंट की दें।

## कपड़ा मंत्रालय ने तकनीकी वस्त्र क्षेत्र की चार स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय कपड़ा** सचिव नीलम शमी राव ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत 10वीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक में चार स्टार्ट-अप को मंजूरी दे दी। कपड़ा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि उद्योग भवन में केंद्रीय कपड़ा सचिव की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में समिति ने तकनीकी वस्त्र क्षेत्र में आकांक्षी नवोन्मेषकों के लिए अनुसंधान एवं उद्यमिता अनुदान (जीआरईएटी) योजना के तहत प्रत्येक को लगभग 50 लाख रुपये की सहायता के साथ चार स्टार्ट-अप को मंजूरी दी है।
यह स्वीकृत स्टार्ट-अप परियोजनाएं मेडिकल टेक्सटाइल्स,



औद्योगिक टेक्सटाइल्स और सुरक्षात्मक टेक्सटाइल्स के प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैं।
मंत्रालय ने बताया कि समिति ने सामान्य दिशा-निदेर्शों के तहत तकनीकी वस्त्रों में पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए तीन शैक्षणिक संस्थानों को लगभग 6.5 करोड़ रुपये के अनुदान की भी मंजूरी दी। आईआईटी इंदौर और एनआईटी पटना इन संस्थानों में शामिल है। नए संस्थान अपने पाठ्यक्रम में जियोटेक्सटाइल्स, जियोसिंथेटिक्स, प्रोटेक्टिव टेक्सटाइल्स, स्पोर्ट्स टेक्सटाइल्स आदि शामिल करेंगे। इसके अलावा समिति ने मेडिकल टेक्सटाइल्स, प्रोटेक्टिव टेक्सटाइल्स, मोबाइल टेक्सटाइल्स और एग्रीकल्चर टेक्सटाइल्स में 12 कौशल विकास पाठ्यक्रमों को भी मंजूरी दी है।
ये सभी पाठ्यक्रम तीन वस्त्र अनुसंधान संगठन-दक्षिण भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एसआईटीआरए), उत्तरी भारत वस्त्र अनुसंधान संघ (एनआईटीआरए) और सिंथेटिक एवं आर्ट सिल्क मिल्स रिसर्च एसोसिएशन (एसएएसएमआईआरए) ने विकसित किए गए हैं। इनका उद्देश्य तकनीकी वस्त्र मूल्य श्रृंखला के सभी केंद्रित समूहों को प्रशिक्षित करना है।

## 'जल लाए धन-धान्य' थीम पर 'वाटरशेड यात्रा' होगी शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** ग्रामीण विकास मंत्रालय बुधवार से जल लाए धन-धान्य की थीम पर वाटरशेड यात्रा की शुरू करने जा रहा है। यह यात्रा 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 6673 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 13587 गांवों को कवर करेगी। यह यात्रा तीन महीने तक चलेगी। मंगलवार को केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जल है तो कल है और मिट्टी है तो जीवन है, इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 'जल लाए धन-धान्य' इस थीम के आधार पर 5 फरवरी से 'वाटरशेड यात्रा' का प्रारंभ हो रहा है। मिट्टी के क्षरण को रोकने और जल संरक्षण के लिए जागरूकता के उद्देश्य से यह यात्रा 26 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 6673 ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 13587 गांवों को कवर करेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस वाटरशेड यात्रा से ज्यादा से ज्यादा जुड़ें और जल एवं मिट्टी बचाने का संकल्प लें क्योंकि यह सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।
तीन महीने तक चलेने वाली इस यात्रा में लोगों को ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है। देश में जल स्तर को बढ़ाना है, मिट्टी के कटाव को रोकना है, यह कार्य केवल सरकार नहीं कर सकती है, इसमें जन भागीदारी बेहद आवश्यक है।

## बुराड़ी विधानसभा: कमल विहार में सरस्वती पूजा धार्मिक मंच द्वारा हर्षोल्लास के साथ सरस्वती पूजा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पिछले 22 सालों से निरंतर सरस्वती पूजा का आयोजन कर रही सरस्वती पूजा धार्मिक मंच द्वारा इस बार भी बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र स्थित कमल विहार ए-1 ब्लॉक में हर्षोलास के साथ देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच की गई। पूजा अर्चना के साथ-साथ महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इसके साथ ही बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। जिसमें उत्तर-पूर्वी लोकसभा सांसद मनोज तिवारी भी मां सरस्वती का आशिर्वाद प्राप्त करने पहुंचे। इसके साथ ही पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश मंत्री संदीप चौधरी, विनोद मुदगल, मनोज मिश्रा, रमेश मिश्रा, राजवीर कटवरिया, विजय श्रीवास्तव



सहित आयोजन समिति के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान पांडाल भी श्रद्वालुओं से खचाखच भरा हुआ दिखाई दिया। इस मौके पर सांसद मनोज तिवारी ने अपने संबोधन में पूजन समारोह में उपस्थित सभी लोगों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दी एवं कि कहा मां सरस्वती जी के पूजन से मन में शांति और ज्ञान का




संचार होता है साथ ही मां लक्ष्मी एवं देवी काली जी भी प्रसन्न होती है। समारोह को सफल बनाने में सरस्वती पूजा धार्मिक मंच के सभी सदस्यों ने समारोह में शामिल हुए सभी श्रद्वालुओं का आभार व्यक्त करते हुए मां सरस्वती से सभी बच्चों के सफल व अच्छे भविष्य की भी कामना की। इस अवसर पर विनोद मुदगल ने मां सरस्वती का आशिर्वाद प्राप्त कर कहा कि मां सरस्वती की पूजन वैसे तो स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए अहम होती है क्योंकि मां सरस्वती को विद्या की देवी भी कहा जाता है। उन्होंने पूजन आयोजन में शामिल हुए सभी भक्तों के लिए अरदास कर आशिर्वाद मांगा।
उन्होंने बच्चों को कहा कि देवी सरस्वती मां का आशीर्वाद आपके जीवन में उज्वल भविष्य और शांति लेकर एवं देवी सरस्वती की कृपा से आपका हर कदम सफलता की ओर बढ़े का संदेश दिया।
मुदगल ने शुभकामनाएं देते हुए उनके मंगल की कामना की, साथ ही छात्राओं को अच्छे परीक्षा फल हेतु कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित भी किया।

# कार्यवाही : डीपीआरओ को अपने साथ ले गई विजिलेंस टीम

## आवास और राजीव भवन स्थित कार्यालयों पर पहुंचीं टीमें, कार्यशैली को लेकर बेहद चर्चित रही हैं

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। मथुरा** की जिला पंचायत राज अधिकारी पीसीएस किरण चौधरी को लखनऊ से आई विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस दौरान उनका ड्राइवर को भी पकड़ा गया है। मंगलवार की सुबह दो टीमों ने पीसीएस अधिकारी के आवास और कार्यालय पर एक साथ कार्यवाही की। जिस समय विजलेंस टीम पहुंची डीपीआरओ अपने इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित आवास पर थीं। यहां विजलेंस टीम ने आधा घंटे से अधिक समय तक पीसीएस अधिकारी से पूछताछ की इसके बाद टीम उन्हें गाडी में बिठा कर ले गईं। ग्राम विकास अधिकारी किरण चौधरी पर 70 हजार रुपए लेने का



आरोप है। विजलेंस टीम को महिला एसपी लीड कर रही थीं। टीम ने अधिकारी को ट्रैप कर रंगे हाथों पकडा। छापेमारी के दौरान उनका मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया गया है। बताया जा रहा है कि डीपीआरओ की शिकायत एक ग्राम प्रधान ने की थी। शिकायत में कहा गया था कि डीपीआरओ उनसे काम के ऐवज में 70 हजार रुपए की रिश्वत मांग रही हैं। इसके बाद लखनउ की विजलेंस टीम ने कार्यवाही की। इसी दौरान विजलेंस की

**काबू किया**

**मथुरा में डीपीआरओ किरण चौधरी का मन रम गया था। जनवरी में उनका ट्रांसफर हो गया था**

दूसरी टीम राजीव भवन उनके कार्यालय पहुंची। इस दौरान शिकायतकर्ता भी था। यहां से टीम ने कुछ फाइलें जब्त की। रिकार्डों को खंगाला जा रहा है। बताया गया है कि किरण चौधरी के पति प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर है। कार्रवाई के दौरान टीम ने कार्यालय को पूरी तर घेर लिया। टीम द्वारा कार्यालय में रखे दस्तावेजों की जांच की गई, जिसके बाद यहां से कुछ फाइलें भी जब्त की गईं।

**मथुरा में रम गया मन, रूकवाया था ट्रांसफरः** मथुरा में डीपीआरओ किरण चौधरी का मन रम गया था। सूत्रों का कहना है कि जनवरी में उनका ट्रांसफर हो गया था। प्रयास करने के बाद वह अपना स्थांतरण रूकवाने में कामयाब रही थीं। किरण चौधरी जनपद में चर्चित अधिकारियों में रही हैं। उन्होंने मथुरा जनपद में तैनाती के दौरान खुद को एक दबंग अधिकारी के रूप में स्थापित किया था। हालांकि उनके कार्यकाल में मथुरा जनपद में कई महत्वपूर्ण कार्य हुए। ग्राम पंचायत सचिवालयों का निर्माण, आत्म निर्भर ग्राम पंचायते, ग्राम पंचायतों का ओडीएफ होना जैसे कई काम

# गोवर्धन ड्रेन का पुल इस साल भी रहेगा अधूरा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध लठामार होली के एक महा ही रह गया है और अभी तक वर्षों से चल रहे गोवर्धन ड्रेन के पुल निर्माण के बाद भी पुल सुचारू रूप से चालू नहीं हो पाया। देश विदेश से लाखों श्रृद्धालु इस लठामार होली में भाग लेते हैं। बरसाना की लठामार होली को राजकीय मेला का दर्जा है। लेकिन गोवर्धन से आने वाले श्रृद्धालु बरसाना में गोवर्धन ड्रेन के पुल से ही प्रवेश करते हैं। सरकार द्वारा पुल का चौड़ीकरण तो कर दिया लेकिन पुल के सामने बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर और खम्भे आज भी पुल से निकलने में अवरोध पैदा करते हैं। लाखों श्रद्धालुओं को निकलने में बड़ी सावधानी बरतनी पड़ती है। इस ओर न ही शासन का और न ही प्रशासन



का ध्यान जाता है। किसी बडी घटना होने के इन्तजार में बैठे हैं। वहीं एड. गोकलेश कटारा ने बताया कि पुल के सामने बने बिजली विभाग के ट्रांसफार्मर और खम्भे से रात्रि में कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। हमेशा गाडियां को पुल से निकलने में टकराने का डर बना रहता है। हजारों गाडियों का बरसाना में आवागमन बना रहता है। लठामार होली मेला का माहौल चल रहा है। समस्या का समाधान नहीं किया गया तो श्रृद्धालुओं के लिए बन सकता है जानलेवा।

## संक्षिप्त खबरें

### दीर्घकालिक और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन



**नई दिल्ली। दीर्घकालिक** और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे के लिए सामग्रियों, मॉडलिंग और विश्लेषण में प्रगति पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कोयंबटूर स्थित अमृता स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुचिरापल्ली द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस आयोजन ने शैक्षणिक और औद्योगिक क्षेत्र के अग्रणी विशेषज्ञों को दीर्घकालिक और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे में नवीनतम प्रौद्योगिकी पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर गणेशन एन, पूर्व प्रोफेसर और डीन, ठक्ळ कालीकट द्वारा किया गया। उन्होंने अपने प्रेरक उद्घाटन भाषण में कार्यक्रम की महत्ता को रेखांकित किया। प्रो. गणेशन एन ने अपने संबोधन में कहा था, हम शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों की कमी जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। ऐसे सम्मेलन, विचारशील शोधकताओं और नवाचारकों को एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दीर्घकालिक विकास और संरचना की सुदृढ़ता केवल तकनीकी समाधानों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे हमारे दृष्टिकोण और जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। हमें व्यापक समाधान खोजने और एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में काम करना होगा। आइए, हम पृथ्वी माता की सुरक्षा के लिए सकारात्मक योगदान देने का संकल्प लें।

इस सम्मेलन का आयोजन दीर्घकालिक और सुदृढ़ बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अत्याधुनिक सामग्रियों, उन्नत मॉडलिंग तकनीकों और विश्लेषणात्मक विधियों पर केंद्रित रहा। यह आयोजन विचारों के आदान-प्रदान, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ।

### सोमानी सेरामिक्स ने गुड़गांव में सोमानी बाथ एम्पोरियो का उद्घाटन किया

**गुरुग्राम। सेरामिक्स और संबद्ध उत्पादों में अग्रणी, सोमानी सेरामिक्स** लिमिटेड ने रुद्राक्ष सेरामिक्स के सहयोग से सोमानी बाथ एम्पोरियो के भव्य उद्घाटन की घोषणा की। 3,000 वर्ग फुट में फैला यह अत्याधुनिक शोरूम ग्राहकों के अनुभव को नए स्तर पर ले जाने के लिए तैयार है, जिसमें सोमानी के सबसे इनोवेटिव और प्रीमियम बाथवेयर सॉल्यूशन प्रदर्शित किए जाएंगे। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किए गए शोरूम में



डेडिकेटेड एक्सपीरियंस जोन बनाए गए हैं, जहां सोमानी की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया गया है : लॉन्च के अवसर पर, सोमानी सेरामिक्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ, श्री अभिषेक सोमानी ने कहा, "सोमानी में, हम विश्वस्तरीय उत्पादों और अनुभवों को प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। गुरुग्राम में सोमानी बाथ एम्पोरियो का शुभारंभ हमारे नवाचार और उत्कृष्टता की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। डेडिकेटेड एक्सपीरियंस जोन और हमारी बेहतरीन कलेक्शन की भव्य प्रदर्शनी के साथ, यह शोरूम आने वाले वर्षों में आधुनिक बाथरूम डिजाइन के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा।" इस मौके पर बाथवेयर हेड श्रीवत्स सोमैनी भी उपस्थित रहे।

इनोवेशन जोन झ्र नवीनतम तकनीकों का प्रदर्शन, जिसमें इंटेलीसेंस (उन्नत सेंसर कार्यक्षमता के लिए), क्वायट स्वर्ल (शांत और कुशल जल प्रवाह के लिए), टैंकलेस सॉल्यूशन्स (आधुनिक और कॉम्पैक्ट डिजाइन के लिए), और थिन एसेंस (सबसे पतला वॉल-हंग टॉयलेट, स्टाइलिश डिजाइन और स्मार्ट इंजीनियरिंग का अनूठा संयोजन) शामिल हैं।

# वी ने महाकुंभ में बिछड़े तीर्थयात्रियों को मिलाने के लिए लॉन्च की नंबर रक्षक पहल

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। हर बार** महाकुंभ मेले में हजारों तीर्थयात्री अपने परिवारजनों से बिछड़ जाते हैं। 2013 में अलाहाबाद कुंभ में तकरीबन 70000 लोग अपनों से बिछड़ गए। इस साल भी ऐसी ही चुनौतियां सामने आ रही हैं, पहले दिन पहले कुछ ही घण्टों में 250 से अधिक लोगों के खो जाने की रिपोर्ट दर्ज की गई। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता, वी लेकर आए हैं ह्यवी नंबर रक्षकह्न पहल जो सुनिश्चित करेगी कि कोई भी प्रियजन एक दूसरे से न बिछड़े। आज भी बहुत से लोग डिजिटली सक्षम नहीं हैं, विशेष रूप से बुजुर्ग और छोटे बच्चे। अक्सर इनके पास मोबाइल फोन नहीं होता और उन्हें अपने परिवार के फोन नंबर याद नहीं रहते । इसी को ध्यान में रखते हुए वी ने स्वामी रामानंद आचार्य शिबिर अखाड़ा की लोकेशन में वी नंबर रक्षक बूथ स्थापित किया है। यह बूथ श्रद्धालुओं को रूद्राक्ष और तुलसी के मोतियों से बने कॉम्पलीमेंटरी ब्रेसलेट देगा, जिस पर उनके परिवारजनों या साथियों का पर्सनल एमरजेन्सी कॉन्टेक्ट नंबर होगा। इस तरह श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल फोन या इंटरनेट कनेक्टिविटी न होने पर भी अपने परिवारजनों से फिर से मिलना आसान हो जाएगा।

# ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर गुरुग्राम में फैशन आइकन रोहित बल के साथ सबसे शानदार फैशन उत्सव का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। फैशन,** ग्लैमर, चमक-धमक और उत्सवों की एक बेजोड़ दुनिया ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 के उद्घाटन संस्करण में गुरुग्राम में जीवंत हो उठी। यह शानदार आयोजन भारत के एकमात्र सच्चे फैशन आइकन रोहित बल के असाधारण जीवन का उत्सव था। रोहित बल के साथ इस उल्लेखनीय साझेदारी ने फैशन टूर को कई शानदार प्रस्तुतियों का साक्षी बनाया, जिसका अद्भुत समापन उनकी कलात्मक प्रतिभा, शिल्पकला और उस दृष्टिकोण के सम्मान के साथ



हुआ जिसने भारतीय कॉउचर की परिभाषा को बदल दिया। फैशन आइकन सोनम कपूर ने इस विशेष शो में शोस्टॉपर बनकर रोहित बल के जीवन का जश्न मनाया। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के सहयोग से इस टूर ने रोहित बल की बेमिसाल फैशन समझ, कला के प्रति उनके जुनून, कश्मीरी जड़ों और उनकी अद्वितीय शख्सियत को प्रमुखता से प्रस्तुत किया।


पर्नोड रिकार्ड इंडिया के सीएमओ कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, "यह रोहित बल की विरासत का ऐसा उत्सव था जिसे युगों तक याद रखा जाएगा। यह हमारे लंबे समय से चले आ रहे उस संकल्प को भी दर्शाता है जिसके तहत हम भारतीय फैशन को आकार देने वाली प्रतिष्ठित आवाजों को प्रमुखता से सामने लाते हैं। वर्षों से हमारी रोहित बल के साथ एक अद्भुत साझेदारी रही है और फैशन टूर के लिए उनका सम्मान करना बिल्कुल उपयुक्त था ताकि फैशन की दुनिया पर उनके प्रभाव को सही रूप में दर्शाया जा सके। जैसे-जैसे यह टूर आगे बढ़ेगा, आने वाले अनुभव फैशन के बदलते स्वरूप को प्रदर्शित करते रहेंगे।

# अरैया पालमपुर ने कि आकर्षक वेलेंटाइन पैकेज की पेशकश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** हिमाचल की मनमोहक वादियों में बसे अनेक पुरस्कार प्राप्त अरैया पालमपुर ने इस साल वेलेंटाइन के मौके को यादगार बनाने के लिए विशेष पैकेज की पेशकश की हैं । वे इस वेलेंटाइन सीजन में उन जोड़ो को आमंत्रित कर रहें हैं जो प्राकृतिक सौंदर्यता और स्वास्थ्य का आनंद लेते हुए इस जश्न में खो जाना चाहते हैं जहाँ अनुभव और हसिन वादियाँ दोनों का मिलाप हैं

अरैया होटल्स और रिसॉर्ट्स के जनरल मैनेजर जव्वाजी आचार्य के कहा, की अरैया पालमपुर में हम ऐसी यादगार अनुभव प्रदान करने में विश्वास रखते हैं जो केवल यहाँ रुकने से कहीं बढ़कर हों। हमारे वैलेंटाइन पैकेज रोमांस, आराम और माइंडफुलनेस (सजगता) का सही मिश्रण प्रदान करने के लिए



बनाए गए हैं, जिससे हमारे मेहमान सबसे बेहतर तरीके से प्यार के इस जश्न को मना सकें। इस पैकेज खास तरह का रोमांटिक अनुभव है, जहाँ जोड़ों का स्वागत स्पार्कलिंग वाइन और चॉकलेट डिप्ड स्ट्रॉबेरीज के साथ किया जाएगा। इसके बाद उन्हें एक घंटे के निःशुल्क कपल स्पा का आनंद मिलने वाला हैं जो उन्हें सुकून और एक दूसरे के साथ वक्त बिताने के लिए बेहतरीन मौका देता हैं । जैसे ही शाम ढलते जाएगी, कमरों को गुलाब की पंखुड़ियों से सजाया जाएगा जिससे माहौल और भी खास और रोमांटिक बन जाता हैं। अगली सुबह मेहमान या तो बिस्तर पर प्यार भरा नाश्ता कर सकते हैं या फिर खूबसूरत नजारों के साथ स्वादिष्ट बुफे का आनंद ले सकते हैं।

# उप गन्ना आयुक्त ने गन्ने से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ी

**मुरादाबादः उप गन्ना** आयुक्त और जिला गन्ना अधिकारी ने मंगलवार को चंदौसी रोड की ओर जाते मिले दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को तौल के लिए बिलारी चीनी मिल भिजवाने के साथ चालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी गई है।

बिलारी चीनी मिल महाप्रबंधक की ओर से गन्ना विभाग के उच्चाधिकारियों को इस आशय की शिकायत भेजी गई थी कि बिलारी चीनी मिल क्षेत्र के आरक्षित उत्पादित गन्ना कुछ किसानों द्वारा नियम विरुद्ध तरीके से दूसरे जिले की चीनी मिलों को आपूर्ति किया जा रहा है। मंडल के उप गन्ना आयुक्त हरपाल सिंह और जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन आज दोपहर 12 बजे के लगभग बिलारी पहुंचे। उन्होंने गन्ना विकास

# फिरौती के लिए की साथी की हत्या, चार दोस्त गिरफ्तार

## फिरौती के लिए किया था अपहरण, भागने का प्रयास करने पर कर दी हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः फिरौती** के लिए अपने ही साथी की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने चार युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना गोविन्दनगर पुलिस ने फिरौती के लिए अपहरण कर हत्या करने की घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक गोविन्दनगर कमलेश सिंह ने बताया कि साहिल पुत्र परवेज निवासी जाटव मोहल्ला औरंगाबाद थाना सदर बाजार, हर्ष पुत्र ब्रजेश निवासी गणेशधाम कालोनी थाना गोविन्द नगर मथुरा, लव पुत्र हरीबोल निवासीगण गली बीसआना डींगगेट अर्जुनपुरा थाना गोविंद नगर, कुश पुत्र हरीबोल निवासीगण गली बीसआना डींग गेट अर्जुनपुरा थाना गोविन्दनगर मथुरा को भिन्न भिन्न समय से भिन्न भिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। घटना के सम्बन्ध में योगेश कुमार पुत्र स्व. शिवचरन सिंह निवासी लाल दरवाजा पुराना जवाहर स्कूल चौकी वृन्दावन गेट थाना गोविंद नगर ने तीन फरवरी को अपने पुत्र तरूण को स्कूटी लेने होण्डा शोरूम श्रीजी बाबा आश्रम जाने व वापस न आने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज देखकर व मोबाइल में भेजे गये मैसेज आदि से घटना का

**काबू**

**सीसीटीवी फुटेज देखकर व मोबाइल में भेजे गये मैसेज आदि से घटना का अनावरण किया गया**

अनावरण किया गया। जिसमें चारों अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये तथा चारों की निशानदेही पर तरूण का शव राजीव एकेडमी के पास नाले से बरामद किया गया। अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्त कुश द्वारा अपने मित्र तरूण को सह अपराधी मित्र साहिल, हर्ष व लव के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरिके से रुपये कमाने के लालच में तीन फरवरी को तरुण का अपहरण करने के उद्देश्य से हर्ष ने महाविद्या में अपने मकान में पार्टी करने के बहाने से बुलाया तथा साहिल की मोटरसाइकिल यूपी 85 सीपी 8769 पर कुश और हर्ष, तरूण को बैठाकर निवाड वाली फैक्ट्री के पीछे से लियाकत पैलेस के सामने वृन्दावन रोड पर ले आये तथा आगे से गली के माध्यम से गुरूद्वारा गोकुल रेस्टोरेन्ट की ओर से महाविद्या में लव और कुश के खाली मकान में जहां कोई नहीं रहता है ले आये।

# एचएमएसआई ने जनवरी 2025 में 4,44,847 यूनिट्स बेचे

**टीम एक्शन ंडिया**

**करनाल। होंडा मोटर**साइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज जनवरी 2025 के बिक्री आंकड़े घोषित किए। कंपनी की कुल बिक्री जनवरी 2025 में 4,44,847 यूनिट्स की रही, जिसमें 6% की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई। इसमें घरेलू बिक्री 4,02,977 यूनिट्स और 41,870 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं। इस माह में घरेलू बिक्री में 5% की वार्षिक वृद्धि दर जबकि निर्यात में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14% की वृद्धि दर दर्ज की गई है। यह उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई के वित्तीय वर्ष 2025 (अप्रैल 2024 - जनवरी 2025) की कुल बिक्री 49,81,767 यूनिट्स रही। इसमें घरेलू बिक्री

**आकर्षक**

**ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में स्कूल छात्रों के लिए एक आकर्षक सड़क सुरक्षा बच्चों का कार्निवल भी आयोजित किया**

45,41,323 यूनिट्स और 4,40,444 यूनिट्स निर्यात शामिल हैं।

एचएमएसआई के जनवरी 2025 की प्रमुख विशेषताएँः प्रोडक्टः एचएमएसआई ने एक्टिवा, लिवो और डियो के अपडेटेड डइ॰2इ अनुकूलित संस्करणों को उन्नत नए फीचर्स के साथ पेश किया। इसके अलावा, कंपनी ने अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो को और मजबूत किया, जिसमें उइ650फ और उइफ650फ के नवीनतम संस्करण लॉन्च किए गए।, भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025ः एचएमएसआई ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में नए और स्थायी मोबिलिटी समाधान प्रस्तुत किए। कंपनी ने ऑल-न्यू एक्टिवा ईः और क्यूसी1 की कीमतों की घोषणा की। इसके अलावा, उइ300ऋ फ्लेक्स-फ्यूल, होंडा का पोर्टेबल इलेक्ट्रिक स्कूटर मोटोकम्पैक्टो, इलेक्ट्रिक रेसिंग गो-कार्ट और उन्नत बैटरी स्वैपिंग तकनीक के साथ समर्पित होंडा पावर पैक एक्सचेंजर ईः का भी प्रदर्शन किया गया।, सड़क सुरक्षाः भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ाते हुए, एचएमएसआई ने भारत के 11 शहरों में अभियान चलाए - जीरकपुर (पंजाब), भोपाल और विदिशा (मध्य प्रदेश), बाहुला (पश्चिम बंगाल), ओंगोल (आंध्र प्रदेश), चिपलून और अहमदनगर (महाराष्ट्र), दावणगेरे (कर्नाटक), पालक्कड़ (केरल), राजकोट (गुजरात), और धनबाद (झारखंड)। इसके अलावा, एचएमएसआई ने चेन्नई (तमिलनाडु) में स्कूल प्रधानाचार्यों के साथ सड़क सुरक्षा सम्मेलन का आयोजन किया जो चल रहे प्रोजेक्ट - हमारे भविष्य की पीढ़ी के मानसिकता विकास का हिस्सा है। एचएमएसआई ने हरियाणा के मानेसर में स्थित ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में स्कूल छात्रों के लिए एक आकर्षक सड़क सुरक्षा बच्चों का कार्निवल भी आयोजित किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री पर टिप्पणी से आक्रोश, फूंका खड़गे का पुतला

**टीम एक्शन ंडिया**

**बलिया**

**राज्यसभा में कांग्रेस** के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर पर की गई टिप्पणी के बाद उनके गृह जिले बलिया में जबरदस्त आक्रोश है। चंद्रशेखर को चाहने वाले लोगों ने खड़गे के विरोध में मंगलवार को जमकर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के पुतले को जूते चप्पल की माला पहना कर जुलूस निकाला। भारी भीड़ के बीच टीडी कॉलेज चौराहे पर खड़गे का पुतला दहन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पूर्व पीएम चंद्रशेखर बलिया की बागी



धरती के लाल थे, जिन्होंने अपनी योग्यता और संघर्षों के बल पर देश के प्रधानमंत्री के पद को सुशोभित किया। देश की लोकसभा ने उन्हें सर्वोच्च सांसद के सम्मान से सम्मानित किया। जब चंद्रशेखर किसी बात पर सदन में बोलते थे तो पक्ष और विपक्ष की राजनीति करने वाले लोग बिल्कुल शांत होकर उनकी बात को सुनते थे। ऐसे महान व्यक्तित्व के बारे में अशोभनीय एवं अमर्यादित तरीके से अपमानजनक

**विरोध**

**चंद्रशेखर को चाहने वाले लोगों ने खड़गे के विरोध में मंगलवार को जमकर प्रदर्शन किया।**

शब्दों का प्रयोग करके मल्लिकार्जुन खड़गे ने न सहने वाला अपराध किया है। जिसके लिए उन्हें देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए । वक्ताओं ने राज्यसभा के सभापति से मांग करते हुए कहा कि ऐसे असभ्य और मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति को देश के सर्वोच्च सदन में बैठने का अधिकार नहीं है, उसे तुरंत राज्यसभा से बर्खास्त कर देना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि यह प्रदर्शन अभी सांकेतिक है और अगर हमारी मांगों को तुरंत नहीं माना गया तो यह आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। वक्ताओं में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमिताभ उपाध्याय, पूर्व महामंत्री हेमंत पाठक, सुरजीत सिंह परमार, टीडी कॉलेज छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अरुण सिंह, राघव सिंह, जिला पंचायत सदस्य मानवेंद्र विक्रम सिंह, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष, संतोष पांडेय, उपेंद्र सिंह, अविनाश सिंह अदालत, अमित सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, राकेश सिंह टिंकू, मकनू सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, ऋषिकेश पांडेय, पिंटू गोंड, अनुराग पटेल आदि थे।

# वृषभानु कुण्ड में गिर रहा नालियों का पानी, कैसे करेंगे आचमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः तीर्थ स्थल** बरसाना में कई पवित्र और पौराणिक कुण्ड विराजमान हैं। लेकिन बात करें वृषभानु कुण्ड की तो आज भी गन्दी नालियों का पानी सीधा वृषभानु कुण्ड के पवित्र जल में जाकर मिल रहा है। जहां आये दिन श्रृद्धालु आचमन करते हैं। बात करे त्यौहारों पर तो हजारों श्रृद्धालु आचमन करते नजर आते हैं । इस गन्दे और अपवित्र नालियों के पानी से श्रृद्धालुओं की भावनाओं को कितनी ठेस पहूचती होगी। जबकि प्रदेश की योगी सरकार स्वच्छता और तीर्थों के कार्यों को लेकर बड़े




बड़े दाबे करती है। समाजसेवी हरिओम ठाकुर का कहना है कि वृषभानु कुण्ड पर हजारों श्रृद्धालु वर्ष में आचमन व स्नान करते हैं। नालियों का गन्दा पानी कुण्ड में जाने से श्रृद्धालुओं की भावनाएं आहत होती है। विप्रा मथुरा वृन्दावन स्वच्छता और विकास का दवा करते हैं। लेकिन वास्तविकता में यह वृषभानु कुण्ड इनकी पोल खोलता नजर आ रहा है। वहीं सामने लठामार होली आ रही है। अगर शीघ्र गन्दे पानी नालियों का कुण्ड से बन्द नहीं किया गया तो श्रृद्धालु तीर्थ स्थल बरसाना से क्या संदेश लेके जायेगें।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ दिल्ली ▸ 05 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ संख्या: 12 ▸ आरएनआई: 55751/93

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# कांग्रेस-सपा ने सनतान धर्म की ले रखी है सुपारी: योगी

**महाकुंभ पर इनकी गिद्ध दृष्टि लगी हुई थी। ये लोग पहले दिन से चाहते थे कि महाकुंभ में कोई अनहोनी हो: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

**धर्म विरोधी**

**संसद में दोनों के बयान इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को दिखाते हैं और बताते हैं कि ये सनातन धर्म से कितनी नफरत करते हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुंभनगर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयानों पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष और सपा प्रमुख ने सनातन धर्म की सुपारी ले रखी है। महाकुंभ पर इनकी गिद्ध दृष्टि लगी हुई थी। ये लोग पहले दिन से चाहते थे कि महाकुंभ में कोई अनहोनी हो। संसद में दोनों के बयान इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को दिखाते हैं और बताते हैं कि ये सनातन धर्म से कितनी नफरत करते हैं। महाकुंभ भगदड़ के बाद 17 घंटे तक आंकड़े छिपाने को लेकर योगी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता लोगों की जान बचानी थी। उस दिन महाकुंभ में 8-9 करोड़ लोग उपस्थित थे। ऐसे में उन लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना प्राथमिकता थी। मौनी अमावस्या के दिन घटी घटना पर योगी ने कहा कि 29 जनवरी को जो घटना हुई है, हम उसकी तह तक जाएंगे और जो लोग भी इसके जिम्मेदार होंगे, उनको बख्शा नहीं जाएगा।

**सनातन धर्म से नफरत का लगाया आरोप**

सीएम योगी ने आगे कहा कि दोनों नेताओं की गिद्ध दृष्टि महाकुंभ पर थी और वे चाहते थे कि वहां कोई अनहोनी हो। उन्होंने यह भी कहा कि इन बयानों से यह स्पष्ट होता है कि ये नेता सनातन धर्म से नफरत करते हैं और इसे नीचा दिखाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। "अखिलेश यादव जैसे लोग तो 12 बजे उठने वाले हैं और अपने कार्यालय से वक्तव्य तैयार कर के पढ़ते हैं, ये नेता नहीं बल्कि रीडर हैं।" 38 करोड़ श्रद्धालु कर चुके हैं स्नान सीएम योगी ने यह भी कहा कि महाकुंभ में अब तक लगभग 38 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं, और मौनी अमावस्या के दिन हुई घटना की पूरी जांच की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और यूपी में अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अखिलेश ने महाकुंभ में हताहतों की संख्या पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: समाजवादी** पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने लोकसभा में मंगलवार को महाकुंभ के दौरान हुए हादसे में हताहतों की संख्या पर सवाल खड़े किए। उन्होंने पूछा कि सरकार बताए कि महाकुंभ भगदड़ में कितने लोगों की मौत हुई है। संसद के बजट सत्र की शुरूआत से ही समाजवादी पार्टी लगातार इस मुद्दे को उठा रही है। राष्ट्रपति के आभिभाषण पर चर्चा में भाग लेते हुए अखिलेश ने मांग की कि महाकुंभ प्रबंधन के बारे में एक सर्वदलीय बैठक बुलाई जानी चाहिए। अखिलेश ने कहा कि उनका मानना है कि महाकुंभ के आपदा प्रबंधन और खोया-पाया केंद्र की जिम्मेदारी सेना को सौंप देनी चाहिए। इसके अलावा महाकुंभ त्रासदी के पीछे जिम्मेदार लोगों के खिलाफ दंडनीय कार्रवाई होनी चाहिए और उन लोगों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए जो इसे कवर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने कुंभ हादसे पर दुख जताया लेकिन इसके 17 घंटे बाद तक राज्य सरकार ने इसे स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि मृतकों को जेसीबी मशीनों और ट्रैक्टर ट्रॉलियों का उपयोग करके उठाया गया। किसी को नहीं पता कि उन्हें कहां फेंका गया। मामले को दबाने के लिए मीडिया का भी सहारा लिया गया। यादव ने कहा कि कुंभ सदियों से सत्ता किसी की भी हो इसके बावजूद एक ही तरह से आयोजित किया जाता रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## वाटरपोलो इवेंट में सर्विसेज और केरल ने जीता स्वर्ण

**हल्द्वानी।** 38वें राष्ट्रीय खेल में एक्वाटिक्स के वाटरपोलो इवेंट में सर्विसेज और केरल ने स्वर्ण पदक जीतने में सफलता हासिल की है। वहीं महाराष्ट्र की टीम को दोनों वर्गों में रजत से संतोष करना पड़ा। महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल और पुरुष वर्ग में केरल को कांस्य पदक मिला। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर गौलापार के मानसखंड तरणताल में मंगलवार की दोपहर वाटरपोलो के फाइनल मुकाबले खेले गए। महिला वर्ग के फाइनल में केरल ने महाराष्ट्र पर 11-7 के अंतर से जीत दर्ज कर लगातार दूसरे राष्ट्रीय खेल में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले कांस्य पदक के मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने कर्नाटक को 11-3 से एकतरफा शिकस्त दी। बंगाल के लिए जैसमीन ने 4, पियाली व कलौत्री ने 3-3 गोल किए। वहीं पुरुष वर्ग का फाइनल सर्विसेज और महाराष्ट्र के बीच खेला गया। पहले सेट में महाराष्ट्र 2-0 और दूसरे में 6-5 से आगे रहा। तीसरे सेट में 9-8 के अंतर से बढ़त बनाए रखी। चौथा सेट काफी रोमांचक रहा। महाराष्ट्र को सर्विसेज के खिलाफ पेनाल्टी मिली, लेकिन महाराट्र का खिलाड़ी इसका फायदा नहीं उठा सका। कुछ समय बाद ही सर्विसेज ने गोल कर मैच में 9-9 से बराबरी कर ली। मैच खत्म होने पहले सर्विसेज को पेनाल्टी मिली, जिस पर गोल कर 10-9 से बढ़त बना ली। इसके बाद महाराष्ट्र के पास तीन मौके आए, लेकिन टीम गोल नहीं सकी। सर्विसेज ने 1 गोल के अंतर से जीत दर्ज की।

## आपदा प्रभावित सूची छूटे प्रभावित परिवारों को जोड़ने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वर:** चमोली जिले के दशोली विकास खंड छिनका गांव के आपदा प्रभावित परिवारों के नाम प्रभावित सूची में जोड़े जाने की मांग को लेकर विकासशील जनजाति युवा संस्था की ओर से मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संस्था के अध्यक्ष सारस्वत हिंदवाल का कहना है कि वर्ष 2013 की आपदा के दौरान छिनका में निवास करने वाले अनुसूचित जनजाति के परिवारों के भवन और भूमि को भारी नुकसान हुआ था। उस समय आपदा प्रभावितों की एक सूची बनाई गई थी। कुछ आपदा परिवार के नाम वर्तमान तक भी सूची में अंकित नहीं किये गये हैं। जिससे उन्हें किसी प्रकार का मुआवजा नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि छिनका में निवास करने वाले अधिकांश जनजाति के लोग ग्रीष्मकाल में प्रवास के लिए नीती घाटी में चले जाते हैं।

## डिजिटल होगी यूपी की आठवीं आर्थिक गणना



**बुनियादी ढांचे**

**आठवीं आर्थिक गणना के लिए लगभग 17,000 गणनाकारों और 6,000 पर्यवेक्षकों को तैनात किया जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: योगी** सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले साढ़े सात वर्ष में न केवल कानून व्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास में बढ़ा है, बल्कि आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। सीएम योगी द्वारा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य सशक्त उदाहरण है। इसी क्रम में योगी सरकार ने प्रदेश में आठवीं आर्थिक गणना 2025-26 के जरिये प्रदेश के हर तबके तक विकास की रोशनी पहुंचाने का निर्णय लिया है। इसके सटीक आंकड़ों के माध्यम से लोगों का सामाजिक स्तर सुधारने के लिए विभिन्न योजनाएं बनायी जाएंगी, जिसका लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाया जाएगा।

**17 हजार गणनाकार और 6 हजार पर्यवेक्षक किये जाएंगे तैनात**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को आठवीं आर्थिक गणना 2025-26 की विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं, ताकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सके। योगी सरकार आर्थिक गणना को केवल डाटा संग्रहण के रूप में नहीं देख रही है, बल्कि इसे ट्रांसफॉर्मेटिव टूल के रूप में विकसित करने की योजना बना रही है। सीएम योगी के निर्देश पर यह गणना डिजिटल माध्यमों से की जाएगी, जिससे सटीक आंकड़े जुटाए जा सकें। इसके लिए एक वेब-बेस्ड मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया जा रहा है, जो वास्तविक समय में डेटा सत्यापन, निगरानी और विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेगा। इससे योगी सरकार को प्रदेश के उद्यमों, स्वरोजगार से जुड़े व्यक्तियों, श्रमिकों और छोटे व्यापारियों की सही स्थिति का आंकलन करने में मदद मिलेगी, जिससे नीति निर्माण और योजनाओं में पारदर्शिता आएगी। आठवीं आर्थिक गणना के लिए लगभग 17,000 गणनाकारों और 6,000 पर्यवेक्षकों को तैनात किया जाएगा।

## प्रयागराज रेलवे ने बसंत पंचमी पर्व पर 300 ट्रेनों का किया संचालन



**सफल संचालन**

**देश के कोने-कोने से आये करोड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर: महाकुम्भ प्रयागराज** में बंसत पंचमी का दिव्य, भव्य अमृत स्नान संपन्न हो गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आये करोंड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोंड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। श्रद्धालु पिछले कई दिनों से अमृत स्नान में सम्मिलित होने के लिए लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे थे। प्रयागराज रेल मण्डल ने तीर्थ यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए बसंत पंचमी पर्व के दिन 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इसके साथ ही लगभग 200 नियमित ट्रेनें भी शहर के सभी स्टेशनों से चलाई गई। जिससे लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया गया।

**गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक किया गया स्पेशल ट्रेनों का संचालन:** महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष महाकुम्भ में बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। जिनके सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने लगभग 200 नियमित और 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। मेला स्पेशल ट्रेनें शहर के सभी स्टेशनों से दिशावार गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक चलाई गई। लखनऊ, रायबरेली के लिये प्रयाग, फाफामऊ स्टेशन से तो वारणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशन से स्पेशल ट्रेने चलाई गई।

## असम सरकार से नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट

**फटकार**

**विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित (डिपोर्ट) न करने के लिए असम सरकार पर नाराजगी जाहिर की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने विदेशी घोषित किए गए लोगों को निर्वासित (डिपोर्ट) न करने के लिए असम सरकार पर नाराजगी जाहिर की है। असम की हिमंत बिस्वा सरमा सरकार की आलोचना करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल उठाए।

**असम सरकार से नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार से सवाल करते हुए पूछा कि क्या वो इन लोगों को अनिश्चित काल तक हिरासत केंद्रों में रखेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने असम के इस दावे पर भी सवाल उठाया कि निर्वासन संभव नहीं था क्योंकि प्रवासियों ने अपने विदेशी पते का खुलासा नहीं किया था। कोर्ट ने लोगों को डिपोर्ट करने को लेकर असम सरकार से ये भी पूछा कि क्या वो किसी मुहूर्त का इंतजार कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार को दो सप्ताह के भीतर हिरासत केंद्रों में रखे गए 63 लोगों को निर्वासित करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुयान की पीठ ने असम सरकार से कहा कि वह सीमावर्ती राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) को अपडेट करने की प्रक्रिया के दौरान विदेशी घोषित किए वर्तमान में हिरासत केंद्रों में बंद 63 लोगों को वापस भेजे।

## भाजपा का झंडा आन-बान-शान और प्रतिष्ठा का प्रतीक: बड़ौली

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय पंचकमल में 60 फुट ऊंचा पार्टी का झंडा लगाया और कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया। बड़ौली ने कहा कि पार्टी का झंडा हमारी आन-बान-शान और प्रतिष्ठा का प्रतीक है। इसी ध्वज के नीचे भाजपा के लाखों-करोड़ों कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और लगन से देश व समाज की सेवा में लगे हुए हैं। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संजय आहुजा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी नवीन गर्ग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक दल नहीं, एक विचार है, जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण और जन कल्याण है। पार्टी ने एक विचारधारा के साथ लंबी यात्रा की है, इसी का परिणाम है कि आज देश भर में कमल खिल रहा है और भाजपा का झंडा लहरा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने रखी है।

## अनिल विज नाराज नहीं, वे वरिष्ठ नेता है: सीएम नायब सैनी



**स्पष्ट किया**

**विज नाराज नहीं है। सरकार में जिसे जो जिम्मेदारी मिली है वो उसके अनुसार काम कर रहा है: सीएम**

**चंडीगढ़,4फरवरी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अपने खिलाफ कैबिनेट मंत्री अनिल विज के बयानों पर मंगलवार को पहली बार जवाब दिया।उन्होंने मीडिया के सवाल पर कहा कि विज नाराज नहीं है।वे पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विज नाराज नहीं है।वे पार्टी के वरिष्ठ नेता है। उन्होंने कहा सरकार में जिसे जो जिम्मेदारी मिली है वो उसके अनुसार काम कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि ऊर्जा,परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज लगातार सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के खिलाफ पोस्ट डाल रहे है।उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उड़नखटोले से नीचे नहीं उतर रहे। उतरो और विधायकों एवं मंत्रियों की बात सुनो।

**तारीफ** — यह उत्तराखंड सहित प्रत्येक राज्य के विकास को गति प्रदान करने में सहायक होगा

## विकसित भारत का दस्तावेज है बजट : प्रेमचंद




**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने केंद्रीय बजट को सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र पर आधारित, विकसित भारत निर्माण का दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखंड सहित प्रत्येक राज्य के विकास को गति प्रदान करने में सहायक होगा।

वित्त मंत्री ने मंगलवार को मीडिया कर्मियों से केंद्रीय बजट को लेकर बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह केवल एक वार्षिक वित्तीय दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश की आर्थिक दिशा, नीतियों और सामाजिक कल्याण पहलों को आकार देने का एक शक्तिशाली साधन है। पिछले 10 वर्षों में प्रत्येक बजट ने सुधार और विकास की रणनीतियों को परिभाषित किया है। उन्होंने कहा कि एक ओर वेतनभोगी, पेंशनर्स व मध्यम आय वर्ग प्रसन्न है, वहीं दूसरी ओर उद्योग, स्टार्टअप एवं पर्यटन का नई उम्मीद मिली है। अब 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पूरी तरह से टैक्स फ्री होगी, जिससे निम्न और मध्यम वर्ग के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सीनियर सिटिजन के लिए ब्याज से होने वाली कमाई पर टैक्स डिडक्शन (कटौती) को दो गुना करते हुए 1 लाख रुपये कर दिया है। वहीं, रेंट पर टीडीएस के लिए लिमिट 6 लाख कर दी गई है। बजट में आम जनता के लिए भी राहत की खबर है। लिथियम बैटरी, टीवी समेत इलेक्ट्रानिक प्रोडेक्ट, इलेक्ट्रानिक कारें, मोबाइल सस्ते होने की घोषणा हुई है। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्व-रोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 10,000

